सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 30 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 52, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

नोएडा हवाई अड्डे के परिचालन में धीमी वृद्धि के आसार

भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिचालन में धीमी वृद्धि के आसार हैं। } 10

निर्मला सीतारमण ने वैश्विक निवेशकों को किया आमंत्रित



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक निवेशकों को भारत में विनिर्माण आधार तथा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। } 12

उज्बेकिस्तान के साथ मजबूत होंगे रिश्ते

राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ वार्ता करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी



ताशकंद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को उज्बेकिस्तान पहुंचे। अपने दौरे के दौरान वह दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे।

राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने ताशकंद हवाई अड्डे पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। यह प्रधानमंत्री मोदी की उज्बेकिस्तान की चौथी यात्रा है। मोदी ने ताशकंद पहुंचने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के गर्मजोशी भरे स्वागत के बीच ताशकंद पहुंचा। उनके इस विशेष सम्मान के लिए आभारी हूं। उज्बेकिस्तान की यह मेरी चौथी यात्रा है, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों की गहराई को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहुंचने के बाद यांगी उज्बेकिस्तान पार्क का दौरा किया और स्वतंत्रता स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मिर्जियोयेव भी उनके साथ स्मारक तक गए। यह स्मारक देश की स्वतंत्रता की 30वीं वर्षगांठ पर स्थापित किया गया था और यह स्वतंत्रता एवं सद्भावना के आदर्शों का प्रतीक है। मोदी दो देशों उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान की यात्रा के पहले चरण ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत की सफलता और अंतरिक्ष क्षमता देखकर पूरा विश्व हैरान : राजनाथ

बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए रक्षामंत्री

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने शनिवार को दार्शनिक अंदाज में कहा कि यदि मन बड़ा नहीं है और दूसरों को देखकर ईर्ष्या होती है, तो यह मान लेना चाहिए कि आप पर ईश्वर की कृपा नहीं है।

सिंह ने कहा जब उपलब्धियां मूल्यों पर आधारित होती हैं तभी जीवन सार्थक होता है। जब शिक्षा केवल डिग्री दे लेकिन उससे चरित्र का विकास न हो तो ऐसी शिक्षा का कोई मूल्य नहीं है, वह अधूरी है। उन्होंने यहां बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में कहा पवित्र मन उसी का होता है, जिसका मन बड़ा होता है। छोटे मन का व्यक्ति कभी पवित्र मन का नहीं हो सकता। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। सिंह ने एक विदेशी अखबार द्वारा पूर्व में भारत को लेकर व्यंज में कार्टून बनाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की सफलता और अंतरिक्ष क्षमता देखकर हैरान है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन किसी चमत्कार से नहीं है बल्कि आप जैसे नौजवानों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की मेहनत, उनकी लगन से आया है। उन्होंने कहा कि सफलता की यात्रा अक्सर चार पड़ावों से होकर गुजरती है-पहले लोग आपको नजर अंदाज करते हैं, फिर आप पर हंसते हैं, फिर वह आपका विरोध करते हैं और अंत में वही लोग आपकी सफलता की तारीफ करते हैं। सिंह ने कहा, आपको भी ऐसे लोग मिलेंगे जो आपकी उपेक्षा करेंगे, आपका मजाक उड़ाएंगे और कहेंगे कि यह कैसे कर सकता है, आपके रास्ते में बाधाएं खड़ी करेंगे लेकिन आपको रुकना नहीं है, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना है।

रक्षा मंत्री ने कहा मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको सफल होने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती है। पिछले 12 वर्षों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं सुलभता बढ़ी है। शिक्षा के क्षेत्र में बदलावों और अच्छी योजनाओं का परिणाम है कि आज देश के नौजवान भौतिकी, गणित, जीवविज्ञान के ओलंपियाड में मेडल जीत रहे हैं, स्टार्टअप खड़ी कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

सीएसआईआर यूजीसी नेट के नतीजे घोषित

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा के परिणाम घोषित किये। एनटीए ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट जून 2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास के लिए पहचाना जाता है। सीएसआईआर और विविअनुदान आयोग विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान और अंतर-विषयक अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालयों के विभागों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और संस्थानों में कार्यरत विशेषज्ञ शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में शोध पद्धतियों के प्रशिक्षण के लिए शोध फेलोशिप प्रदान करते हैं। एनटीए ने शुक्रवार को 84 विषयों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के नतीजे घोषित किए थे।

बरेली : भाजपा नेता की चाकू घोंपकर हत्या

बरेली। जिले में रक्षाबंधन की देर रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई। वारदात सुभाष नगर थाना क्षेत्र में हुई, जिसके बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक के मुताबिक, घटना सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ स्थित मांझे वाली बगिया में हुई। मृतक की पहचान भाजपा मढ़ीनाथ मंडल ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष सचिन कश्यप के तौर पर हुई है। पारीक ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां से जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। इस बीच पुलिस सूत्रों के अनुसार, रक्षाबंधन की रात सचिन कश्यप बगिया के पास मौजूद थे और इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और उन्हें घेर लिया।

कानून से खिलवाड़ करने वालों की धज्जियां उड़ा देंगे :योगी

लोगों की सुरक्षा पर संकट पैदा करने वालों के लिए खुले हैं जेल और जहन्नुम के रास्ते

विशेष संवाददाता

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसी ने कानून से खिलवाड़ करने की तनिक भी कोशिश की तो उसकी धज्जियां उड़ाने में देर नहीं लगेगी। प्रदेश में लोगों की सुरक्षा पर जो भी संकट पैदा करेगा, उसके लिए जेल और जहन्नुम के रास्ते खुले हुए हैं। प्रदेश माफियामुक्त हो चुका है और कोई फिर सिर उठाएगा तो वह मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह सब तब संभव होता है जब खजाने में पैसा और अच्छी सरकार होती है।

सीएम योगी, शनिवार को वार्ड नंबर 80, राप्ती नगर के अंतर्गत बशारतपुर में नवनिर्मित कल्याण मंडपम सहित गोरखपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की 130.73 करोड़ रुपये की लागत वाली 170 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में उपद्रव, अराजकता या गुंडागर्दी नहीं है, बल्कि सर्वत्र सुरक्षा का माहौल है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से सुरक्षा के माहौल में हो रहे प्रदेश के विकास का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा जिन्हें विकास, रोजगार और उत्सवपूर्ण माहौल पसंद नहीं है, वे अब ...शेष पृष्ठ 10 पर

मिट्टी में मिल चुके हैं माफिया : मुख्यमंत्री



राकेश धर द्विवेदी

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कहा कि लखनऊ में बने जेपीएनआईसी (जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर) की प्रारंभिक लागत मात्र 200 करोड़ थी। सपा ने इस पर 864 करोड़ खर्च कर दिए, तब भी यह अधूरा रहा। यह पैसा सैफई सिंडिकेट का नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता का पैसा था। ये लोग जनता का पैसा पानी की तरफ बहाते थे। यदि अब सरकार उस पर पैसा लगाती तो कम से कम 150-200 करोड़ रुपये और खर्च होते। ये लोग... ...शेष पृष्ठ 10 पर

किसी भी बाढ़ पीड़ित को नहीं होने दी जायेगी परेशानी : सीएम



बलिया (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बलिया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद उन्होंने राहत सामग्री वितरित की। इस मौके पर उन्होंने कहा, मैं बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए आ रहा हूं। बांसडीह, बलिया और बैरिया क्षेत्रों में जहां कटान और जलप्लावन ...शेष पृष्ठ 10 पर

पांच साल से पुराने राजस्व मामलों का प्राथमिकता से करें निस्तारण

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व न्यायालयों में वर्षों से लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जमीन, संपत्ति और नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। तारीख पर तारीख की प्रवृत्ति हर हाल में बदलनी होगी। नायब तहसीलदार से लेकर राजस्व परिषद के न्यायालयों तक पांच वर्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीएनजी के दाम 3.89 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़े

नयी दिल्ली। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने शनिवार को दिल्ली में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमत में 3.89 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की। कंपनी ने इसके पीछे नए सिरे से उपजे पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य से गैस कार्गो की आवाजाही में आए व्यवधानों के चलते एलएनजी कीमतों में आई भारी तेजी का हवाला दिया।

इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमत पहले के 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86.98 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वृद्धि 29 अगस्त की सुबह छह बजे से प्रभावी है। इस वृद्धि के साथ इस साल दिल्ली में सीएनजी की कीमतों में कुल बढ़ोतरी लगभग 10 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। साल की शुरुआत में दिल्ली में सीएनजी की कीमत 77.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। मई में इसे चार किस्तों में कुल छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाया गया था, जिससे शनिवार की बढ़ोतरी से पहले कीमत 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी। नोएडा और गाजियाबाद जैसे आसपास के शहरों में भी कीमतें बढ़ाई गई हैं। अब नोएडा में सीएनजी की कीमत 95.59 ...शेष पृष्ठ 10 पर

नेपाल : अब तक 669 की मौत, भारत में बाढ़ का खतरा

राहत व बचाव अभियान के लिए तैनात किये गये 11 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी

एजेंसी



काठमांडू। मध्य नेपाल में और शव बरामद होने के बाद अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 669 हो गई है, जबकि आपदा के बाद लगभग 2,000 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

तलाश एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी रहने के दौरान, प्रभावित सभी आठ जिलों से शव बरामद किये गये। नेपाल-तिब्बत सीमा के निकट हिमनद के टूटने के बाद हिमस्खलन जैसी घटना से पानी, कीचड़ और मलबे का तेज बहाव नीचे की ओर आया, जिससे बुधवार को मध्य नेपाल में कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया और जलविद्युत केंद्रों को नष्ट कर दिया। नेपाल पुलिस के एक बयान के अनुसार, अब तक भोटेकोशी बाढ़ के पीड़ितों के 669 शव आठ जिलों से बरामद किए जा चुके हैं। बयान के मुताबिक, बचावकर्मियों ने चितवन से 248, नवलपरासी पूर्व से 158, नवलपरासी पश्चिम से 75 और गोरखा से 54 शव ...शेष पृष्ठ 10 पर

चित्रकूट में टूटा गोरगी बांध, उफनायी मंदाकिनी

चित्रकूट/कुशीनगर। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और कई इलाकों का संपर्क मुख्य मार्गों से टूट गया है। चित्रकूट में स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। मंदाकिनी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद रामघाट समेत आसपास के इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। उधर यूपी में कुशीनगर जिले के खड्डा इलाके में गंडक नदी से तीन शव बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को खड्डा के मदनपुर-सुकरौली इलाके में बैराज के तीसरे ...शेष पृष्ठ 10 पर

उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं की भरमार

हल्द्वानी में राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय के लिए सीएम धामी ने किया शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता



हल्द्वानी (उत्तराखंड)। उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं की भरमार है। पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं में ऊर्जा, सामर्थ्य और कठिन परिस्थितियों से जूझने का जज्बा है। इन क्षमताओं को खेल के माध्यम से सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पहाड़ के पानी और पहाड़ की जवानी का बेहतर उपयोग करने में खेल महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हल्द्वानी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही। मुख्यमंत्री ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर श्रद्धांजलि दी तथा हल्द्वानी में स्थापित किए जा रहे उत्तराखंड राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय के प्रथम चरण के निर्माण 43.50 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों का शिलान्यास किया। इसी कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पहले शैक्षणिक सत्र का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय केवल खेल शिक्षा प्रदान करने वाला संस्थान नहीं होगा, बल्कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को पहचानने, निखारने और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर संसाधन और विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध होने से राज्य के खिलाड़ियों को अपने गृह ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने पर मंथन (पृष्ठ-02)
- आज से दो स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन (पृष्ठ-02)
- जीएसटी परिषद की बैठक 12 सितंबर को (पृष्ठ-10)
- सिप्ला की बिक्री लाइसेंस को रद्द करने का आदेश वापस (पृष्ठ-10)
- बार को आत्ममंथन करने की जरूरत : नागरत्ना (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

आधार या वोटर आईडी दिखाकर साधारण बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी वृद्ध महिलाएं

बस यात्रा के लिए बुजुर्ग महिलाओं को स्मार्ट कार्ड जरूरी नहीं

विशेष संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को निशुल्क बस यात्रा की सुविधा देने के साथ ही पात्र लाभार्थियों को एक और बड़ी राहत दी है। अब महिलाओं को निशुल्क यात्रा का लाभ लेने के लिए विशेष स्मार्ट कार्ड का इंतजार नहीं करना होगा। पात्र महिला यात्री आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड दिखाकर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की साधारण श्रेणी की बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। यह व्यवस्था लोकमाता अहिल्याबाई मातृ शक्ति यात्रा योजना के तहत लागू की गई है।

परिवहन निगम के मुताबिक यात्रा के दौरान पात्र महिला यात्री को परिचालक को आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड दिखाना होगा। परिचालक दस्तावेज में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर उम्र का सत्यापन करेगा। पात्रता पूरी होने पर ईटीआईएम मशीन के माध्यम से शून्य मूल्य का टिकट जारी किया जाएगा। इसके लिए महिला यात्री से कोई किराया नहीं लिया जाएगा। निशुल्क यात्रा के बावजूद प्रत्येक पात्र यात्री के लिए टिकट जारी करना अनिवार्य किया गया है। टिकट में बस संख्या, यात्रा के प्रारंभिक और गंतव्य स्थान समेत अन्य जरूरी विवरण दर्ज होंगे। इससे प्रत्येक निशुल्क यात्रा का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा। परिवहन निगम के अनुसार यात्रा संबंधी डाटा एमआईएस/क्लाउड आधारित डाटा सर्वर पर उपलब्ध रहेगा। इससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने, यात्राओं की निगरानी करने और योजना से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। निशुल्क यात्रा की सुविधा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की साधारण श्रेणी की बसों के साथ-साथ अनुबंधित साधारण बसों में भी लागू होगी। पात्र महिलाओं को यात्रा के दौरान निर्धारित पहचान पत्र साथ रखना होगा, ताकि परिचालक उनकी उम्र और पात्रता का सत्यापन कर सके। परिवहन निगम पात्र लाभार्थी महिलाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

केरलम के सीएम का काफिला रोकने के आरोप में कांग्रेस नेता गिरफ्तार

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन का काफिला रोकने के आरोप में कांग्रेस के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। काफिला रोकने के संबंध में मामला दर्ज होने के बाद तिरुवनंतपुरम जिला कांग्रेस कमेटी के नेता अनिल कुमार उर्फ चेंथी अनी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर और अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने शुक्रवार शाम समाज सुधारक श्री नारायण गुरु के जयंती कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे सतीशन का काफिला रोक दिया।

अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कांग्रेस ने अनी को पार्टी से निकाल दिया। पुलिस के अनुसार, अनी के खिलाफ स्थानीय थाने में छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि रास्ते में, चेंथी में श्री नारायण गुरु का एक अन्य कार्यक्रम आयोजित कर रहे लोगों के एक समूह ने मुख्यमंत्री की गाड़ी को रुकने का इशारा किया। सतीशन उनके आग्रह पर गाड़ी से बाहर निकले और टेलीविजन फुटेज में कांग्रेस नेता अनी के साथ कथित तौर पर बहस करते दिखे। पुलिस ने बताया कि उस जगह कुछ मिनट बिताने के बाद सतीशन अपनी गाड़ी में लौटे और चले गए।

ज्ञान के साथ चरित्र और संस्कारआवश्यक : राजनाथ सिंह

बीबीएयू के दीक्षांत समारोह में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संकल्प, रक्षामंत्री ने विद्यार्थियों को दिखाया सफलता का मार्ग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में शनिवार को 11वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023, 2024, 2025 एवं 2026 के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संसद सदस्य (राज्यसभा) मिथिलेश कुमार, बीबीएयू के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल एवं बीबीएयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव मौजूद रहे। सर्वप्रथम कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया एवं सभी को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उपलब्धियां बतायी। इस दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को संजोए हुए दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन किया गया।

11वें दीक्षांत समारोह-2026 के अवसर पर मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि जीवन में बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मन को बड़ा रखना आवश्यक है। बड़े मन में व्यापक सोच और सकारात्मकता होती है, जिससे व्यक्ति परमानंद एवं वास्तविक सुख की अनुभूति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने मन को एक वृत्त (सर्किल) की तरह बताते हुए कहा कि जैसे-जैसे उसका दायरा बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे सुख और संतुष्टि का विस्तार होता जाता है। उन्होंने कहा कि भारत का ज्ञान और चिंतन इतना व्यापक एवं समृद्ध रहा है कि संत-महात्माओं ने सदियों पूर्व जिन विचारों और जीवन-मूल्यों की बात कही थी, आज पूरा विश्व उन्हें अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज भारत जो बोलता है, दुनिया उसे कान खोलकर सुनती है। रक्षामंत्री ने बताया कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय का नाम डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जैसे महान विचारक एवं समाज सुधारक से जुड़ा है, इसलिए यहां के विद्यार्थियों से अपेक्षाएं भी अधिक हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक शिक्षा वही है, जो व्यक्ति के हेड, हार्ट और हैंड अर्थात मस्तिष्क, हृदय और हाथ–तीनों का विकास करे। हेड से तार्किक एवं विवेकपूर्ण क्षमता का विकास हो, हार्ट में मानवीय संवेदनाएं हों और हैड के माध्यम से व्यक्ति अपने ज्ञान को व्यावहारिक कौशल में परिवर्तित कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कार के साथ संवेदनशीलता का होना आवश्यक है। विद्यार्थियों में राष्ट्र एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव होना चाहिए। उन्होंने उपलब्धियों की तुलना शून्य से करते हुए कहा कि चरित्र और संस्कार उस अंक के समान हैं, जिसके आगे शून्य जुड़ने पर उसका मूल्य कई गुना बढ़ जाता है इसलिए ज्ञान के साथ चरित्र, संस्कार और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता भी आवश्यक है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि उनकी कामना है कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय से ऐसे युवा निकलें, जो भारत के भविष्य की तस्वीर बदलने में सक्षम हों और केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने कहा कि संभावनाओं की दुनिया में डिग्री केवल एक एंट्री प्वाइंट है, जो यह बताती है कि हमारी यात्रा कहां से शुरू हुई है, यह नहीं कि उसका अंत कहां होगा। विद्यार्थियों को सबको साथ लेकर चलने की कला सीखनी होगी तथा चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता विकसित करनी होगी।



देश को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने में योगदान दे : ब्रजेश पाठक

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के साथ-साथ हमें अंकों की दौड़ से स्वयं को अलग करना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से अर्जित ज्ञान का उद्देश्य केवल उपाधि प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसा कार्य करना होना चाहिए, जो समाज के हित में हो और देश को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने में योगदान दे। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, कौशल एवं प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करते हुए भारत की वैश्विक पटल पर एक सशक्त पहचान स्थापित करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

विद्यार्थियों को प्रदान की गयी उपाधियां : 11वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर शैक्षणिक वर्ष 2023, 2024, 2025 एवं 2026 के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गयी। रक्षामंत्री, अन्य सम्मानित अतिथि एवं कुलपति द्वारा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शैक्षणिक वर्ष 2023 में बृजेश गुप्ता (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), प्रियांशु (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), सोनम वर्मा (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), जागृति सिंह (एम.एससी. लाइफ साइंसेज) एवं रचार्ला ओजस्विथा राव (एम.एससी एग्रीकल्चर) को स्वर्ण पदक पहनाकर एवं उपाधि देकर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2024 में हर्षिता पाठक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), अवंतिका कुमारी बी.एससी. (ऑनर्स) (जियोलॉजी), प्राची गुप्ता (एम.एससी, मैथमेटिक्स), के.एम. प्रतिभा वर्मा एम.एससी. (लाइफ साइंसेज) एवं शैक्षणिक वर्ष 2025 में स्तुति कुमारी बी.एससी. (फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी), अभिषेक कुमार बी.टेक. (कंप्यूटर इंजीनियरिंग) नंदिनी शर्मा (एम.एससी, मैथमेटिक्स), आस्था प्रियदर्शिनी इंटीग्रेटेड (बी.एससी. एम.एससी, बेसिक साइंसेज) साथ ही शैक्षणिक वर्ष 2026 के शुभम यादव बी.टेक. (कंप्यूटर इंजीनियरिंग), आनंद कुमार बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), गोनुगुंटला गोपी कृष्णा एम.एससी. (हॉर्टिकल्चर), वेजिटेबल साइंस, जिज्ञासा एम.एससी. (फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी) को स्वर्ण पदक एवं उपाधि के साथ सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. देवेश कुमार को डीएससी की उपाधि प्रदान की गयी। दीक्षांत समारोह में आरडी सोनकर पुरस्कार के अंतर्गत भी विभिन्न वर्षों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें शैक्षणिक वर्ष 2023 के ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (एम.ए समाजशास्त्र), वर्ष 2024 की शिवांगी (एम.ए इतिहास), वर्ष 2025 की सोनी निर्मल (एम.ए, इतिहास) तथा शैक्षणिक वर्ष 2026 की प्रभा चंद्र (एम.ए, इतिहास) शामिल हैं। इसके अलावा दीक्षांत समारोह के द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को उनके संबंधित विभागों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर चारों वर्षों के गोल्ड मेडलिस्ट, पीएचडी शोधार्थियों सहित अन्य विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट सदस्य, अकेडमिक काउंसिल सदस्य, विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, गैर शिक्षण कर्मचारी, अभिभावक, उपाधि प्राप्तकर्ता एवं अन्य शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



फ्रेगरेंस पार्क से लखनऊ की खूबसूरती में जुड़ी नयी खुशबू : रक्षामंत्री

लखनऊ। चौक क्षेत्र में शनिवार को शहरवासियों को हरियाली, सुगंध और सुकून से भरे नए सार्वजनिक स्थल की सौगात मिली। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने एलडीए और एनबीआरआइ की ओर से विकसित फ्रेगरेंस पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्क परिसर में पंजाब केसरी लाला लाजपत राय और शहीद-ए-आजम भगत सिंह की आदमकद प्रतिमाओं का अनावरण भी किया गया। साथ ही करीब 43 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को लखनऊ में फ्रेगरेंस पार्क का उद्घाटन किया और कहा कि आधुनिक शहरों का निर्माण ऐसे स्थानों के विकास से होता है, जहां लोग प्रकृति से जुड़ सकें और बेहतर जीवन-गुणवत्ता का अनुभव कर सकें। उन्होंने कहा, एक वास्तव में आधुनिक शहर वह है, जहां सुविधाओं के साथ विश्राम, मनोरंजन और प्रकृति से जुड़ाव के लिए भी स्थान हों।

उन्होंने कहा कि पार्क केवल किसी शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए ही महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि वे महत्त्वपूर्ण सामाजिक अवसंरचना के रूप में भी काम करते हैं। पार्क और सार्वजनिक स्थान लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं। आज की व्यस्त जीवनशैली में ऐसे स्थान सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करते हैं। रक्षा मंत्री ने बताया कि इस पार्क का नाम लाला लाजपत राय जी के नाम पर रखा गया है, जबकि यहां शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि यह देश की सामूहिक स्मृति को जीवित रखने और भावी पीढ़ियों को प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से परिचित कराने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि पार्क में आने वाले बच्चे अपने माता-पिता से लाला लाजपत राय के बारे में पूछेंगे और इसी प्रक्रिया में वे महान स्वतंत्रता सेनानी के जीवन और योगदान के बारे में जानेंगे। इसी प्रकार, भगत सिंह की प्रतिमा युवाओं को उनके साहस और भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदान के बारे में जानने के लिए प्रेरित करेगी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि लाला लाजपत राय और भगत सिंह अलग-अलग पीढ़ियों से थे, लेकिन दोनों राष्ट्र के प्रति समर्पण और भारत की स्वतंत्रता के साझा लक्ष्य से जुड़े हुए थे। उन्होंने पार्क में दोनों की मौजूदगी को दो पीढ़ियों के बीच एक प्रतीकात्मक संवाद बताया। एक पीढ़ी वर्षों के संघर्ष से प्राप्त अनुभव, नेतृत्व और परिपक्वता का प्रतिनिधित्व करती है, जबकि दूसरी पीढ़ी भारत के युवाओं की ऊर्जा, साहस और निडरता को दर्शाती है।



● पार्क में लालालाजपत राय व भगत सिंह की प्रतिमा हुई स्थापित

बौद्धिक नक्सलवाद से सतर्क रहे समाज : राजनाथ सिंह ने कहा कि अनुभव और युवा ऊर्जा का संयोजन राष्ट्र-निर्माण के लिए समान रूप से महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चाहे मिलेनियल्स या जेन-जी, बेबी बूमर्स या जेन-एक्स हों, हर पीढ़ी की देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज भारत एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और संवैधानिक गणराज्य होने के साथ-साथ एक कल्याणकारी राज्य भी है। हालांकि, इन उपलब्धियों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता और उत्तरदायित्व की भावना आवश्यक है। उन्होंने उन शक्तियों के प्रति सावधान किया, जो सामाजिक विभाजनों और संकीर्ण हितों का फायदा उठाकर देश को कमजोर करने का प्रयास करती हैं। बौद्धिक नक्सलवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी प्रवृत्तियां दीमक की तरह चुपचाप काम कर सकती हैं और समाज को इनके प्रति सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से भारत को अर्थव्यवस्था, ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

चंदन का पौधा रोपा, विभाजन की त्रासदी पर लघु फिल्म प्रदर्शित : कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पार्क परिसर में चंदन का पौधा रोपा। इसके बाद बटन दबाकर लाला लाजपत राय और भगत सिंह की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। फ्रेगरेंस पार्क में एनबीआरआइ की ओर से विभिन्न प्रकार के सुगंधित एवं औषधीय पौधे लगाए गए हैं। इससे पार्क क्षेत्रवासियों के लिए हरित, सुगंधित और स्वास्थ्यवर्धक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। समारोह में भारत विभाजन की 80 वर्ष पूर्व हुई मानवीय त्रासदी पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। इसमें विभाजन के दौरान विस्थापन और पीड़ा झेलने वाले परिवारों के संघर्ष को दर्शाया गया। इसके अलावा लखनऊ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर एलडीए की ओर से तैयार लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आए परिवारों के सदस्यों का अभिनंदन किया।

भोजपुरी भाषा को संवैधानिक दर्जा देने की मांग

लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता प्रभु नाथ राय अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर लखनऊ में छठ घाट का निर्माण, छठ महापर्व राष्ट्रीय अवकाश, राष्ट्रीय भोजपुरी अकादमी का गठन, तथा भोजपुरी भाषा को संवैधानिक दर्जा देने की मांग सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम यतन यादव, वेद प्रकाश राय राष्ट्रीय सचिव, मनोज सिंह राष्ट्रीय महासचिव, सलाहकार मनोज राय, उपेंद्र कुमार, विक्रम कुशवाहा, कपिल देव कुशवाहा, अंगद राम ओझा, सुनीता राय, अवधेश, संजय सिंह, सुनील सिंह सहित कई समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



श्रीराम सीनियर सिटिजन होम का रक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

राजधानी के गोमतीनगर स्थित विशाल खंड में शनिवार को श्रीराम सीनियर सिटिजन होम का रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने उद्घाटन किया। वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित इस केंद्र का उद्देश्य बुजुर्गों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, संस्थापक एसी शुक्ला, उमा शुक्ला समेत शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। श्रीराम सीनियर सिटिजन होम इसी सोच को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को केवल सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण ही नहीं, बल्कि ऐसा माहौल भी मिलना चाहिए, जहां वे अकेलेपन से दूर रहकर स्वस्थ, सक्रिय और सम्मानजनक सामाजिक जीवन व्यतीत कर सकें। श्रीराम सीनियर सिटिजन होम में वरिष्ठ नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। यहां सुसज्जित कमरे, डाइनिंग एरिया, कॉमन रूम और गार्डन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बुजुर्गों की देखभाल और आवश्यक सहयोग के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की भी व्यवस्था की गई है।

खेलो इंडिया योजना 2026-31 पर साई एनएसआरसी लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने पर मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केन्द्र (एनएसआरसी), लखनऊ द्वारा शांति नगर, कानपुर रोड, लखनऊ स्थित परिसर में खेलो इंडिया योजना 2026-31 पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को आत्मप्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी), साई एनएसआरसी लखनऊ ने संबोधित किया। उन्होंने वर्ष 2026-31 के लिए खेलो इंडिया योजना की परिकल्पना, उद्देश्यों और प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं उन्हें निखारने, खेल अवसरों में सुधार तथा युवा खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में ललित उपाध्याय, पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी एवं ओलंपियन, अर्जुन पुरस्कार विजेता, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा किए तथा युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, बेहतर खेल अवसंरचना और संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकारों ने अधिकारियों के साथ खेलो इंडिया योजना 2026-31 के विभिन्न पहलुओं, इसके क्रियान्वयन, खिलाड़ियों के विकास तथा उत्तर प्रदेश एवं देशभर में योजना के प्रभाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया।

राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के अंतर्गत महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके भारतीय खेलों में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया। इसके बाद साई एनएसआरसी के खिलाड़ियों द्वारा हॉकी प्रदर्शनी मैच खेला गया, जिसमें युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों एवं साई अधिकारियों के बीच एक मैत्रीपूर्ण हॉकी मैच का भी आयोजन किया गया। इस मैच ने औपचारिक कार्यक्रमों से इतर पत्रकारों एवं अधिकारियों के बीच संवाद, सहभागिता और सौहार्द को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं इसके सुचारू संचालन के लिए आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की।

आत्मप्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी), लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सिंह, निदेशक, मनीष कुमार, सहायक निदेशक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं राष्ट्रीय खेल दिवस से संबंधित गतिविधियों के सफल आयोजन में टीम के समर्पित प्रयासों की प्रशंसा की।

दो आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन आज से

लखनऊ। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने 30 अगस्त को दो एकतरफा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, इनमें गाड़ी संख्या 04213 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल तथा गाड़ी संख्या 04217 वाराणसी-नई दिल्ली शामिल हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक समर्थ गुप्ता के अनुसार गाड़ी संख्या 04213 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल दिनांक 30 अगस्त को अयोध्या कैंट से 18:20 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन बाराबंकी में 19:48 बजे आगमन एवं 19:50 बजे प्रस्थान, लखनऊ में 20:45 बजे आगमन एवं 20:55 बजे प्रस्थान, बरेली में 00:48 बजे आगमन एवं 00:50 बजे प्रस्थान, मुरादाबाद में 02:40 बजे आगमन एवं 02:50 बजे प्रस्थान, हापुड़ में 04:08 बजे आगमन एवं 04:10 बजे प्रस्थान तथा गाजियाबाद में 05:10 बजे आगमन एवं 05:12 बजे प्रस्थान करते हुए आनंद विहार टर्मिनल में 06:00 बजे आगमन करेगी इसी क्रम में गाड़ी संख्या 04217 वाराणसी-नई दिल्ली दिनांक 30.08.2026 को वाराणसी से 15:40 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ में 17:25 बजे आगमन एवं 17:30 बजे प्रस्थान, रायबरेली जंक्शन में 18:50 बजे आगमन एवं 18:52 बजे प्रस्थान, लखनऊ में 21:05 बजे आगमन एवं हापुड़ में 04:28 बजे आगमन एवं 04:30 बजे प्रस्थान तथा गाजियाबाद में 05:30 बजे आगमन एवं 05:32 बजे प्रस्थान करते हुए नई दिल्ली में 06:45 बजे आगमन करेगी।

नेपाल सीमा से लगे जिलों में विशेष सतर्कता

लखनऊ। नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को इन क्षेत्रों में फ्लू एवं बुखार के मामलों की प्रभावी निगरानी करने को कहा गया है। साथ ही नेपाल अथवा उत्तर प्रदेश से आने वाले प्रत्येक मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सहायता और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को अस्पतालों में मास्क, हाथों की स्वच्छता और खांसी के शिष्टाचार के प्रति मरीजों एवं तीमारदारों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है और फ्लू की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

आईआरसीटीसी का 2 ज्योतिर्लिंग के साथ महेश्वर-मांडू हवाई टूर, 20 सितंबर से

लखनऊ। यात्रियों की मांग पर। IRCTC लखनऊ से 2 ज्योतिर्लिंग के साथ महेश्वर, मांडू और इंदौर का हवाई टूर पैकेज लेकर आया है। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यह पैकेज 4 रात 5 दिन का होगा। यात्रा 20 से 24 सितंबर तक होगी, इसमें लखनऊ से इंदौर आना-जाना फ्लाइट से होगा। उज्जैन में महाकालेश्वर, चिंतामन गणेश, हरसिद्धि, मंगलनाथ, ओंकारेश्वर में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, महेश्वर में अहिल्या किला, नर्मदा घाट, मांडू में जहाज महल, हिंडोला महल और इंदौर में पितृ पर्वत, खजराना गणेश मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। ठहरने व खाने की व्यवस्था श्री स्टार होटल में होगी। किराया एक व्यक्ति पर 48,500 रु., दो पर 42,500 रु., तीन पर 40,300 रु. प्रति व्यक्ति। बच्चों के लिए 36,100 रु. बेड सहित और 19,500 रु. बिना बेड के। बुकिंग पहले आओ-पहले पाओ पर होगी।

सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्रतिबद्धता

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव, हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता और शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने और जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक वह खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की समस्या का पारदर्शी समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। इन लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए, सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।



सीएम ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ लोग पारिवारिक विवादों के मामले भी लेकर आए थे। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पारिवारिक विवादों में सर्वप्रथम सबंधित पक्षों के बीच संवाद कराने की पहल की जाए।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से पूड़ी-गुड़ खिलाया।

बेटियों के सपनों को पंख दे रही डबल इंजन सरकार : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षाबंधन केवल रक्षा सूत्र बांधने का पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास, सम्मान, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

करीब 15 करोड़ राखियों के जरिए स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पियों और दुकानदारों की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिल रही है। राखी की खरीद से होने वाला खर्च कारीगरों तक पहुंचकर बाजार में लौटता है और आर्थिक विकास को मजबूती देता है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को ह्यबिटिया और बहना-यूपी का गहना स्नेहबंधन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के जरिए बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज बेटियां भयमुक्त होकर शिक्षा हासिल कर रही हैं और रोजगार समेत विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। योगी ने कहा कि प्रदेश में करीब 1.60 करोड़ बच्चों को हर वर्ष दो यूनिफॉर्म, बैग, किताबें, जूते-मोजे और स्वेटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को 12वीं तक विस्तारित किया जा रहा है और प्रदेश के सभी 825 विकासखंडों में विद्यालयों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि लखनऊ स्थित कैप्टन मनोज पांडे सैनिक स्कूल में 2018 से बेटियों को प्रवेश दिया गया। इसके बाद देश के सभी सैनिक स्कूलों में बेटियों के लिए अवसर खुले हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रदेश में महिलाओं की रोजगार भागीदारी करीब 12 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक हो गई है। कामकाजी महिलाओं के लिए बड़े शहरों में निःशुल्क छात्रावासों के निर्माण की पहल भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर 27 से 29 अगस्त तक महिलाओं को परिवहन निगम और नगरीय बस सेवाओं में एक सहयात्री के साथ निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। साथ ही 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा लागू की गई है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार बेटियों के साथ मजबूती से खड़ी है।

बेटियों की मुस्कान से खिल उठा मुख्यमंत्री आवास का 'आंगन'

● रक्षाबंधन पर 'बिटिया और बहना-यूपी का गहना' स्नेह बंधन कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री आवास का आंगन बेटियों की चहलकदमी से शुक्रवार को उस समय खिलखिला उठा, जब 'बिटिया और बहना-यूपी का गहना' स्नेह बंधन कार्यक्रम एक अविस्मरणीय आयोजन बन गया। स्कूली बच्चियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कलाई पर स्नेह की डोर बांधकर भरोसे और विश्वास का रिश्ता प्रदर्शित किया तो मुख्यमंत्री ने भी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का संकल्प दोहराया।

रक्षाबंधन पर शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को बच्चियों ने राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह का भाव प्रकट किया। तो सीएम ने भी बच्चियों से आत्मीय संवाद करते हुए उन पर स्नेह बरसाया। उन्हें आशीर्वाद व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समूचा माहौल भावुकता और अपनत्व से भर गया। संवाद के दौरान भी बच्चियों के चेहरे पर मुख्यमंत्री के प्रति स्नेह, अपनत्व व विश्वास झलक रहा था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन केवल भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने का पर्व नहीं, बल्कि यह श्रद्धा, प्रेम, विश्वास, जिम्मेदारी और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

सरकार बहनों

संक्षेप

दुष्कर्म का वांछित धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को सांगीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सांगीपुर थाने के दरोगा अतुल तिवारी पुलिस बल के साथ शनिवार को गश्त पर निकले थे। इसी दौरान दुष्कर्म पास्को एक्ट के मुकदमें के आरोपी दखिनहन का पुरवा नौबस्ता निवासी राकेश गौड़ पुत्र रामनाथ गौड़ को डभियार तिराहा के पास से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

मिर्जा इब्राहिम बेग गोल्ड मेडल से सम्मानित

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र के रौनाही गांव निवासी मिर्जा आबिद बेग का पुत्र मिर्जा इब्राहिम बेग कक्षा दो को स्पोर्ट्स डे पर सीएमएस लखनऊ चौक की शाखा में गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिर्जा इब्राहिम बेग को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर मिर्जा खालिद बेग, पूर्व प्रधान मिर्जा शाहिद बेग उर्फ बब्लू प्रधान मिर्जा माजिद बेग समेत अन्य सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत

बीकापुर-अयोध्या। सड़क दुर्घटना में वृद्ध अधिवक्ता की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकापुर तहसील क्षेत्र के डेहरियांवा पूरे नौसड़िया निवासी 72 वर्षीय राम प्रकाश तिवारी एडवोकेट शनिवार को दोपहर अपने नाती के साथ स्कूटी से डेहरियांवा के पास सड़क पार कर रहे थे की उन्हें एक बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना भयानक था कि वह ऊपर उछलते हुये काफी दूर जा गिरे। घटना को देख रहे स्थानीय लोग जब तक घटनास्थल पर पहुंचते तब तक टक्कर मारने वाला बोलेरो चालक बोलेरो लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायल एडवोकेट राम प्रकाश तिवारी को इलाज के लिए सीएससी बीकापुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सौगात

इटावा। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर रक्षाबंधन के पावन अवसर पर महिलाओं को तीन दिनों तक निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की गई। इस सुविधा का जनपद इटावा में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों एवं बेटियों ने लाभ उठाया और अपने गंतव्य तक निःशुल्क यात्रा की। रक्षाबंधन के अवसर पर मिली इस सुविधा से महिलाओं में खुशी का माहौल रहा। महिलाओं ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निःशुल्क यात्रा की सुविधा से उन्हें अपने भाइयों तक पहुंचने और रक्षाबंधन का पर्व परिवार के साथ मनाने में काफी सहूलियत मिली।

तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

इटावा। थाना कोतवाली पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देशन में की गई। 29 अगस्त को थाना कोतवाली पुलिस भ्रमणशील थी। इसी दौरान मिली आपराधिक अभिसूचना के आधार पर तलैया मैदान, ढाल पुरविया टोला के पास से साहिल पुत्र रानू निवासी रामगंज ढाल, उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

खेल प्रतियोगिताओं का हुआ भव्य शुभारंभ



श्रावस्ती। राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला खेल कार्यालय एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रावस्ती के तत्वावधान में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 29 से 31 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

तीन दिवसीय खेल आयोजन के अंतर्गत हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबॉल एवं संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद तथा वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा किया गया। हॉकी प्रतियोगिता में जनपद की कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान

राष्ट्रीय खेल दिवस

विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

हॉकी प्रतियोगिता में अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज, भिनगा, श्रावस्ती की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रावस्ती की टीम को उपविजेता घोषित किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों ने सराहना की।

इस अवसर पर डीएम ने खिलाड़ियों को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन, उनकी खेल उपलब्धियों तथा देश के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी अद्भुत खेल प्रतिभा के बल पर भारत का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया और आज भी वे देश के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के महान स्रोत हैं। जिलाधिकारी महोदया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर मेहनत और नियमित अभ्यास करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि युवा खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपनी प्रतिभा के माध्यम से जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें।

एक्सपायरी इंजेक्शन को लेकर जांच टीम पहुंचने से हड़कंप

प्रतापगढ़। एसडीएम की बीमारी बेटी को ट्रामा सेण्टर में एक्सपायरी इंजेक्शन लगाए जाने को लेकर शनिवार को जिले की विभागीय टीम जांच प्रक्रिया तेजी के साथ शुरू करती दिखी। सीएमओ के निर्देश पर जिले के उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.श्याम भार्गव व डॉ. सबीब हैदर ने दवाओं के स्टाक के सापेक्ष उपलब्धता का सत्यापन किया। शुक्रवार की रात जांच दल ने ट्रामा सेण्टर के स्टोर रूम को सीज कर दिया था। जांच टीम के सामने स्टोर रूम का ताला खुलवाया गया। हालांकि जांच के दौरान स्टोर रूम में दवाओं की वैधता सही पायी गयी। जांच टीम ने अधीक्षक डा0 अरविंद गुप्ता से एक्सपायरी इंजेक्शन को लेकर पूछतांछ भी की। वहीं एसडीएम ने भी अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर डीएम को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भी भेजी है। जांच टीम को लेकर ट्रामा सेंटर से सीएचसी तक स्वास्थ्यकर्मियों में हडकंप का माहौल दिखा। इसके बाद टीम ने एसडीएम वाचस्पति सिंह से भी उनके सरकारी आवास पर पहुंचकर बातचीत की।

एसडीएम ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए जांच टीम से दोषी चिकित्साकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

- एसडीएम ने लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की संस्तुति की

एसडीएम इस बात पर नाराज दिखे कि इस प्रकार की असावधानी से मरीज के साथ हादसा संभावित हुआ करता है। हालांकि एसडीएम ने चिकित्सा टीम को बेटी के स्वास्थ्य में सुधार होने की भी जानकारी दी। इधर लापरवाही को लेकर निलंबित हुए फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे तथा फार्मासिस्ट अरविंद शुक्ला को जिला मुख्यालय पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में सम्बद्ध किया गया है। बतादें शुक्रवार की शाम लालगंज एसडीएम की आठ वर्षीया बेटी श्रेयशी को बुखार के कारण ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसे लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों ने ड्रिप में एक्सपायरी इंजेक्शन दे दिया था। एसडीएम के साथ मौजूद एक सहयोगी की नजर पड़ी तब वह हतप्रभ हो गया। जानकारी मिलते ही नाराज एसडीएम ने सीएमओ को फोन कर लापरवाही की जानकारी दी। इस पर सीएमओ डा0 एएन प्रसाद ने देर रात दोनों फार्मासिस्टों को निलंबित कर दिया। सीएमओ ने पूरे मामले में जांच बैठायी है। इधर अधीक्षक डॉ. अरविंद गुप्ता का कहना है कि एक्सपायरी दवाओं को पैकेट बंद कर कलेक्शन टीम को दे दिया जाता है। वह टीम इन दवाओं को नष्ट कराया करती है।

खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



फोटो-01 विजेता टीम को शील्ड प्रदान करते आयोजक

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय खेल दिवस पर शनिवार को नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कबडडी के बालिका वर्ग में पुलिन फाउण्डेशन लीलापुर साहबगंज की टीम प्रथम स्थान पर रही। दूसरा स्थान सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कालेज की बालिकाओं को मिला। वहीं कबडडी के बालक वर्ग में शंकर कालेज कटैया एवं दूसरा स्थान सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कालेज को हासिल हुआ। इसके अलावा योग व्यायाम की प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। विजेता व उप विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया गया। खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 अमित कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का हौंसला आफजाई किया। प्राचार्य ने विजेता व उप विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 रविकांत कौशल एवं डॉ0 प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। महाविद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने विजेता व उप विजेता टीम को शुभकामनाएं सौंपी।

अजगरा महान संवाद में प्रतिभागियों ने नैतिकता से जुड़े मुद्दों का तलाशा समाधान, हुआ मंथन



प्रतापगढ़। अजगरा महान संवाद को लेकर शनिवार को नगर पंचायत सभागार में विभिन्न वार्डो के प्रतिभागियों के बीच हुई परिचर्चा में घंटो मंथन हुआ दिखा। संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व ईओ इन्द्र प्रताप ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में संस्कृत विद्वान डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय, डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री व भगवताचार्य विनय शुक्ल ने नैतिक मूल्यों की संरक्षा में भगवान श्रीकृष्ण के बतलाये गये मार्गो को श्रेष्ठ कहा। प्रतिभागी अंजनी अमोघ, जेपी पाण्डेय, अनूप प्रतापगढ़ी, बृजेश द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, मुकेश तिवारी, सईद, बेलाल रहमानी, प्रांजल शुक्ला, पूर्वा शुक्ला, आकांक्षा यादव, निधि तिवारी, प्रियांशी पाण्डेय, उमंग तिवारी, आदि ने निर्णायक मण्डल द्वारा अजगरा महान से जुड़े प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया। निर्णायक मण्डल की डॉ0 पूनम ओझा, डॉ0 शालिनी बाला सिंह, राजीव सिंह, वंदना मिश्रा व कंचन सिंह ने संवाद कार्यक्रम में प्रतिभागियों के प्रस्तुतिकरण को सराहा। कार्यक्रम का संयोजन अरविंद मिश्र व विकास तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अनिकेत दुबे, रोहित मिश्र, अरविंद तिवारी, अनिल त्रिपाठी, विपिन शुक्ल, शेरू खां, आशीष कौशल आदि रहे।

एसडीएम से जलनिकासी की समस्या पर शिकायत

प्रतापगढ़। जल निकासी के लिए गांव मे बनी नाली को पाट देने का आरोप लगाते हुए पीडित ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से शिकायत की है। विकासखण्ड सांगीपुर के नसीरपुर गांव में बनी नाली को पाट दिये जाने से जलभराव की समस्या बन गयी है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के ओमप्रकाश यादव, आशीष सरोज, मो0 शरीफ, लाल मोहम्मद आदि ने उप डीएम लालगंज वाचस्पति सिंह को शिकायती पत्र देकर समस्या के निदान की मांग की है।

मोना ने अधिवक्ताओं समेत बड़ी संख्या में भाइयों की कलाई में बांधी राखी



प्रतापगढ़। रक्षाबंधन के पर्व पर बडी संख्या में कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना से मिलकर राखी बंधवायी। विधायक मोना ने इन्हें रक्षा सूत्र सौपते हुए विकास तथा सुरक्षा के क्षेत्र में संकल्प के प्रति अनवरत सहयोग बनाए रखने को कहा। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा विधायक आराधना मिश्रा मोना से राखी बंधवाई गयी। अधिवक्ताओं ने जनसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को बुकें व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया। विधायक मोना से राखी बंधवाये जाने के लिए युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर एआईएमटी के निदेशक अम्बिका मिश्र, राघव मिश्र, नंदजा मिश्रा, सांसद प्रमोद तिवारी के निजी सचिव अरूण पाण्डेय, रोहित शुक्ला, भुवनेश्वर शुक्ला, नितिन मिश्र आदि मौजूद रहे।

काव्यपाठ में बही साहित्य रसधार याद किये गये भगवान शास्त्री

प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के कंजास गांव में संस्कृत विद्वान भगवान शास्त्री की स्मृति में विचारगोष्ठी एवं काव्य पाठ का आयोजन हुआ। समाजसेवी रामलखन चतुर्वेदी के संयोजन में आयोजित काव्यपाठ का शुभारंभ अमेठी के डॉ0 केसरी शुक्ल की सरस्वती वंदना से हुआ। कवि शिवभान कृष्ण की कविता खुद को नीलाम करते हैं तो चार पैसे कमा के लाते हैं ने वाहवाही बटोरी। कवि केसरी शुक्ल की रचना क्यूं पढ़ूं किताब कोई मां के सामने, वहीं मेरी गीता वही मेरा कुरान है तथा अनूप अनुपम की कविता बिना पिता के कैसा जीवन तुम यह समझ न पाओगे ने तालियां बटोरी। संयोजक कवि अंजनी अमोघ ने फंसे हों मझधार में तो पिता नाव बन जाते हैं, जिंदगी के कठिन सफर में पांव बन जाते हैं ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गजलकार डॉ0 अनुज नागेन्द्र, श्याम शंकर पाण्डेय, विनोद की रचनाओं ने भी काव्यपाठ के जरिए लोगों का समर्थन बटोरा। वहीं कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा संस्कृत विद्वान भगवान शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर स्मृति को नमन किया गया। भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, राणा सूबेदार सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। सह संयोजक वेद प्रकाश चतुर्वेदी ने साहित्यकारों तथा समाज के निर्माण में योगदान देने वालों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सत्यप्रकाश चतुर्वेदी, आनंद पाण्डेय, कामता तिवारी, धनंजय मिश्र, अभिषेक पाण्डेय, नीरज तिवारी, विजय चतुर्वेदी, राजीव सिंह, संजय शुक्ल, सर्वेश शुक्ल, बृजबिहारी मिश्र, मंगल पाण्डेय, उदयराज मिश्र, शिवशंकर तिवारी, लल्लू शुक्ला, सालिकराम उपाध्याय, उदयशंकर आदि रहे।

फीडर पर एसएसओ की बिगड़ी तबीयत, राखी बंधवाने जा रहा कर्मचारी लौटकर संभाली ड्यूटी

जसवंतनगर, इटावा। रक्षाबंधन के त्योहार के बीच विजली उपखंड कार्यालय के नगर फीडर पर तैनात एसएसओ की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही जेई कौशल पाण्डेय ने तत्काल उन्हें निजी अस्पताल भिजवाया और निर्बाध विजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए दूसरे एसएसओ को फीडर पर तैनात कर दिया। खास बात यह रही कि नया एसएसओ अपनी बहन के घर राखी बंधवाने जा रहा था, लेकिन ड्यूटी की सूचना मिलते ही वह आधे रास्ते से वापस लौट आया। जानकारी के अनुसार, कैस्त स्थित नगर विजली फीडर पर कार्यरत एसएसओ आशीष कुमार को अचानक तेज सिरदर्द, उल्टियां और चक्कर आने लगे। हालत बिगड़ने की सूचना मिलते ही जेई कौशल पाण्डेय ने रवि, कुलदीप, जितेंद्र व अन्य कर्मचारियों के सहयोग से उन्हें तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया। इधर, बिजली आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए जेई ने धरवार निवासी एसएसओ दीपक कुमार को तत्काल फीडर का कार्यभार संभालने के निर्देश दिए। उस समय दीपक कुमार अपनी बहन के यहां राखी बंधवाने जा रहे थे। ड्यूटी की सूचना मिलते ही उन्होंने रास्ते से वापस लौटकर सीधे फीडर पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया।

बहन ने फीडर पहुंचकर बांधी राखी

दीपक कुमार के ड्यूटी पर लौटने की जानकारी मिलने पर उनकी बहन ने भी भाई के कर्तव्य को प्राथमिकता दी। वह फीडर पर पहुंचीं और वहीं अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी। रक्षाबंधन के दिन भाई-बहन और कर्तव्यनिष्ठा का यह दृश्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। नगरवासियों ने जेई कौशल पाण्डेय और एसएसओ दीपक कुमार की तत्परता की सराहना की। वहीं अस्पताल में भर्ती आशीष कुमार के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बताया गया कि आशीष कुमार का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

जुलूसे मोहम्मदी में शामिल झांकियों, सजावट करने वालों को किया सम्मानित



- जुलूस ईद मीलादुन्नबी कमेटी उर्दू मोहल्ला की ओर से हुआ सम्मान समारोह

इटावा। जुलूस ईद मीलादुन्नबी कमेटी उर्दू मोहल्ला की ओर से अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाईस्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल होने वाली झांकियां चौकियां एवं गेट सजाने वालों को शील्डें वितरित कर सम्मानित करते हुए उनकी हौसला अफजाई करी गई।

सम्मान समारोह का शुभारंभ कारी शहबाज अनवर कादरी ने कुरान पाक की तिलावत से किया। जुलूस कमेटी अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने कहा की शहर की तमाम अंजुमन कमेटियो ने मेहनत से शहर में जगह जगह गेट सजाकर और जगह जगह जुलूस का स्वागत किया। तमाम कमेटियों द्वारा खूबसूरत थमाकौल से बनाई गई मक्का मदीना की झांकियां जुलूस में शामिल की गईं और जुलूस की खूबसूरती में चार चांद लगाए। इस मौके पर जुलूस कमेटी अध्यक्ष कुँवर रफत अली ने जिला प्रशाशन और पुलिस प्रशाशन की शुक्रिया अदा करा और कहा की प्रशाशन के सहयोग से बहुत ही अमन चेन के साथ जुलूस सम्पन हुआ। कुंवर रफत अली ने शहर की अंजुमन कमेटियों का भी शुक्रिया अदा किया। जुलूस ए मोहम्मदी में जिस तरह लोगों ने अपने नबी के लिए मोहब्बत पेश की और मौजूदगी दर्ज कराई व किसी ऐतिहासिक मंजर से कम नहीं थी। इस मोके पर झण्डा सरपरस्त सैय्यद नईम उल्लाह, साजिद अली अशरफी, अजहर फरीदी, स्कूल के प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर, जमीर हसन झम्मन, मोहम्मद अली, शुऐब फैय्याज, अरशद बरकाती, अल्तमश मेव, उमेर वारिस, रहमत अली मन्नु, जुहैब फैय्याज, सगीर उल्ला, अदनान खान, फरहान खान, राहिल खान आदि उपस्थित रहे।

हरदत्तनगर गिरंट पुलिस की बड़ी कार्रवाई नशीली दवाओं का जखीरा बरामद

श्रावस्ती। अवैध नशीली दवाओं की तस्करी और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में थाना हरदत्तनगर गिरंट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने औषधि निरीक्षक के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बदला-बैजनाथपुर नासिरगंज मार्ग स्थित एक मकान से भारी मात्रा में नारकोटिक्स श्रेणी की औषधियां बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह और क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय और औषधि निरीक्षक श्रीकान्त गुप्ता की टीम ने 27 अगस्त को बदला से नासिरगंज मार्ग पर स्थित एक मकान में छापेमारी की।

- कोडीन युक्त 437 शीशी सिरप समेत हजारों कैप्सूल व टैबलेट बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मौके से कोडीन युक्त एनेरेक्स सिरप की 437 शीशियां बरामद कीं। प्रत्येक शीशी में 100 मिलीलीटर सिरप है। इसके अलावा चोको-डीएक्स सिरप की 121 शीशियां भी मिलीं। वहीं प्रोक्सीओहम स्पास कैप्सूल के 47 डिब्बों में कुल 11,280 कैप्सूल, सेम्प्लेक्स प्लस के 9 डिब्बों में 2,160 कैप्सूल तथा अल्प्राजोन 0.5 की 6 डिब्बियों में 3,600 टैबलेट बरामद की गईं। पुलिस के मुताबिक बरामद कुछ औषधियों के बैच नंबर काले मार्कर से छिपाए गए थे। बरामद औषधियों में से नमूने भी लिए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवाजी पुत्र लालता प्रसाद, निवासी पंडित पुरवा, जोत चांदपारा, थाना हरदी, जनपद बहराइच, हाल पता ग्राम बदला-बैजनाथपुर, नासिरगंज रोड, थाना हरदत्तनगर गिरंट, श्रावस्ती तथा भरत कुमार पुत्र गणेश शंकर, निवासी गोसाइन पुरवा, जोत चांदपारा, थाना हरदी, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। इस मामले में औषधि निरीक्षक श्रीकान्त गुप्ता की तहरीर पर थाना हरदत्तनगर गिरंट में मुकदमा संख्या 318/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) तथा एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21/22 में मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है और बरामद औषधियों के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय, औषधि निरीक्षक श्रीकान्त गुप्ता, उपनिरीक्षक चन्दन प्रजापति, मुख्य आरक्षी अशोक कुमार वर्मा, मुख्य आरक्षी जयशंकर प्रसाद, महिला आरक्षी नेममती राना और आरक्षी ऋषिकेश मिश्रा शामिल रहे।

स्टोर रूम में बैठे खतरनाक ब्लैक कोबरा सांप को देख मचा हड़कंप

जिला संवाददाता (vol)

इटावा। एनएच 19 स्थित वैशाली पुरम कॉलोनी के एक घर के स्टोर रूम में एक ब्लैक स्पेक्टिकल कोबरा बैठा देखकर हड़कंप मच गया। इटावा सदर तहसील में तैनात लेखपाल आशीष कटारिया की बहन लेखपाल सदर तहसील इटावा सुजाता सिंह जब स्टोर रूम में कुछ सामान लेने गई तो कोने में रखी बोरी को हटाते ही पीछे छिपे बैठे खतरनाक कोबरा सांप ने फुसकार कर उन्हें बेहद ही डरा दिया जिसके बाद वे डरकर बाहर भागी और अपने भाई आशीष कटारिया को स्टोर रूम में सांप के बैठे होने की जानकारी दी। सुजाता सिंह के भाई आशीष कटारिया ने तुरंत ही जनपद की वन्यजीव रेस्क्यू और स्नेक बाइट हेल्पलाइन 7017204213 पर वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी से संपर्क किया।

डॉ आशीष ने तुरंत मौके पर जाकर उस खतरनाक कोबरा सांप का 5 मिनट में ही सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। सुरक्षित रेस्क्यू के बाद कोबरा को सामाजिक वानिकी विभाग इटावा के दिशा निर्देशन में फिशर वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

मौके पर सर्पमित्र डॉ आशीष ने परिवार के सभी सदस्यों को जागरूक करते हुए बताया कि यह एक खतरनाक स्पेक्टिकल नर कोबरा सांप है जो कि वन्यजीव अधिनियम 1972 के तहत एक संरक्षित जीव भी है इसमें शरीर को लकवाग्रस्त करने और श्वसन क्रिया को बाधित करने वाला खतरनाक न्यूरोटोक्सिक वेनम मौजूद होता है इसके काट लेने पर समय से एंटीवेनम न मिलने पर दर्दनाक मौत भी हो जाती है।

मनायी गयी सतीश शुक्ल की पुण्य तिथि, फल बांटे



प्रतापगढ़। समाजसेवी एवं जिला युवा काँग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ल की इक्कीसवीं पुण्य तिथि शुक्रवार की शाम समारोहपूर्वक मनायी गई। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने स्व० सतीश शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संयोजक डा० नीरज शुक्ल ने शुक्ल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान ट्रामा सेण्टर में भर्ती मरीजों व तीमारदारों को फल भी बांटा गया। स्व० सतीश के पुत्र अंकुर शुक्ल ने आभार प्रदर्शन किया। सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि स्व० सतीश ने युवाओं के अधिकारों की सदैव संघर्षशील आवाज बुलंद की। संचालन शंभूनाथ तिवारी ने किया। इस मौके पर डिफेंस टाइगर्स के सचिव मनीष मिश्र, मुन्ना शुक्ल, अशोक मौर्य, सुनील शुक्ल, कुलदीप पाण्डेय, दिलीप शुक्ल, जौवाद खान, राहुल पाल आदि रहे।

संवाद से सुलझ रहे गांवों के विवाद, 330 ग्राम हुए वाद-मुक्त

गोण्डा, श्रावस्ती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में देवीपाटन मंडल में ह्ववाद-मुक्त देवीपाटनः संवाद से समाधानह्व अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांवों में होने वाले छोटे-बड़े विवादों को आपसी बातचीत और सहमति के जरिए स्थानीय स्तर पर ही सुलझाया जा रहा है।

मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती जनपदों की 16 तहसीलों में यह अभियान संचालित हो रहा है। मंडल के चयनित 500 गांवों में से अब तक 330 गांवों को वाद-मुक्त घोषित किया जा चुका है। वहीं सामुदायिक मध्यस्थता और आपसी सहमति से 769 विवादों का समाधान कराया गया है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सिविल, राजस्व और आपसी विवादों को गांव स्तर पर ही बातचीत के माध्यम से हल करना है। इससे ग्रामीणों को लंबे समय तक चलने वाली मुकदमेबाजी से राहत मिल रही है और उनके समय व धन की भी बचत हो रही है।

प्रत्येक चयनित गांव में पांच सदस्यीय सामुदायिक मध्यस्थता पैनल बनाया गया है। इसमें लेखपाल, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, महिला प्रतिनिधि और



गांव के वरिष्ठ सदस्य शामिल हैं। ग्राम पंचायत भवन या किसी सार्वजनिक स्थान पर मध्यस्थता केंद्र बनाया गया है। इसकी निगरानी के लिए नायब तहसीलदार या तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जनपदवार प्रगति

गोण्डाः 82 गांव वाद-मुक्त हुए और 167 विवाद प्राप्त हुए।

बलरामपुरः 86 गांव वाद-मुक्त हुए और 237 विवाद प्राप्त हुए।

बहराइचः 109 गांव वाद-मुक्त हुए और 141 विवाद प्राप्त हुए।

श्रावस्तीः 53 गांव वाद-मुक्त हुए और 224 विवादों के समाधान की कार्रवाई की जा रही है।

मध्यस्थता के जरिए मुख्य रूप से चकमार्ग, रास्ते, नाली, जमीन के बंटवारे, वरासत और सीमा विवाद सुलझाए जा रहे हैं। इसके लिए गांवों में सामुदायिक बैठकें आयोजित करने के साथ ही मौके पर जाकर जांच और सत्यापन भी किया जा रहा है।

प्रशासन का लक्ष्य मंडल के बाकी गांवों में भी इसी तरह विवादों का समाधान कर पूरे देवीपाटन मंडल को वाद-मुक्त मंडल बनाना है। इस अभियान से ग्रामीणों को जल्द न्याय मिलने के साथ ही गांवों में आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

संक्षेप

सीओ के निर्देश पर मुकदमा दर्जकर जांच में जुटी पुलिस

पुरवा (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के गांव बचरौली निवासी दिनेश कुमार पुत्र रामकुमार ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि घटना दिनांक 22 अगस्त रात लगभग 9 बजे की है जब गाँव के ही दिलीप पुत्र अलोपी रामावती पत्नी अलोपी उसके व उसके भाई मंगल के घर पर चढाई कर दिया और मारपीट करने लगे जिसके बाद किसी तरह दोनो भाई घर के घुस गये लेकिन उक्त लोगो ने दरवाजा खोलकर दोनो भाइयो को घर से खीचकर बाहर लाये और जमकर मारपीट करने लगे जिससे शरीर मे काफी चोटे आयी है। सीओ के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 27 अगस्त को सुसंगत धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन मे जुट गयी। कोतवाल भवन सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में पल्सर सवार की मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र के करीमनगर के पास शुक्रवार रात लगभग नौ बजे के आस पास पल्सर व स्कूटी टक्कर में पल्सर सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुचे परिजनो ने घायल को इलाज के लिये मेडिकल कालेज ले गये। जहाँ डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता द्वारा दिये लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा कायम कर बिधिक कार्यवाही कर रही है। ग्राम सभा हमीदपुर लल्लन टोला निवासी खटाई लाल निषाद पुत्र स्व० घूरे द्वारा लिखित तहरीर चिलुआताल पुलिस को देकर बताया गया कि शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे के आस पास अपने पल्सर बाइक से मेरा बेटा रबिन्दर घर आ रहा था। अभी करीमनगर से कुछ आगे बढ़ा ही था कि बिपरीत दिशा से आ रही स्कूटी में टक्कर हो गया। परिणाम स्वरूप पल्सर सवार रविन्दर (19) पुत्र खटाई लाल गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिजनो ने घायल को इलाज के लिये मेडिकल कालेज भर्ती कराया जहाँ कुछ देर बाद डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार घायल

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के बासस्थान पुल पर आमने सामने की टक्कर में दो बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल सूचना पर पहुंची गुलरिहा पुलिस दोनो बाइको को कब्जे में लेकर चौकी ले गई । मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात लगभग आठ बजे के आस पास गुलरिहा थाना क्षेत्र के बांसस्थान पक्का पुल पर आमने सामने की टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये दोनो की अलग अलग हॉस्पिटल मे इलाज चल रहा है युवको की पहचान संदीप चौहान (25) पुत्र स्व० बाले चौहान निवासी टिकरिया भगवानपुर एवं दूसरे की पहचान आदिल (22) पुत्र जैनुद्दीन निवासी समदार खुर्द थाना पिपराइच के रूप में हुई। घटना के बाद ग्रामीणो ने तत्काल 112 न० पर डायल कर गुलरिहा पुलिस को घटना की जानकारी दी सूचना पर पहुची दोनो घायलो को इलाज के लिये भेजा गया।

वैदिक विधि-विधान से हुआ श्रावणी उपाकर्म

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित पक्का घाट पर शुक्रवार को मां सरयू के पावन जल में खड़े होकर क्षेत्र के विद्वतजनों ने वैदिक विधि-विधान के साथ श्रावणी उपाकर्म संपन्न किया। श्रावणी उपाकर्म का आयोजन क्षेत्र के सम्मानित आचार्य पंडित तारकेश्वर पांडेय की देखरेख में हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से पक्का घाट का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रायश्चित संकल्प के बाद दशविधि स्नान एवं तर्पण से हुआ। इसके पश्चात स्वस्तिवाचन के साथ गौरी-गणेश, नवग्रह एवं सप्तऋषियों का आह्वान, प्रतिष्ठा और विधिवत पूजन किया गया। वैदिक मंत्रों के बीच प्रतिभागियों ने पुराने यज्ञोपवीत का त्याग कर नया यज्ञोपवीत धारण किया।

सूचना

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड मे मेरी जन्मतिथि 1.1.2002 अंकित है जोकि गलत दर्ज हो गई है। सही जन्मतिथि 20.11.2007 है। भविष्य मे मेरी जन्मतिथि 20.11.2007 मानी जाये। रानी बानो पुत्री इकबाल अहमद निवासी-म.नं. के/372, कटरा चंदना, थाना कोतवाली नगर, जिला बाराबंकी।

सुरक्षा के साथ सुविधा भी देती है डबल इंजन सरकार : रविकिशन



जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। कल्याण मंडपम और अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार सुरक्षा, विकास व रोजगार के साथ सुविधा भी देती है। पीएम मोदी और सीएम योगी की सोच बिना भेदभाव, समाज के हर पात्र व्यक्ति को शासन की योजना से लाभान्वित करने की है। रविकिशन ने कहा कि यूपी में तीसरी बार सीएम योगी के नेतृत्व में सरकार बननी तय है।

सीएम की दूरदर्शिता का परिणाम है कल्याण मंडपम : डॉ. मंगलेश

मंचीय कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर कल्याण मंडपम का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने मंडपम का भ्रमण और निरीक्षण कर यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं की जानकारी ली । जीडीए के उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल ने उन्हें मंडपम की विशेषताओं की विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने कल्याण मंडपम के परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि नागरिकों को एक बेहतरीन सौगात के रूप में कल्याण मंडपम, सीएम योगी की दूरदर्शिता का परिणाम है। उनके मार्गदर्शन में महानगर में कल्याण मंडपम की श्रृंखला खड़ी हो रही है। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गोरखपुर विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंच रहा है।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, जिला पंचायत की प्रशासक साधना सिंह, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, श्रीराम चौहान, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय, नगर निगम की उपसभापति पूनम सिंह, जीडीए बोर्ड के सदस्य राधेश्याम श्रीवास्तव, पवन त्रिपाठी, दुर्गेश बजाज, भाजपा के महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे जीडीए बोर्ड के अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त इंद्र विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

रक्षाबंधन पर वृद्धाश्रम पहुंचे कोतवाली प्रभारी

बनवारपार, गोरखपुर। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शुक्रवार को गोला कोतवाली प्रभारी सीपी पाण्डेय ने डड़वापार स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। कोतवाली प्रभारी ने वृद्धजनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने वृद्धजनों को फल मिठाई वितरित की तथा उन्हें अपने परिवार का हिस्सा मानते हुए त्योहार की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधिकारी को अपने बीच पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। कुछ देर उनके साथ बैठकर कोतवाली प्रभारी ने उनकी समस्याएं भी सुनीं और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कोतवाली प्रभारी सीपी पाण्डेय ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी है, जब हम अपने आसपास रहने वाले बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों के साथ खुशियां साझा करें।

अनोखे अंदाज में मनाया रक्षाबंधन, राजू गुप्ता ने पेश की हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल



इटावा। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर समाजसेवी राजू गुप्ता ने हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने हिंदू, मुस्लिम सहित विभिन्न समाज एवं वर्गों की बहनों के साथ धूमधाम से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया और बहनों से राखियां बंधवाईं।राजू गुप्ता के मिलनसार एवं सरल स्वभाव के चलते हर वर्ग और धर्म के लोग उन्हें अपना भाई मानते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर मुस्लिम बहनों से राखी बंधवाकर उन्होंने समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे का मजबूत संदेश दिया।इस अवसर पर राजू गुप्ता ने बहनों को साइकिल एवं इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल भेंट कर खुशियों की सौगात दी। खास तौर पर एक दिव्यांग बहन बैसाखी के सहारे अपने भाई राजू गुप्ता से राखी बांधने पहुंचीं। राखी बांधने के बाद वह इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल पर अपने घर वापस गईं। गुप्ता ने कहा कि रक्षाबंधन केवल उपहार देने का पर्व नहीं, बल्कि बहनों के सम्मान, सुरक्षा और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का अवसर है।

मारपीट और फायरिंग के मामले में दो आरोपी तमंचे समेत गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। नगर क्षेत्र के मोहल्ला सिद्धार्थपुरी में युवक के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और फायरिंग के आरोप के मामले में पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों वीरू और रोहित को सैफई रोड से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा बरामद किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। मोहल्ला सिद्धार्थपुरी निवासी अमनदीप पुत्र वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह 28 अगस्त की रात करीब 10:40 बजे अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में पप्पन पुत्र देवीदयाल निवासी नगला इन्छा सहित अन्य लोगों ने उससे विवाद करते हुए मारपीट की और गाली-गलौज की। पीड़ित के अनुसार वह किसी तरह बचकर घर पहुंचा तो उसके पीछे पप्पन, कन्हैया, रोहित, वीरू, सचिन गदरा और अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर गली में पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने उसे ललकारते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस दौरान आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग भी की, जिसमें वह और उसके परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। वीरू पर तमंचे की बट से प्रहार करने का भी आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि मामले में पप्पन, कन्हैया, रोहित, वीरू और सचिन गदरा सहित पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने दो आरोपी वीरू और रोहित को सैफई रोड से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में अवैध तमंचा बरामद हुआ।

पेड़ से टकरायी पिकअप, चालक की मौत

इकदिल, इटावा। ददोरा-विरहीपुर मार्ग पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में केबिन में फंसे (55) राणा प्रताप राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। विरहीपुर निवासी राणा प्रताप राजपूत शनिवार सुबह अपनी पिकअप में खर-दरिया की बोरियां लादकर ईश्वरीपुरा चौराहे पर स्थित अपने बेटों की परचून की दुकान पर पहुंचाने के लिए निकले थे। गांव से बाहर निकलने के बाद ईश्वरीपुरा चौराहे से करीब डेढ़ सौ मीटर पहले अचानक पिकअप अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और राणा प्रताप केबिन के अंदर फंस गए। हादसे में उनके शरीर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं, जिससे उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

रक्षाबंधन पर सफारी पार्क में उमड़ी भीड़, 1050 से अधिक लोगों ने सफारी का भ्रमण किया



इटावा। सफारी पार्क क्षेत्र की जैवविविधता और यहाँ के सफारियों में विद्यमान वन्य जीवों के दीदार के लिए प्रकृति प्रेमियों एवं वन्य जीव प्रेमियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। रक्षाबंधन के पावन त्योहार पर इटावा एवं आसपास के जिलों में अपने रिश्तेदारों से मिलने आये लोगों में सफारी भ्रमण के लिए खास उत्साह देखा गया। 1050 से अधिक लोगों ने सफारी पार्क का भ्रमण किया जिसमें से 800 से अधिक लोग व्यस्क थे और केवल एक ही दिन में सफारी को लगभग रु 2.5 लाख का आय प्राप्त हुआ। पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था की गई थी ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सफारी प्रशासन द्वारा किये जा रहे वृहद प्रचार प्रसार से अब अधिक से अधिक लोग इटावा सफारी पार्क के बारे में जानने लगे हैं। सफारी पार्क को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सफारी प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त विगत डेढ़ माह से बीमार चल रही शेरनी राधिका की स्तिथि अत्यंत नाजुक बनी हुई है। वन्य जीव चिकित्सकों एवं कीपरों द्वारा उसकी निरंतर देखभाल की जा रही है।

अस्थि विसर्जन के दौरान गंगा की उपधारा में डूबा युवक, मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)। चचेरे भाई की अस्थियां विसर्जित करने गया युवक गंगा की उपधारा में पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। काफी देर तक खोजबीन के बाद उसका शव बरामद किया गया। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खुसरूपुर गांव के मजरा लोखरियन खेड़ा निवासी मुनेश्वर उर्फ पूरन (40) पुत्र रामभजन के चचेरे भाई सोनेलाल का शुक्रवार को निधन हो गया था। शनिवार को मुनेश्वर अपने भतीजों विनोद, सनोज और प्रमोद के साथ दबौली गांव के पास गंगा की उपधारा में सोनेलाल की अस्थियां विसर्जित करने गया था। इसी दौरान अचानक मुनेश्वर का पैर दलदल में फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। मुनेश्वर के काफी देर तक पानी से बाहर न आने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। नाव के माध्यम से उसकी तलाश शुरू की गई। करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद उसका शव बरामद हो सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

एसडीएम ने पुरवा सीएचसी का निरीक्षण किया

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। एसडीएम ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया जहाँ अनेक प्रकार की कमिया मिली स उपजिलाधिकारी ने को एक्सरे कक्ष,रसोई घर सहित पानी पीने के लिए लगे नल के पास गंदगी मिलने पर अधीक्षक प्रमोद कुमार पर नाराजगी जताई। दवा कक्ष में दवाओं का स्टॉक रजिस्टर में नोट होने व पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज न होने पर जानकारी की तो बताया गया कि ब्राडबैंड नहीं लगा है। जिससे पोर्टल पर नहीं चढ़ पा रही है। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को अस्पताल में टीम भेजकर सफाई की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए है। इस दौरान अधीक्षक प्रमोद कुमार, डाक्टर आदर्श सचान, तपन गुप्ता, अनिल, शिवाकांत, अम्बरीश सहित अन्य स्टाप मौजूद रहा।

महंगाई से त्योहारों की रौनक फीकी, भाजपा हटेगी तो संकट खत्म होंगे : अखिलेश यादव



सैफई, इटावा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर महंगाई, किसान और शिक्षा के मुद्दे पर हमला बोला। उन्होंने कहा चीनी, पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दामों से त्योहारों की रौनक फीकी पड़ गई है। किसान को जरूरत के समय खाद नहीं मिल रही और फसलों का लागत के अनुरूप मूल्य नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा देश में सबसे बड़ा संकट भाजपा है, इसके हटने पर कई संकट खत्म हो जाएंगे।

रक्षाबंधन के अवसर पर सैफई में पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने प्रदेशवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई द्वारा बहन की रक्षा का संकल्प लेने का पर्व है। आज महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का भी संकल्प लेना चाहिए। पीडीए में आधी आबादी महिलाओं की है। आने वाली समाजवादी सरकार में महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिए जाएंगे। नेपाल में हुई प्राकृतिक आपदा पर उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि घटना के कारणों की वैज्ञानिक जांच जरूरी है। उपग्रह और आधुनिक तकनीक से समय रहते ऐसी घटनाओं की जानकारी मिल जाए तो जनहानि को कम किया जा सकता है। सरकार को ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए पहले से तैयार रहना चाहिए। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए भारत सरकार से नेपाल को हरसंभव सहायता पहुंचाने की अपील की।महंगाई पर उन्होंने कहा कि आम जनता महसूस कर रही है कि त्योहार आते ही जरूरी वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। चीनी के साथ पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। बाजार में सामान महंगा होने से लोग खरीदारी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उद्योगपतियों को मुनाफा कमाने की खुली छूट दे रही है। सवाल उठाया कि महंगी चीनी और पेट्रोल से होने वाला मुनाफा किसके पास जा रहा है। कहीं इसी मुनाफे में चंदे का हिस्सा तो नहीं है।

भईया मेरे राखी के बंधन को निभाना...



जिला संवाददाता (vol)

उन्नाव। भाई और बहन के अटूट प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीघार्यु होने की कामना की और भाइयों से जीवन भर रक्षा का वादा लिया।

भाइयों ने रक्षा के वादे के साथ-साथ बहनों को विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिए। इससे बहनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रक्षाबंधन के दिन लोगों ने राखी बंधवाने के बाद मंदिरों में पूजा-अर्चना की। शहर के मंदिरों में भी काफी भीड़ दिखी। वैसे रक्षाबंधन का दिन सावन महीने का आखिरी दिन भी होता है। इसलिए लोगों ने शिव मंदिरों में जाकर भगवान शंकर के दर्शन किए। शहर के कब्बा खेड़ा स्थित बहन रोली यादव ने अपने भाई अभिषेक यादव अंशुल के रक्षा सूत्र बांधकर राखी का पर्व मनाया।

रक्षाबन्धन पर्व पर भाई-बहनो ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सरहरी, गोरखपुर। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बांकी रेंज के टिकरिया जंगल बीट द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि भटहट ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह समेत अन्य ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जंगल टिकरिया के बन दरोगा दुर्गादत्त राय व प्रवीन कुमार सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बांकी रेंज के भीलमपुर उर्फ टिकरिया जंगल के बन कर्मियो व अधिकारियो द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भटहट ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान टिकरिया मनीष सिंह ,ग्राम प्रधान भगवानपुर प्रतिनिधि व पूर्व ब्लाक प्रमुख भटहट बलवंत सिंह यादव के साथ ही ग्राम सभा रघुनाथपुर भगवानपुर प्राथमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के साथ ही ग्रामीण (भाई-बहनो) द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया

नन्ही बहन ने भाई की कलाई पर बांधी राखी, मासूमियत ने जीता दिल

उन्नाव (वीओएल)। रक्षाबंधन पर भाई-बहन के अटूट प्रेम का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहन के रिश्ते की खूबसूरती देखने को मिली। नन्ही सी छोटी बहन ने पूरे प्यार और मासूमियत के साथ अपने बड़े भाई की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान दोनों के चेहरे पर खिली मुस्कान और आंखों में एक-दूसरे के लिए प्यार ने इस पल को बेहद खास बना दिया।



बहन ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र, खुशहाली और उज्वल भविष्य की कामना की, वहीं भाई ने भी प्यारी बहन की हमेशा रक्षा करने का संकल्प लिया। राखी का यह छोटा सा धागा सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि प्यार, विश्वास दुआ और जिंदगीभर साथ निभाने का वादा है। इस नन्हे भाई-बहन का यह भावुक पल रक्षाबंधन के असली मायने को बयां कर रहा है। कलाई पर सजी राखी और चेहरे पर मुस्कान... यही तो भाई-बहन के रिश्ते की सबसे खूबसूरत तस्वीर है।

सहजनवा मिनी स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम



गीडा, गोरखपुर। ग्रामीण मिनी स्टेडियम, सहजनवा में 26 से 31 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे खेल सप्ताह के तहत शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहजनवा के समाजसेवी एवं व्यवसायी प्रदीप कुमार मद्धेशिया ने महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित रूप से खेलों में भाग लेने और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

स्टेडियम प्रभारी सर्वेश कुमार तिवारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। नियमित खेलकूद से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है और अनुशासन, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। प्रतियोगिताओं के परिणाम में कबड्डी बालक वर्ग में स्टेडियम सहजनवा विजेता तथा टिकरिया उपविजेता रहा। फुटबॉल बालक वर्ग में स्टेडियम सहजनवा ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि गहासांड की टीम उपविजेता रही। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 800 मीटर सब-जूनियर बालक वर्ग में सिद्धार्थ प्रथम, ऋतिक द्वितीय और सर्वजीत तृतीय रहे। 1500 मीटर बालक वर्ग में आलोक राजभर ने प्रथम, मेराज खान ने द्वितीय और विकास कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालिका वर्ग में सिमरन प्रथम, शालिनी द्वितीय और आकृति तृतीय रहीं। वहीं 800 मीटर बालक वर्ग में आलोक प्रथम, आलोक द्वितीय और विक्रम तृतीय रहे।

इस अवसर पर रिटायर्ड फौजी आनंद यादव ने खिलाड़ियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक विनय यादव, कुश सिंह, पीआरडी जवान अजय कुमार, राम दरश, बेचन प्रसाद, राजकुमार सहित स्टेडियम के खिलाड़ी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** 1. मण्डल इंजीनियर/सामान्य/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सीटीआर/पी 84.4 कि0मी0 तथा टीआरआर/पी 30.00 कि.मी. का कार्य। **ई–निविदा सूचना सं0:** एनईआर–बीएसबी –2026–123 **अनुमानित लागत (₹) :** 14,91,20,136/– **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 29,82,400/– **निविदा बंद होने की तिथि:** 22.09.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 18 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2026–123 दिनांक 22.09.2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)
मुजाधि/डब्लू–307 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड, गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है:–

निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम

क्रम सं.-01, निविदा सूचना संख्याः LS-GD-2026-Hirect-2x130, कार्य का नामः "गोण्डा लोको शेड के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में लगे हाइरेक्ट (Hirect) मेक के SIV यूनिट (2x130 KVA) का 3 साल के लिये कॉम्प्रीहेंसिव AMC", अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 11,10,572.87, निविदा की अवधिः 36 माह, अग्रिम धनराशि (रू.में): ₹ 22,200/-, **क्रम सं.-02,** निविदा सूचना संख्याः LS-GD-2026-Medha-2x130, कार्य का नामः "गोण्डा लोको शेड के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में लगे मेधा (Medha) मेक SIV यूनिट्स (2x130 KVA) का 3 साल के लिये कॉम्प्रीहेंसिव AMC", अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 31,86,008.50, निविदा की अवधिः 36 माह, अग्रिम धनराशि (रू.में): ₹ 63,700/-,

• ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समयः 16-09-2026, 12:00 बजे। • इस ई-निविदा से संम्बधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाईट ***www.ireps.gov.in*** पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से संम्बधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

नोटः (1) इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट ***http://www.ireps.gov.in*** को देखें।

मंविइ/टीआरएस, लोको शेड,
मुजाधि/विद्युत-166 गोण्डा

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

रोटरी क्लब गोला सेंट्रल का अधिष्ठापन समारोह दो को

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी को दो सितंबर को आयोजित समारोह में जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। समारोह में पंकज पुरवार को क्लब अध्यक्ष और कामरान खान को सचिव पद की औपचारिक जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके साथ ही नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों का भी अधिष्ठापन किया जाएगा। पंकज पुरवार और कामरान खान के चयन की जानकारी पूर्व में क्लब की बैठक में भी सामने आई थी। अधिष्ठापन एवं पुरस्कार समारोह बुधवार दो सितंबर को शाम छह बजे से भूतनाथ रेलवे क्रॉसिंग के निकट स्थित श्री राजेंद्र गिरि मैरिज लॉन में आयोजित होगा। समारोह में सत्र 2025-26 के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत और सचिव प्रमोद वर्मा भी मौजूद रहेंगे। रोटरी इंटरनेशनल के वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष रोटेरियन ओलायिंका हकीम बाबालोला तथा रोटरी डिस्ट्रिक्ट की गवर्नर रोटेरियन पूनम सतपाल गुलाटी के नेतृत्व में क्लब की नई टीम सेवा गतिविधियों को आगे बढ़ाएगी।

युवक का पेड़ से लटका मिला शव

सीतापुर। तम्बोर थाना क्षेत्र मे रक्षाबंधन पर्व पर बहन की ससुराल राखी बंधवाने आए 28 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार भोर उसका शव भानीपुर गांव में आम के पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान थाना रेउसा क्षेत्र के गुडुरुवा निवासी सीपू सिंह के रूप में हुई। ग्रामीणों के अनुसार सीपू गुरुवार को तंबौर क्षेत्र के मुनुवापुरवा गांव स्थित अपनी बहन की ससुराल आया था। उसके पिता भी पहले से वहां मौजूद थे। बताया जाता है कि गुरुवार शाम सीपू अपने पिता का मोबाइल फोन लेकर यह कहकर घर से निकला था कि उसमें रिचार्ज करवाने जा रहा है। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह भानीपुर गांव में ग्रामीणों ने आम के पेड़ से युवक का शव लटका देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सीपू की पैंट की जेब से दोनों मोबाइल फोन बरामद हुए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की स्थिति और स्पष्ट होने की उम्मीद है।

नहाने गया युवक डूबा, नहीं मिला शव

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर दोस्तों के साथ पिरई नदी में नहाने गया 19 वर्षीय युवक गहरे पानी में डूब गया। हादसे के बाद स्थानीय गोताखोरों ने करीब चार घंटे तक नदी में तलाश की, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। पिपरी खुर्द गांव निवासी रवि राठौर (19) पुत्र विजय शंकर शनिवार दोपहर दोस्तों के साथ गाड़ी घाट देवरिया पुल के पास पिरई नदी में नहाने गया था। नहाते समय अचानक वह नदी के गहरे हिस्से में चला गया और पानी अधिक होने के कारण डूब गया। रवि को डूबता देख दोस्तों ने शोर मचाया। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर तलाश शुरू कराई। करीब चार घंटे तक गोताखोर नदी में कई स्थानों पर युवक को खोजते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली।

डीएम ने की सरकारी योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। जिले में पोषण व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही अधूरे निर्माण कार्यों को रफ्तार देने के लिए प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से लेकर 11 सीडीपीओ कार्यालयों की परियोजनावार प्रगति की समीक्षा की और पूर्ण परियोजनाओं को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, पीडी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, डीपीओ (आईसीडीएस) भारत प्रसाद समेत सभी एमओआईसी व सीडीपीओ मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण देने तथा शत-प्रतिशत फीडिंग के लिए तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने एमओआईसी को भी एएनएम द्वारा पोर्टल पर भरी जाने वाली सूचनाओं की समयबद्ध फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीडीपीओ और एमओआईसी पहले स्वयं सभी पोर्टल और इंडिकेटर की जानकारी अच्छी तरह समझें, ताकि बेहतर मॉनिटरिंग हो सके। कहा कि गर्भवती महिलाओं का बेहतर पोषण और छह वर्ष तक बच्चों की नियमित निगरानी उनके स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव है। डीएम ने वित्तीय वर्षवार आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की स्थिति जानी। इसके बाद निमार्णाधीन 11 सीडीपीओ कार्यालयों की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल ने पांच परियोजनाएं पूर्ण कर ली हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि परियोजनाओं में बची कमियों को तत्काल दूर कराते हुए सत्यापन कराया जाए और इसके बाद हैंडओवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। छह परियोजनाओं की प्रगति बताई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई समय से पूरी कराने के निर्देश दिए।

वजन मशीन और कम वजन वाले शिशुओं के फॉलोअप की समीक्षा

संभव अभियान की समीक्षा के दौरान डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन मशीनों की उपलब्धता और क्रियाशीलता की जानकारी ली। सभी केंद्रों पर वजन मशीन उपलब्ध रखने और नियमित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कम जन्म वजन वाले शिशुओं के आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे फॉलोअप की भी जानकारी ली। पोषण ट्रैकर पर चिन्हित सैम बच्चों के ई-कवच पर पंजीकरण एवं प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा करते हुए डीएम ने बच्चों के उपचार और फॉलोअप को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

एनआरसी में भर्ती बच्चों का लिया ब्योरा ई-कवच की मॉनिटरिंग बढ़ाने को कहा

डीएम ने एनआरसी में उपलब्ध बेड और भर्ती बच्चों की संख्या की जानकारी ली। कुपोषित बच्चों के उपचार एवं फॉलोअप की व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। सीएमओ और डीपीओ को ई-कवच पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाने तथा बच्चों की पहचान, पंजीकरण, उपचार और फॉलोअप का डाटा समय से अपडेट कराने को कहा। डीएम ने कहा कि पोषण योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंचे। इसके लिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं की जमीनी स्थिति पर लगातार नजर रखें।

युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, पहचान में जुटी पुलिस

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के जयपालपुर मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर अटरिया थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है, लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। युवक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों और स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवक हादसे का शिकार हुआ या मामला किसी अन्य परिस्थिति से जुड़ा है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई है और रेलवे ट्रैक के आसपास के हालात का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस का कहना है कि शिनाख्त होने के बाद परिजनों को सूचना दी जाएगी और जांच पूरी होने पर घटना के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर, तीन दिन होंगे भजन और कृष्ण लीलाएं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के खुटार रोड पर मनोहारी कला केंद्र परिवार की ओर से 32वें श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तीन दिवसीय यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 4, 5 और 6 सितंबर को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन खुटार रोड स्थित त्यागी पेस्टीसाइड नीलकंठ स्वीट के सामने किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम आठ बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। इसके साथ ही भव्य मंच पर भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मनमोहक मंचन किया जाएगा। कृष्ण लीला के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी बाल लीलाओं से जुड़े प्रसंगों का दर्शन कराया जाएगा। मनोहारी कला केंद्र के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए कला केंद्र के सेवादारों, सहयोगियों और नगरवासियों का विशेष सहयोग मिल रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह है।

सावन सेवा में जुटे सेवाभावियों का होगा सम्मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी में सावन माह के दौरान बाबा गोकर्णनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए उमड़े लाखों कांवड़ियों व शिवभक्तों की सेवा में जुटे सेवाभावी लोगों के सम्मान में रविवार को विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह आज सुबह 11 बजे नीलकंठ मैदान में होगा। सावन मेले के दौरान नगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के साथ जगह-जगह भंडारे, जलपान और स्वागत की व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम के आयोजक विधायक अमन गिरि ने क्षेत्रवासियों को भेजे आमंत्रण पत्र में कहा है कि सावन माह में कांवड़ियों और शिवभक्तों की सेवा कर नगरवासियों ने सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश की है। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे लगाने से लेकर जलपान, स्वागत और विभिन्न व्यवस्थाओं में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। विधायक ने कहा कि भगवान शिव के भक्तों की सेवा स्वयं में पुण्य का कार्य है। सेवा करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे सेवाभावी लोगों का सम्मान कर उन्हें भी इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने का अवसर मिलेगा। सम्मान समारोह में सावन मेला एवं कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा, सहयोग, स्वागत और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा का किया प्रदर्शन



सीतापुर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला खेल कार्यालय की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर मैदान पर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी रहीं। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीडीओ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं देते, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। मैदान पर खिलाड़ियों ने अपने कौशल और दमखम का प्रदर्शन किया।

रक्षाबंधन पर ससुराल गये युवक का मिला शव

बहनोई ने सात लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर के कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम पाण्डेयवारी के मंजरा छपौरा में पाण्डेयवारी- छपौरा मार्ग पर शनिवार को एक युवक का शव गन्ने के खेत के किनारे सडक पर पड़ा मिला है, मृतक के सिर पर गहरी चोट के निशान और उसका हेलमेट भी टूटा हुआ था।साथ ही पुलिस को गन्ने के खेत में एक लाल रंग की बाइक भी बरामद हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पसगवां कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह व सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गये साथ ही शव व बाइक को कब्जे में लेकर शिनाख्त की, कड़ी मशक्कत के बाद शव की पहचान अवधेश (25) पुत्र गिरवर निवासी ग्राम पचतौर थाना मोहम्मदी जिला खीरी के रूप में हुई है, हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आनन फानन में मौके पर पहुंचे।वही परिजनों ने मृतक के शरीर पर चोट के निशान होने के कारण हत्या की आशंका जताई है। मृतक के बहनोई कलक्टर पुत्र मधुरा प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा साला अवधेश कुमार शुक्रवार को रक्षाबंधन लेकर अपनी सुसराल ग्राम छपौरा आया था, जहां उसके ससुरालजन जुली देवी पुत्री गंगाराम, मीना देवी पत्नी गंगाराम, गंगाराम पुत्र जयलाल, अजय कुमार पुत्र मेवाराम, अमित पुत्र अजय कुमार, अर्चना पुत्री गंगाराम, वर्षा पुत्री गंगाराम ने मेरे साले अवधेश को मारकर उसके शव को गांव से तीन सौ मीटर दूर गन्ने के खेत के पास कच्ची सड़क पर फेक दिया है।करीब दो महीने पहले मेरे साले के ऊपर जानलेवा हमला किया गया था। तब मेरा साला अवधेश मरते मरते ही बचा था।मेरे साले की उसके ससुराल वालों से पहले से ही पुरानी रंजिश चल रही थी।जिस कारण उक्त लोगों ने उसे जान से मार डाला।

बहनोई की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पसगवां कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है, पीएम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्यवाही की जाएंगी।

सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि युवक की हत्या का मामला सामने आया है, फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस उक्त घटना से संबंधित ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

बहनों ने बंदी भाइयों की जेल की चारदीवारी में कलाई पर बांधी राखी

सीतापुर। रक्षाबंधन पर शुक्रवार को जिला कारागार में भाई-बहन के रिश्ते की भावुक तस्वीर देखने को मिली। बड़ी संख्या में बहनें अपने बंदी भाइयों से मिलने जेल पहुंचीं। विशेष व्यवस्था के तहत बहनों की भाइयों से मुलाकात कराई गई। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, मुंह मीठा कराया और उनकी लंबी उम्र व सुखी जीवन की कामना की। लंबे समय बाद सामने आए भाई-बहनों की मुलाकात में कई की आंखें नम हो गईं। राखी बांधते समय बहनों ने भाइयों को गलत रास्ते से दूर रहकर बेहतर जीवन जीने की सीख दी। भाइयों ने भी जेल से बाहर आने के बाद नई शुरूआत करने का भरोसा दिलाया। जेल अधीक्षक प्रीति यादव के निर्देशन में सुरक्षा और मुलाकात की विशेष व्यवस्था की गई। अलग-अलग पालियों में मुलाकात कराई गई। जेल प्रशासन के अनुसार करीब 212 बंदियों की बहनों से मुलाकात कराई गई।



सिंचाई विभाग की करोड़ों की योजना हुई धराशायी



जिला संवाददाता(vol)

तिकुनियां-खीरी। मोहाना नदी के वेग को हल्के में लेकर सिंचाई विभाग ने जो भी योजना कटान रोकने को बनाई वह सब नदी में समा चुकी है, नदी का रुख बंधे की तरफ हो गया है, जिससे रेलवे ट्रैक पर भी खतरा मंडराने लगा है।

पड़ोसी देश नेपाल की सबसे लंबी नदी करनाली मोहाना में आकर तेज प्रवाह से मिलती है जिससे मोहाना नदी का प्रवाह बहुत तेज हो जाता है फिर यह भारत के इलाके में विनाशलीला करती है। पिछले पंद्रह वर्षो में मोहाना नदी ने कई गांवों का वजूद मिटा दिया, यह नदी हर वर्ष भारतीय इलाके में कोहराम मचाते हुए विनाश करती आ रही है।

ग्रामीणों व किसानों की लगातार मांग के बाद सिंचाई विभाग ने इसे रोकने के लिए कई योजनाओं पर करोड़ो रुपए खर्च कर काम किया लेकिन सिंचाई विभाग की सभी योजना इस नदी के वेग के आगे पानी मे समा गई।

किसान सतविंदर सिंह पाला, स्वर्णजीत सिंह, सज्जन सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग ने जो भी योजना नदी को रोकने के लिए बनाई वह नदी की स्थिति को ध्यान में रखकर नही बनाई, जिसका परिणाम ग्रामीण व किसान भुगतने को विवश हैं। किसानों ने बताया कि गुरुद्वारा कौड़ियाला के पूर्व मोहाना व करनाली का संगम होता है, सिंचाई विभाग को इसी संगम से

मोहाना नदी की कटान तेज

कार्य शुरू कर नदी की धारा को मोड़ना होगा तभी नदी को रोका जा सकता है। किसान भगवंत सिंह, नक्षत्र सिंह ने बताया कि जिस गति से मोहाना बंधे को अटैक कर रही है तो लगता है कि बंधे का बचना मुश्किल है अगर ऐसा हुआ तो हजारों हेक्टेयर जमीन, दर्जनों गांव और करीब 50 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित होगी। किसानों ने बताया कि बंधे को बचाने के लिए डेढ़ मीटर खुदाई कर तार के जाल बनाकर उसमें पत्थर भरकर कुछ ठोकर बनाई गई थी, और नदी 30 से 40 फुट तक गहराई में कटान कर रही है तो ऐसी स्थिति में बंधा कितने दिनों तक बचेगा यह भविष्य तय करेगा। खैरटिया प्रधान प्रगट सिंह ने बताया कि जब तक पक्की ठोकर नही बनेगी इस नदी को रोकना मुश्किल है। जसनगर के पूर्व प्रधान सुरेश तलवार ने बताया कि सन 1972 से हम लोग कटान झेल रहे है, गांव की सारी खेती या तो नदी में या फिर नदी पार है गांव के अधिकतर लोग बाहर मजदूरी कर परिवार चला रहे है ऐसी स्थिति में फिर सेनदी गांव की तरफ बढ़ रही है इसको रोकने के लिए बड़ी योजना की जरूरत है।

मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रक्षाबंधन पर परिवार के साथ शाहजहांपुर गए सहायक लिपिक के बंद मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने कमरों को खंगालने के बाद सेफ का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये कीमत के चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। परिवार के वापस लौटने पर घटना का पता चला। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

भारत भूषण कालोनी निवासी प्रदीप कुमार गोला स्थित श्रम प्रवर्तन कार्यालय में सहायक लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर वह परिवार के साथ अपने गृह जिले शाहजहांपुर गए हुए थे। मकान बंद होने का फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। घर में घुसे चोरों ने एक-एक कमरे को खंगाला। इसके बाद सेफ का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी और लाखों रुपये कीमत के चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। शनिवार को प्रदीप कुमार परिवार के साथ वापस घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का टूटा ताला देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर जाने पर कमरों में सामान बिखरा पड़ा था और सेफ भी टूटी हुई मिली। चोरी की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। गृहस्वामी ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए तहरीर दी है। उन्होंने चोरी गए नकदी और जेवरात बरामद कराने के साथ घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत युवक की मौत

सीतापुर। रक्षाबंधन के दिन जिले में अलग-अलग सड़क हादसों ने कई परिवारों की खुशियां मातम में बदल दीं। शुक्रवार को सड़क हादसों में तीन महिलाओं और एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। रामपुरकला थाना क्षेत्र में बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर सरैया गन्ना कांटा के पास 70 वर्षीय पुताना पत्नी स्वर्गीय रामसेवक निवासी कादीपुर को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बाइक सवार फरार है। सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर दर्शनपुरवा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार 32 वर्षीय सतीश कुमार निवासी अनोगी को कुचल दिया। उनकी मौके पर मौत हो गई। पत्नी और तीन व पांच वर्षीय दो बच्चे घायल हैं। बिसवां थाना क्षेत्र में गुरेरा-बुढ़नापुर के बीच कार की टक्कर से सकरन निवासी 50 वर्षीय श्यामकली की मौत हो गई। उनका बेटा गंभीर घायल है। दोनों मायके से राखी बांधकर लौट रहे थे। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया है। तीनों मामलों में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। हादसों के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है।

हॉकी मैच में ए टीम ने मारी बाजी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कॉलेज प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों में खेल भावना और टीम भावना विकसित करने के उद्देश्य से ए और बी टीम के बीच रोमांचक हॉकी मैच कराया गया।

मैच के शुरूआती दौर से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। आठवें मिनट में ए टीम के कप्तान मुन्ना ने पहला गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद बी टीम के खिलाड़ी तौसीन ने 17वें मिनट में गोल कर मुकाबला 1-1 की बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मैच के अंतिम मिनट में ए टीम के कप्तान मुन्ना ने निर्णायक गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 से जीत दिला दी। मैच में अंपायर की भूमिका वीरेंद्र भारद्वाज और पीटीआई सरोज कुमार वर्मा ने निभाई। मुकाबले के समापन पर मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा और प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित कियज्ञ क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 28 से 30 अगस्त तक देशव्यापी अभियान के रूप में किया जा रहा है। इसकी थीम ह्यखेलेगा भारत, जीतेगा भारतह्ल रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान श्रद्धांजलि, खेल और आगे बढ़ाना जैसे तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए आपसी तालमेल और टीम भावना बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया तथा खिलाड़ियों को फल वितरित किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार, पीटीआई अरविंद कुमार, राज और रामकिशोर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा, उपमंत्री विनोद चंद मिश्रा समेत विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया



सीतापुर। भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन रविवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने पूजा की थाली सजाकर भाइयों की आरती उतारी और उनकी कलाई पर प्रेम, विश्वास और रक्षा का प्रतीक राखी बांधी। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी कई दिन पहले से ही रौनक दिखाई देने लगी थी। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर बहनों की भीड़ रही। किसी ने भाई की पसंद का कार्टून वाली राखी खरीदी तो किसी ने नाम लिखी और आकर्षक डिजाइन वाली राखी पसंद की। त्योहार को खास बनाने के लिए बहनों ने अपने भाइयों की पसंद का खाना भी तैयार किया। किसी घर में पूड़ी-सब्जी और खीर बनी तो कहीं सेवईं, हलवा, मिठाई और अन्य पकवान तैयार किए गए। कई बहनों ने बाजार से मिठाई खरीदने के बजाय घर पर ही भाई की पसंद की मिठाई बनाकर त्योहार मनाया। भाई भी बहनों के लिए कपड़े, मिठाई, उपहार और अन्य सामान लेकर पहुंचे। सुबह से ही बहनों का मायके पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दूर-दराज रहने वाली बहनें बस, ट्रेन और निजी वाहनों से अपने भाइयों के घर पहुंचीं।

लंबे समय बाद भाई की कलाई पर राखी बांधने पहुंची बहनों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। वहीं कई भाइयों ने बहनों को उपहार देकर इस रिश्ते की मिठास को और बढ़ाया। रक्षाबंधन के चलते शहर से लेकर कस्बों तक बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही। मिठाई, राखी, कपड़े और उपहार की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। हालांकि, फ्री बस सेवा के कारण बस अड्डों पर उमड़ी भीड़ ने यात्रियों की परेशानी भी बढ़ा दी।

बहनों की फ्री बस सेवा बनी परेशानी



सीतापुर। रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का फैसला राहत के बजाय कई यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनता नजर आया। मुफ्त यात्रा का लाभ लेने के लिए सुबह से ही बस अड्डों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बस आते ही उसमें सवार होने के लिए यात्रियों में धक्का-मुक्की तक की स्थिति बनी रही। कई बसों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। बसों की संख्या के मुकाबले यात्रियों की संख्या कहीं अधिक होने से बस अड्डों पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। महिलाएं अपने बच्चों और सामान के साथ बस का इंतजार करती रहीं। कई यात्रियों को एक बस छूटने के बाद दूसरी बस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। आवास विकास निवासी श्रेया शुक्ला ने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि जब रक्षाबंधन पर बस सेवा मुफ्त की गई थी तो यात्रियों की संख्या बढ़ने की पहले से तैयारी होनी चाहिए थी। बसों की संख्या बढ़ाने के बजाय कम कर दी गई, जिससे बहनों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं समय पर बस न मिलने के कारण अपने भाइयों को राखी बांधने से ही वंचित रह गईं। यात्रियों का कहना था कि मुफ्त यात्रा की घोषणा अच्छी थी, लेकिन उसके अनुरूप परिवहन व्यवस्था नहीं बढ़ाई गई। भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बसें चलाने की जरूरत थी। बस अड्डों पर उमड़ी भीड़ ने व्यवस्था की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए।

संक्षेप

निजी अस्पताल में किशोरी का शौचालय में मिला शव

रायबरेली। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चौहान हॉस्पिटल में 13 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई जिसका शव शौचालय में मिला है। मृतका की मां आरती देवी की तहरीर पर चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। बताया जाता है किसोरी को बुखार और निमोनिया की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।27 अगस्त को किशोरी को अस्पताल में कराया गया था भर्ती 28 अगस्त की सुबह करीब 9 बजे इलाज के दौरान हुई किशोरी की मौत हो गई इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त हुआ है। मौत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।ऊँचाहार कोतवाली क्षेत्र में स्थित चौहान हॉस्पिटल का मामला है जिसपर एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठ रहा है। वहीं सरकार महिला सुरक्षा की बात कर रही है जो एक बड़ा सवाल है।

कबड्डी टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल्स 30 अगस्त व 1 सितम्बर को

रायबरेली। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्या में 07 से 09 सितम्बर 2026 तक किया जाना निर्धारित है। प्रतियोगिता में लखनऊ मण्डल की टीम प्रतिभाग करेगी। टीम के गठन हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स निर्धारित किए गए हैं।जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन 30 अगस्त 2026 को दोपहर 02:00 बजे जिला खेल कार्यालय स्टेडियम, रायबरेली में किया जाएगा। वहीं मण्डलीय ट्रायल्स 01 सितम्बर 2026 को प्रातः 09:00 बजे के०डी० सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित होंगे।क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि जूनियर बालक वर्ग के लिए खिलाड़ी की जन्मतिथि जनवरी. 2027 निर्धारित मानक के अनुसार होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी के लिए सक्षम स्तर से निर्गत एवं प्रमाणित पात्रता प्रमाण-पत्र एवं जन्म प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पात्रता प्रमाण-पत्र के बिना किसी भी खिलाड़ी को चयन प्रक्रिया में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक खिलाड़ी को अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा जारी पात्रता प्रमाण-पत्र की दो प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

महापौर ने सफाईमित्रों से बंधवायी राखी

अयोध्या। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर नगर निगम के तिलक हाल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने सफाई मित्रों से राखी बंधवाई और उन्हें मिष्ठान, उपहार एवं साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान महापौर ने सफाई मित्रों के साथ बैठकर कुशलक्षेम जाना और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। महापौर ने कहा कि सफाई मित्र नगर की स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके निरंतर परिश्रम और समर्पण से अयोध्या को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में मदद मिल रही है। नगर निगम सफाई मित्रों के हितों और सुविधाओं को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व है और यह आयोजन आपसी आत्मीयता एवं सम्मान का संदेश देता है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव, पार्षद सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, अखिलेश पांडेय, सुफियान, राशिद सलीम, रमाशंकर, अजय पांडेय सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

रायबरेली में 6 से अधिक घरों में घुसा बाढ़ का पानी

लगातार बारिश ने खोली प्रशासन के दावों की पोल

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। जिले के अमावा विकासखंड के ग्राम पंचायत बघेल के तिलक का पुरवा गांव में बारिश का पानी आने से आधा दर्जन घरों के आगे पानी भर गया है। ग्रामीणों देशराज सिंह, शिव देवी, सोमाली सिंह, लाल सिंह, भीम सिंह, अनमोल सिंह, जय चंद, सुखनंदन सिंह, जितेंद्र सिंह के घरों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है वही ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

मामले की शिकायत ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से की तो उपजिला अधिकारी सदर गौतम सिंह द्वारा नाव की व्यवस्था कराई गई लेकिन नाव चलाने वाला कोई नहीं है। ग्रामीण खुद ही नाव चलाकर जान जोखिम में डाल कर आते-जाते हैं। वहीं किसानों का कहना है कि यदि नाव चलाने वाला कोई हो तो हम लोगों को दिक्कत न हो। ग्रामीणों ने बताया कि अन्य व्यवस्था नहीं हुई है, न कोई सुनने वाला अधिकारी कर्मचारी है। बैंखरा, डीहे, मियां का पुरवा, तिलक कापूरवा लोनार, बघेल, खैरहना, मोहब्बत नगर, झाखरी, पहरेमऊ, धूगा लोदीपुर दीवान का पुरवा रोज

रायबरेली में लगातार हो रही बारिश ने प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी है। क्षेत्र के मझिगवां स्थित गऊघाट-मझिगवां मुख्य मार्ग, गुरूबक्शगंज-हलोर मुख्य मार्ग, अलीपुर-हलोर मुख्य मार्ग व सुखलिया पुरासी मुख्य मार्ग पर नैय्या नाला उफनाने के कारण भारी जलभराव हो गया है, जिससे सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो चुकी है। इस समस्या के कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है और किसानों की सैकड़ों बीघा धान की फसल जलमग्न होकर बर्बाद होने की कगार पर पहुँच गई है। गाढ़ी कमाई एवं कड़ी मेहनत से तैयार की गई धान की फसल में तीन -तीन चार -चार फीट गहरा पानी भरने से फसल नष्ट होने के कगार पर है। अगर पानी कम ना हुआ तो धान की फसल गल कर बर्बाद हो जाएगी। गुरुबक्सगंज मजरे भटसरा निवासी रामकेवल ने बताया कि गांव के ही औसेरी को बीते एक सप्ताह पूर्व लकवा मार गया, इनका ईलाज हलोर में प्राइवेट रूम लेकर कराया जा रहा है क्योंकि गांव के आने जाने वाले मुख्यमार्ग पर लगभग 3 से 4 फिट पानी बह रहा है। मझिगवां निवासी शत्रोहन सोनी रानू मिश्रा महेंद्र श्रीवास्तव हरिश्चंद्र धर्मेश आदि ने बताया कि गऊघाट- मझिगवां गांव का मुख्यमार्ग है। इस सड़क से मझिगवां, पहाड़गंज, ढकिया, जंगलिन, पड़रिया, हिन्दुगंज आदि गांव जाने वाले ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर गंदे पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है, जिससे किसी हादसे या जीव-जंतु के हमले का खतरा बना रहता है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल डूब गई है, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है।

का आना जाना एक हजार से अधिक राहगीरों का रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर पक्का पुल बन जाए तो लोगों का आना-जाना आसान हो जाएगा। कई बार ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से लेकर के उच्च अधिकारों से लिखित प्रार्थना पत्र देकर के पुल बनाने की मांग की गई थी।

विद्युत विभाग के खिलाफ नगरवासियों ने खोला मोर्चा, धरना प्रदर्शन कर की नारेबाजी

परशदेपुर, रायबरेली। परशदेपुर कस्बे में शुक्रवार को चार दिन पहले जले ट्रांसफार्मर न बदले जाने से आक्रोशित नगरवासियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की।सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह आक्रोशित नगरवासियों को समझा बुझाकर शांत कराया।

नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे के रामसागर मोहल्ले में चार दिन से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है,इससे लगभग एक हजार की आबादी प्रभावित है।

- विद्युत सप्लाई बाधित शिकायत के बावजूद भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर

बताया जा रहा है कि चार दिन पहले मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर जल गया था जिसकी शिकायत नगरवासियों ने परशदेपुर पावर हॉउस पर की थी बावजूद शिकायत के चार दिन बीत जाने के बाद भी जिला ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया।

ट्रांसफार्मर न बदले जाने से शुक्रवार को नगरवासियों का गुस्सा फूट गया और आक्रोशित नगरवासियों ने मोहल्ले में एकत्रित होकर विद्युत विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। आक्रोशित नगरवासियों ने बिजली विभाग मुदार्बाद का नारा लगाते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक शिवम जायसवाल ने आक्रोशित नगरवासियों को शांत कराने का प्रयास किया वहीं आक्रोशित नगरवासी अपनी मांगो को लेकर अड़े रहे।

जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलने के आश्वासन पर प्रदर्शन कर रहे लोग शांत हुए। वहीं नगरवासियों ने ट्रांसफार्मर न बदलने पर पावर हॉउस का घेराव करने की भी चेवतानी दी। नगरवासी सुरेन्द्र कुमार चौरसिया ,घनश्याम, श्रीकांत त्रिवेदी,राजू कोरी,शिव मोहन,अतुल,हिमांशु सहित आदि लोगों ने बताया कि चार दिन पहले ट्रांसफार्मर जल गया था जिसकी शिकायत पावर हॉउस पर की गयी लेकिन जे ई द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नही बदला जिससे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली सप्लाई बाधित होने से काफी समस्याए हो रही है इसके बावजूद विद्युत विभाग सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन दे रहा है यही नही जे ई साहब को फोन करो तो उनका फोन भी नही उठता। अवर अभियंता धर्मनाथ प्रसाद ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी हुई है,जल्द ही दूसरा ट्रांसफार्मर लगा कर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू करा दी जाएगी।

कांवड़ यात्रा से सकुशल लौटने पर शिव मंदिर में हुआ विशाल भंडारा



सुलतानपुर (वीओएल)। सावन के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा से सकुशल वापस लौटने की खुशी में सुलतानपुर करौंदिया स्थित शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और राहगीरों ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोल' के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन में सोनकर परिवार का विशेष योगदान रहा। आयोजक अनील सोनकर, सुभाष सोनकर, राजा सोनकर, नीरज सोनकर, मदन सोनकर, अर्जुन सोनकर और दिनेश सोनकर ने व्यवस्थाओं में सहयोग करते हुए भंडारे को सफल बनाया। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि कांवड़ यात्रा बाबा भोलेनाथ की कृपा से सकुशल संपन्न हुई। इसी खुशी में भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से सभी ग्रामवासियों के सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना।

न्याय के लिए 12 दिन भटकी महिला आखिर दर्ज हुआ दुराचार का केस

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। दुराचार का आरोप लगाने वाली महिला को मुकदमा दर्ज कराने के लिए 12 दिन तक थाना और अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़े। आखिरकार गोसाईगंज पुलिस ने महिला की तहरीर पर प्रधान के मेट के खिलाफ दुराचार, मारपीट और धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी की मां के खिलाफ भी जातिसूचक गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 15 अगस्त को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 10 अगस्त को प्रधान का मेट उसके घर पहुंचा। उस समय वह घर में अकेली थी। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ दुराचार किया। विरोध करने पर मारपीट की और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला के मुताबिक घटना की जानकारी उसने परिजनों को दी और 15 अगस्त को गोसाईगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि मुकदमा दर्ज न होने पर उसने सीओ कार्यालय और एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। महिला का यह भी आरोप है कि आरोपी की मां से शिकायत करने पहुंचने पर उसने जातिसूचक गालियां दीं और धमकी दी। पुलिस ने अब तहरीर के आधार पर गुरुवार मेट के खिलाफ दुराचार, मारपीट, धमकी समेत अन्य धाराओं और उसकी मां के खिलाफ जातिसूचक गाली-गलौज व धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

12 लाख में नौकरी का झांसा, पांच लाख ऐंठे, न तो नौकरी मिली न ही रकम

सुलतानपुर (वीओएल)। सहायक लिपिक की नौकरी दिलाने के नाम पर 12 लाख रुपये की मांग कर पांच लाख रुपये लेने और बाद में नौकरी न दिलाने का मामला सामने आया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के कपिसा मिश्र का पुरवा निवासी अर्पित कुमार मिश्रा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि सितंबर 2024 में उसके मित्र वरुणेंद्र सिंह ने उसकी मुलाकात हिमांशु शुक्ला से कराई। आरोप है कि हिमांशु ने खुद को इंटर कॉलेज का प्रबंधक बताते हुए सहायक लिपिक का पद रिक्त होने की बात कही। चयन कराने के एवज में 12 लाख रुपये मांगे गए, जिसमें छह लाख रुपये पहले और छह लाख ज्वाइनिंग के बाद देने की बात कही गई।अर्पित के अनुसार उसने अलग-अलग तारीखों में नकद और ऑनलाइन माध्यम से करीब पांच लाख रुपये हिमांशु के कहने पर वरुणेंद्र सिंह, अजिताभ श्रीवास्तव और वासुदेव पांडेय समेत अन्य को दिए। आरोप है कि इसके बाद न नौकरी मिली और न रकम वापस की गई।रकम मांगने पर वासुदेव पांडेय और हिमांशु शुक्ला पर गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस से शिकायत के बाद कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। कोतवाली नगर प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी हिमांशु शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेचना उपनिरीक्षक रामराज को सौंपी गई है।

चार दिन से लापता अधेड़ का तालाब में उतराता मिला शव

परशदेपुर, रायबरेली। डीह थाना अंतर्गत परशदेपुर चौकी क्षेत्र में शनिवार सुबह चार दिन पहले घर से लापता हुए अधेड़ का तालाब में संदिग्ध हालत में उतराता हुआ शव पाया गया। अधेड़ का शव मिलने से गांव में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर पहुंची बहन ने भाई के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। वहीं हादसा या हत्या की गुत्थी में उलझी पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है। चौकी क्षेत्र के दोस्तपुर बुढ़बारा निवासी 55 वर्षीय शीतल सरोज पुत्र सुखलाल का शनिवार सुबह घर से लगभग दो सौ मीटर दूर पनवरिया तालाब में संदिग्ध हालत में उतराता हुआ शव पाया गया। अधेड़ का शव मिलने के बाद गांव में हड़कम्प मच गया। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र यादव ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और वहां मौजूद परिजनों व ग्रामीणों से घटना के सम्बंध में जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भाई की मौत की खबर मिलते ही बहन विमला देवी भी घटना स्थल पर पहुंच गयी। वहीं भाई की मौत से आहत बहन विमला देवी ने भाई के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई हैं। आँखों में आंशू लिए बहन बोली कि भगवान देखत अहंय कि हमरे भाई के साथ का भा उ तौ खुदय भोगे जे केहु ई सब करे होये' यह कहते हुए उसकी आँखो में आंशू आ गए और कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। वहीं मृतक के छोटे भाई करमचन्द्र ने बताया कि शीतल 25 अगस्त की रात लगभग 2 बजे घर से लापता हुए थे,काफी खोजबीन की लेकिन कहीं भी पता नही चला। डायल 112 पुलिस को भाई के खोने की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और चौकी जाने की बात कह कर वापस लौट गयी। मृतक के भाई ने यह भी बताया कि कुछ दिनों से मानसिक रूप से बीमार थे उनकी दवा चल रही थी। अब सवाल यह उठ रहा है की अगर समय रहते पुलिस द्वारा सजगता दिखाई जाती तो शायद यह घटना न हुई होती।

डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न



रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने तथा योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंचाने के निर्देश दिए।प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आवासों के सत्यापन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से उपलब्ध कराया जा सके।

आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनशिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में समय सीमा के उपरांत प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।इसी प्रकार लंबित वादों की समीक्षा करते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा विभागीय कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करते हुए प्रगति में अपेक्षित सुधार लाया जाए। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुवे निर्देश दिए गए कि हाउस होल्ड कनेक्शन के कार्य में तेजी लाये, शत प्रतिशत घरों को कवर कर जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, इसके साथ ही सड़कों को भी प्राथमिकता से रेस्टोरेशन का कार्य कराया जाए। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड के विभिन्न संकेतकों में जनपद की स्थिति बेहतर करने के लिए माह के अंत तक प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य करने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विधायक ने 6 परियोजनाओं का किया लोकार्पण



अयोध्या। बीकापुर विधानसभा में लगातार विकास कार्य जारी है, शनिवार को बीकापुर विधायक डॉक्टर अमित सिंह चैहान ने लगभग 6 विकास परियोजना का लोकार्पण किया। जिसमे बीकापुर के ग्राम पुहंपी मे मंदिर के पास से ओम प्रकाश सिंह के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य,ग्राम हाजीपुर में शुभम के घर से विनोद रावत के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य,ग्राम लखोरी में राम सूरत के घर से राजेश सिंह के घर होते हुए मंदिर तक इंटरलॉकिंग कार्य,ग्राम रौनाही में रजिस्ट्री ऑफिस के सामने आदर्श नगर कालोनी तक इंटरलॉकिंग कार्य,ग्राम सरदार का पुरवा में प्रभात सिंह के घर से रामभवन के सामने तालाब तक नाली निर्माण कार्य, ग्राम मुस्तफाबाद में लोध का पुरवा में पक्की सड़क से वीरेंद्र पांडे के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बीकापुर विधायक डॉ अमित सिंह चैहान ने कहा की राज्य सरकार की जनहित की तमाम योजनाएं जनपद में चलाई जा रही है जिसका फायदा विधानसभा बीकापुर के जनमानस को भी मिल रहा है। उन्होंने बीकापुर में हो रही विद्युत कटौती को लेकर और अवरअभियंता और एसडीओ को विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने उपस्थित जनमानस से कहा की आपकी सारी समस्याओं का निदान आपके गांव में ही कैंप लगाकर किया जाएगा जिसमें पेंशन संबंधी समस्या, आयुष्मान कार्ड आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि पूरे बीकापुर विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जाए जिस पर मैं कार्य कर रहा हूं उसी का नतीजा है की आज मैं लगभग 67 सड़कों का लोकार्पण का कर रहा हूं। लोकार्पण कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, मनीष पांडे वीरेंद्र कुमार राजा सिंह नंदकुमार सिंह गौरव पांडे नंदलाल चैरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।

रामलगन मौर्य हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल-कारतूस बरामद

अयोध्या। जनपद के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कंदैला गांव में रामलगन मौर्य हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। हत्याकांड में 28 अगस्त को तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को दो और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस तरह मामले में अब तक कुल पांच आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। शनिवार को पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से .32 बोर की पिस्टल, एक मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।शनिवार को गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सचिन उपाध्याय (20) पुत्र श्रवण उपाध्याय, घानापुर, कोहड़ौर, प्रतापगढ़ तथा प्रांजल सिंह (20) पुत्र स्वर्गीय प्रेमबहादुर सिंह, पीपरपुर, अमेठी के रूप में हुई है। इससे पहले 28 अगस्त को मुख्य आरोपित राजमणि सिंह के साथ दीपक प्रजापति और मनीष शर्मा अरेस्ट किया। 25 अगस्त की शाम करीब छह बजे कंदैला गांव में पुरानी जमीन और रास्ते के विवाद को लेकर रामलगन मौर्य और उनकी मां पार्वती देवी पर गोली और बम से हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल रामलगन मौर्य को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था, जबकि उनकी मां पार्वती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उनका उपचार लखनऊ स्थित केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक .32 बोर की पिस्टल, एक मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 28 अगस्त को गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों समेत अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

90 दिव्यांग बच्चे उपकरणों के लिए चिह्नित



सुलतानपुर (वीओएल)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता के निर्देश पर शनिवार को धनपतगंज बीआरसी में समेकित शिक्षा एवं एलिम्को के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण चिन्हांकन और मेडिकल एसेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। शिविर में जांच के बाद 90 बच्चों को विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। एलिम्को की टीम ने बच्चों की जरूरत के अनुसार ब्रेल किट, कैलिपर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, रोलेटर, टीएलएम किट, ट्राई साइकिल और व्हीलचेयर के लिए चयन किया। चिन्हित बच्चों को आगामी तीन नवंबर को उपकरण वितरित किए जाएंगे। वहीं मेडिकल एसेसमेंट कैंप में डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद 20 बच्चों को दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए। कई बच्चों को आगे की जांच के लिए सुलतानपुर और लखनऊ रेफर किया गया। शिविर का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी श्याम विहारी और डीसी श्याम सुंदर के संयोजन में हुआ। डीसी ने बताया कि अगला कैंप 31 अगस्त को बीआरसी मोतिगरपुर में लगाया जाएगा। शिविर में स्पेशल एजुकेटर सूर्य प्रकाश तिवारी, सरजू पाठक, आशुतोष, संतोष चतुर्वेदी, कृष्ण मोहन, रेखा वर्मा, नीतू मिश्रा और शत्रुघन वर्मा समेत बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के स्वागत में जुटेगा भाजपाई कुनबा

अयोध्या। भाजर्पा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के 31 अगस्त को अयोध्या आगमन पर जोरदार स्वागत की तैयारियां की गई हैं। राष्ट्रीय महामंत्री पद का दायित्व संभालने के बाद जिले में उनका यह पहला आगमन होगा। उनके साथ भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री संगीता यादव भी रहेंगी। मवई से अयोध्या पुल तक करीब दर्जनभर स्थानों पर पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि दोनों नेताओं का स्वागत करेंगे। स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने भिटरिया में पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कार्यकताओं से स्वागत कार्यक्रम को गरिमापूर्ण और ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। स्वागत क्रम में मवई में ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी की अगुवाई में स्वागत किया जाएगा। रुदौली में विधायक रामचंद्र यादव व जिला पदाधिकारी, चैधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज महोली में विधायक अमित सिंह चैहान, रौनाही टोल प्लाजा के पहले पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी 'खब्बू' तथा उर्मिला महाविद्यालय, मुमताज नगर में विधायक चंद्रभानु पासवान की अगुवाई में स्वागत कार्यक्रम होगा। महानगर सीमा में त्रिमूर्ति होटल के सामने विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष एवं महानगर महामंत्री शिवेंद्र सिंह स्वागत करेंगे। सहादतगंज ओवरब्रिज की शुरूआत में पूर्व विधायक गोरखनाथ, गरुण द्वार पर महानगर पदाधिकारी एवं विधायक अभय सिंह, दिशा कोचिंग के सामने जिला पंचायत प्रशासक रोली सिंह, साकेतपुरी बैंक ऑफ बड़ौदा कार्यालय मोड़ पर पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र तथा रमाय होटल के सामने पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय दोनों नेताओं का स्वागत करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने बताया कि 31 अगस्त सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी जिले की सीमा में प्रवेश करेंगे।

अयोध्या में 18 करोड़ से बनेगा मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

- महापौर व नगर आयुक्त ने किया भूमि पूजन व शिलान्यास, एक साल में पूरा होगा निर्माण



अयोध्या। रामनगरी में खिलाड़ियों को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है। वशिष्ठ कुंड वार्ड में 17 करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपये की लागत से मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। करीब 4684 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनने वाले इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शनिवार को खेल दिवस के अवसर पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने वैदिक विधि-विधान से भूमि पूजन कर स्टेडियम का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि योगी सरकार में खेल सुविधाओं के विकास पर लगातार काम किया जा रहा है। अयोध्या में आधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनने से शहर के खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा और नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि कक्षा से अधिक व्यावहारिक ज्ञान खेल के मैदान में मिलता है। खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जयंती और खेल दिवस पर खिलाड़ियों के लिए इससे बड़ी सौगात और कुछ नहीं हो सकती। यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स अयोध्या के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देगा। कार्यक्रम का संचालन अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ ने किया। इस मौके पर उपसभापति संतोष सिंह, पार्षद रंजना यादव, विनय जायसवाल, रमाशंकर निषाद, सूर्यकुमार तिवारी, चंदन सिंह, हरिश्चंद्र गुप्ता, अभिनव पांडेय, अजय पांडेय, ज्ञान केसरवानी, सुशील मिश्र बबलू, दीप कुमार, सुल्तान अंसारी, सुफियान, भाजपा नेता हेमंत जायसवाल, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, दिव्य प्रकाश तिवारी, इंजीनियर रवि तिवारी, मधुकरिया संत एमबी दास, धर्मेंद्र सिंह, व्यापारी नेता अंजनी गर्ग, खेल जगत के रोहित शर्मा, राहुल सिंह, योगेश्वर सिंह, सुनील अवस्थी, श्रीनिवास शास्त्री, अजीत सिंह, क्रीड़ा अधिकारी अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनने वाला स्पोर्ट्स कांप्लेक्स 4684 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित किया जाएगा। इसमें भवन का निर्माण 3064 वर्ग मीटर में होगा। भवन में 1372 वर्ग मीटर का बेसमेंट, 1664 वर्ग मीटर का भूतल तथा करीब 789 वर्ग मीटर में प्रथम एवं द्वितीय तल का निर्माण होगा। करीब 91 वर्ग मीटर का टेरेस भी विकसित किया जाएगा।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

सुलतानपुर (वीओएल)। सनबीम स्कूल सुलतानपुर में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षण

संक्षेप

आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अयोध्या। जनपद के समस्त राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश अलीगंज, लखनऊ द्वारा सत्र 2026-27 (एक वर्षीय) एवं सत्र 2026-2028 (दो वर्षीय) का प्रथम चरण का प्रवेश परिणाम घोषित किया गया है।प्रवेशित अभ्यर्थी अपने बुलावा पत्र की प्रति, समस्त मूल प्रमाण-पत्रों, अंकपत्रों जाति प्रमाण पत्र, तीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ प्रवेशित संस्थान के प्रधानाचार्य से अन्तिम निर्धारित तिथि के पूर्व सम्पर्क करके संस्थान में उपलब्ध प्रवेश लिस्ट से जाँच करवाने के उपरान्त अपना प्रवेश ले लें। अभ्यर्थी बुलावा पत्र में अंकित विवरण के अनुसार राजकीय संस्थान में प्रवेश के समय अपग्रेडेशन प्रक्रिया में भाग लेने की स्थिति के अनुसाकिसी एक विकल्प का चयन करते हुए प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करानी होगी। प्रथम चरण के प्रवेश की अंतिम तिथि 04 सितम्बर 2026 दिन गुरूवार (अवकाश सहित) निर्धारित है।

हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन



जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले में भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक पावन पर्व रक्षाबंधन अत्यंत उत्साह, उल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया।सुबह से ही शहरी क्षेत्रों से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। हर तरफ राखी की दुकानों पर रौनक और बहनों की लंबी कतारें इस पर्व के प्रति लोगों के गहरे उत्साह को बयां कर रही थीं।?जिले के प्रमुख शहर पडरौना, हाटा, कप्तानगंज, कसया और खड्डा सहित ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही चहल-पहल शुरू हो गई थी।बहनों ने सुबह स्नान कर शुभ मुहूर्त

डीएम और एसपी ने राखी बढ़ाकर दी शुभकामनाएं

में अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और उनकी लंबी उम्र तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा।भाइयों ने भी उपहार देकर अपनी बहनों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान मिठाइयों की दुकानों पर खासी भीड़ नजर आई, जहां पारंपरिक मिष्ठान और लड्डू, बर्फी, पेड़ा, सोनपापड़ी की जमकर खरीदारी हुई।त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा।इस पावन अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने राखी बढ़ाकर जनपदवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

बहनों के लिए मुफ्त बस यात्रा का लाभ

उत्तर प्रदेश सरकार की पहल के तहत महिलाओं और बहनों को रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई थी।इसका लाभ उठाने के लिए कुशीनगर डिपो और विभिन्न बस अड्डों पर सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। सरकार की इस सौगात से दूर-दराज अपने भाइयों के घर राखी बांधने जाने वाली बहनों को काफी सहूलियत मिली।

इसके साथ ही जिले भर में सुरक्षा को लेकर पुलिस की निगरानी रही, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या अप्रिय घटना से बचा जा सके। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बाजारों और मुख्य चौराहों पर महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई थी।कुल मिलाकर, कुशीनगर में रक्षाबंधन का यह पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 को

अयोध्या। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या के निदेर्शानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर 2026 (द्वितीय शनिवार) को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रिलिटीगेशन स्तर के विवाद- धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर) व अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद)। न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)- आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाऐ, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंधित है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई कबड्डी, सोनदिया की टीम विजयी रही



जौराबाजार, कुशीनगर।राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को फाजिलनगर क्षेत्र के ग्रामीण मीनी स्टेडियम कटेया मैनुद्दीन में पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में केवल दो टीमों ने भाग लिया।तमकुही राज क्षेत्र के सोन्दिया बुजुर्ग तथा फाजिलनगर विकासखंड से लक्ष्मीपुर महंथ ने भाग लिया। खेल का प्रारंभ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विवेक गौड़ द्वारा हाथ मिला कर किया गया।इस अवसर पर विवेक गौड़ ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता से युवा खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होगा।साथ ही खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।कहा कि खेल कोई भी हो अनुशासित होकर खेलना चाहिए।इससे मंजिल आसानी से प्राप्त हो जाती है।खेल से मन मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहते हैं।पूरे खेल में दोनों टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बरसात के कारण दर्शकों की संख्या काफी कम रही लेकिन दोनों टीमों ने काफी पसीना बहाया। अंत में सोन्दिया की टीम विजयी घोषित हुई। निर्णायक प्रतियोगिता में चंदन यादव वरिष्ठ खिलाड़ी रहे।इस अवसर पर पुरस्कार वितरण का काम क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विवेक गौड़ द्वारा विजयी टीम सोन्दिया बुजुर्ग के कप्तान आशुतोष दूबे उप विजेता लक्ष्मीपुर टीम के कप्तान शाहबाज अंसारी को मेडल देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर ब्लॉक कमांडर रामानंद कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, रामप्रवेश, हरिन्द्र आदि उपस्थित रहे।

भटनी का युवक गिरफ्तार

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार के चर्चित युवक मोनी तिवारी को रात्रि से हाउस आरेस्ट कर लिया।बताया गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज जी के डी एन इण्टरमीडिएट कालेज मझौली राज में लगे कार्यक्रम को देखते हुए भटनी पुलिस सुरक्षा को देखते हुए कार्यक्रम के एक दिन पहले शुक्रवार की रात्रि को पहुंच कर हाउस आरेस्ट कर लिया।हाउस आरेस्ट के सम्बन्ध में पता चला है कि मोनू तिवारी कुछ अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज को अपना प्रार्थना पत्र देना चाहता था।पुलिस को भनक लगते ही अर्धरात्रि को ही हाउस आरेस्ट कर लिया।कार्यक्रम के सम्पन्न होने पर पुलिस ने छोड दिया।

भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ के मासिक बैठक का आयोजन आज

देवरिया।भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ फाउंडेशन भारत की मासिक बैठक 30 अगस्त, दिन झरविवार को रामनाथ देवरिया स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल पर अपराह्न 01:00 बजे से आयोजित होगी।राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने बताया कि उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के साथ झसाथ प्रदेश व जिले के अन्य पदों का मनोनयन होगा, साथ ही साथ संगठन विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा होगीउन्होंने बैठक में अधिक से अधिक संख्या में प्रबंधकों को जुटने का आग्रह किया है।उक्त आशय की जानकारी संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता विपिन कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

कुवानो नदी में गिरे युवक का शव बरामद

बहराइच।जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में कुंवानों नदी पर बने पुल से एक युवक के नदी में गिरने के बाद घंटों चले तलाशी अभियान में शनिवार को एनडीआरएफ की टीम ने उसका शव बरामद कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के बेलभारिया गांव निवासी नीरज कश्यप (20) बीती रात कुंवानों नदी पर बने पुल के पास था।इसी दौरान वह पुल से नीचे नदी में गिर गया।घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कराई गई।युवक के नदी में गिरने की सूचना के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया। बाद में एनडीआरएफ की टीम को भी अभियान में लगाया गया। नदी का जलस्तर और क्षेत्र की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण होने के कारण टीम को युवक का पता लगाने के लिए काफी देर तक तलाश करनी पड़ी।

खेल दिवस के रूप में मनी मेजर ध्यानचंद जयंती

बुद्धा पीजी में आयोजित बैडमिंटन और टेबल टेनिस के प्रतिभागी पुरस्कृत

कुशीनगर। राष्ट्रीय खेल दिवस और मेजर ध्यानचंद जयन्ती के अवसर पर बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर के क्रीडा परिषद द्वारा विविध खेल प्रतियोगिता आयोजित किए गए।शनिवार को

डिजिटल युग में मानसिक तनाव से दूर रहने के साधन है खेल

आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल मुंशी एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री मुंशी ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जीवन हमें सिखाता है कि सीमित संसाधनों में भी दृढ़ संकल्प के बल पर वैश्विक पटल पर तिरंगा लहराया जा सकता है। आज के युवाओं को मोबाइल स्क्रीन से बाहर निकलकर खेल के मैदान में उतरना चाहिए, क्योंकि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है।विशिष्ट वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर गौरव तिवारी ने कहा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में मानसिक तनाव को दूर करने का सबसे बेहतर साधन खेल हैं।हमें खेलों को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि करियर और स्वास्थ्य के नजरिए से देखना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि शिक्षा और खेल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रतियोगिता में बैडमिंटन एकल पुरूष में सौरभ कुमार प्रथम, अभिषेक कुमार मल्ल तृतीय एवं अनमोल चौहान द्वितीय स्थान, टेबल टेनिस बालिका वर्ग में अनुराधा कुमारी गुप्ता प्रथम, अंतिमा सिंह द्वितीय, जीनत खातून तृतीय, बैडमिंटन बालिका वर्ग एकल में जीनत खातून प्रथम, आस्था अग्रवाल द्वितीय एवं अनुराधा कुमारी गुप्ता तृतीय, बैडमिंटन डबल्स बालक वर्ग में अभिषेक कुमार मल्ल, सौरभ कुमार प्रथम, प्रियांशु सिंह, श्रेयांश मिश्रा द्वितीय, अनमोल चौहान किशन विश्वकर्मा तृतीय, बैडमिंटन बालिका वर्ग डबल में जीनत खातून, आस्था अग्रवाल प्रथम,



अनुराधा कुमारी गुप्ता, आकांक्षा वर्मा द्वितीय, अंतिमा सिंह निशु गुप्ता तृतीय, टेबल टेनिस एकल में सत्यम मणि त्रिपाठी प्रथम, नितिन कुमार मद्धेशिया द्वितीय और किशन विश्वकर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन परास्नातक के छात्र बासु प्रसाद गोंड ने किया। अंत में क्रीडा अध्यक्ष राकेश कुमार सोनकर ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि क्रीडा परिषद आगे भी इस तरह के खेल आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देती रहेगी। इस अवसर पर प्रोफेसर त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, प्रोफेसर इंद्रजीत मिश्रा, प्रोफेसर राजेश सिंह, डॉ. सौरभ द्विवेदी, डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. कमाल हसन और डॉ. दीपक जतिन शुक्ला अनमोल चौहान आयुष कुमार त्रिपाठी श्रेयांश मिश्रा विशाल गोंड, अनुज दुबे आदि उपस्थित रहे।

रक्षा बंधन पर भाई-बहन के पवित्र प्रेम से भावुक हुआ लोटस पब्लिक

जिला संवाददाता

भटनी (देवरिया)। स्थानीय 115 नंबर रेलवे ढाला बाईपास रोड स्थित लोटस पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही हर्ष, उल्लास, श्रद्धा और आत्मीयता के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा मनाए गए इस धार्मिक एवं भावनात्मक आयोजन ने भाई-बहन के अटूट प्रेम और भारतीय संस्कारों की मनमोहक छटा बिखेर दी।

कार्यक्रम के दौरान नन्हीं बहनों ने पूजा की थाली में रोली, चंदन, अक्षत, दीपक और राखी सजाकर अपने भाइयों का तिलक किया। इसके बाद विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। राखी बांधते समय भाई-बहन के चेहरों पर उमड़ी खुशी और आंखों में झलकता स्नेह का भाव देखते ही बन रहा था। बहनों ने भाइयों की दीघार्यु और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने बहनों की सदैव रक्षा करने का संकल्प लिया।रक्षाबंधन के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह पर्व केवल राखी बांधने का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, कर्तव्य और रक्षा के पवित्र संकल्प का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में रक्षा सूत्र को पवित्र बंधन माना गया है, जो भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत करता है। नन्हे बच्चों के बीच इस परंपरा को जीवंत देखकर विद्यालय का वातावरण भावुक एवं आध्यात्मिक हो उठा।राखी बांधने के बाद भाई-बहनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान विद्यालय परिसर में खुशी और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। बच्चों के इस आयोजन ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और पारिवारिक मूल्यों का सुंदर संदेश दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य संजय राना संचालक सहित स्कूल के शिक्षकों की भुमिका सराहनीय रहा।

शिक्षकों व कर्मचारियों ने दिखाया खेल कौशल



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया।मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिसर में विविध खेल एवं शारीरिक क्रियाओं का आयोजन किया गया। मंत्रालय का अभियान ष्खेलेगा भारत जीतेगा भारतष्एवं ष्एक घंटा खेल के मैदान मेंष्के अंतर्गत 28 से 30 अगस्त तक त्रिदिवसीय खेल कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इसी क्रम में 29 अगस्त को आवासीय परिसर के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने फुटबॉल मैच तथा विभिन्न शारीरिक व्यायाम क्रियाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे पूर्व 28 अगस्त को सामूहिक योगाभ्यास का सफल आयोजन किया गया था। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह द्वारा किया गया था।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं जनसामान्य में शारीरिक सक्रियता, स्वास्थ्य, फिटनेस और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर कला संकाय की डीन प्रो. मृदुला मिश्रा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सुरेंद्र मिश्रा, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. कपिल कुमार राणा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. अनुराग सोनी, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, डॉ. अजय शुक्ला, डॉ. विमल कुमार यादव, डॉ. विष्णु प्रसाद यादव, संघर्ष सिंह, देवेंद्र वर्मा, कुमार मंगलम सिंह, डॉ. मोहिनी पांडे, स्वाति उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ग्रामीण मीनी स्टेडियम का बहुउद्देशीय कमरा पक्षियों का बना रैन बसेरा

जौराबाजार, कुशीनगर। फाजिलनगर क्षेत्र का एकमात्र ग्रामीण मीनी स्टेडियम इस समय विभागीय उपेक्षा के चलते बहुउद्देशीय कमरा पक्षियों का बसेरा बना हुआ है तो दूसरी ओर स्टेडियम का खेल मैदान बड़ी बड़ी झाड़ियों से भरा पड़ा है। पीने के पानी के एक अदद नल भी नहीं है। स्टेडियम का निर्माण युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश द्वारा कराया गया है।

फाजिलनगर क्षेत्र का एकमात्र ग्रामीण मीनी स्टेडियम कटेया मैनुद्दीन घोर उपेक्षा का शिकार है। यहां पूरा खेल का मैदान बड़े बड़े झाड़ियों से पटा पड़ा है।जिधर देखिए उधर झाड़ियां है।उस पर दवा छिड़क कर सुखाने का प्रयास भी किया जाता है। लेकिन कुछ ही दिनों के बाद पुनः झाड़िया फिर हरी भरी हो जाती है।

प्रांतीय रक्षक दल स्टेडियम को लेकर कितना गंभीर है कि वह



शिलान्यास के पत्थर की रक्षा भी नहीं कर पा रहा है। जिस पत्थर पर उस समय के सांसद रमापति राम त्रिपाठी तथा उस समय के विधायक गंगा सिंह कुशवाहा का नाम अंकित था। इन लोगों के प्रयास से ही स्टेडियम का निर्माण हो पाया था। उद्घाटन के समय पर बहुउद्देशीय कमरा रख्खा गया था। इस समय उसका पता नहीं है। अपने निरीक्षण के समय फाजिलनगर के विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा था कि बहुउद्देशीय हाल में पक्षियों का प्रवेश न हो पाए इसका ख्याल रखिएगा। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि इसका निर्माण इस तरह से होगा कि कोई पक्षी अंदर प्रवेश ही नहीं कर पाएगा। लेकिन निर्माण के बाद पूरे कमरे पर पक्षियों का कब्जा हो गया है। पूरा कमरा पक्षियों के बीट से बदबू कर रहा है। लाखों की लागत से बने लकड़ी के फर्श पर चारों तरफ बीट पड़ा है। अंदर से देखने पर मालूम पड़ रहा है कि यह पक्षियों का बसेरा है।इस जगह की उपेक्षा से इस कदर है कि विभाग यहां पर पीने के लिए एक अदद नल की व्यवस्था तक नहीं है।

शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं दिव्यांग

बहराइच 29 अगस्त।दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अन्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर रू. 15,000=00 एवं महिला के दिव्यांग होने पर रू. 20,000=00 तथा यदि दम्पति (पति-पत्नी) दिव्यांग हैं तो रू. 35,000=00 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। योजना हेतु ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ हो। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने समस्त बीडीओ व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अभ्यर्थियों के आवेदन पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सीडीओ श्री धनवंता ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र धारक ऐसे युवक जिनकी शादी के समय आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई भी सदस्य आयकर दाता न हो। आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, संयुक्त खाता, शादी कार्ड एवं विवाह के समय का संयुक्त फोटो आदि अभिलेख के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कुर्सी किरन की, हुक्म राकेश का! ईओ बोलीं–सांसद प्रतिनिधि राकेश

किरन अध्यक्ष, राकेश साहब! पालिका में पति की सक्रियता पर सवाल, ईओ के जवाब ने बढ़ाई उलझन

जिला संवाददाता

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर में अधिकारों की तस्वीर दिलचस्प हो गई है। एक तरफ निर्वाचित अध्यक्ष किरन जायसवाल ने एसडीएम के निरीक्षण को असंवैधानिक मानते हुए नोटिस जारी कर दिया, दूसरी तरफ अध्यक्ष की कुर्सी के ठीक बगल बैठने वाले उनके पति राकेश जायसवाल की नगर पालिका के कामकाज में सक्रिय भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देने से लेकर निर्माण कार्यों का मौके पर निरीक्षण करने तक उनकी मौजूदगी चर्चा में है। मीडिया ने जब ईओ अंकिता शुक्ला से पूछा कि आखिर राकेश जायसवाल किस नियम या शासनादेश के तहत अध्यक्ष कक्ष में बैठते हैं, तो जवाब मिला ह्लआपको जानकारी नहीं है, वह सांसद प्रतिनिधि हैं।ह्व लेकिन किस सांसद के



प्रतिनिधि हैं, इस सवाल पर ईओ ने कोई जवाब नहीं दिया। ऐसे में एसडीएम को अध्यक्ष की ओर से दी गई नोटिस, जिलाधिकारी के 11 बिंदुओं पर जांच के आदेश और राकेश जायसवाल की कथित प्रशासनिक सक्रियता के बीच अब सवाल सिर्फ एक कुर्सी का नहीं है बल्कि सवाल यह है कि नगर पालिका में अधिकार की वास्तविक रेखा आखिर कहां खिंची है और उसे पार कौन कर रहा है?बतादे कि राकेश जायसवाल, नगरपालिका परिषद के निर्वाचित अध्यक्ष किरन जायसवाल के पति हैं, यह पारिवारिक संबंध है। सवाल यह है कि वह किस अधिनियम, नियम अथवा शासनादेश के तहत नगर पालिका अध्यक्ष के कक्ष में अध्यक्ष की कुर्सी के बगल में अपनी कुर्सी लगाकर बैठते हैं और पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ प्रशासनिक भूमिका में दिखाई देते हैं? जानकारों का कहना है कि राकेश जायसवाल सिर्फ अध्यक्ष पति होने के वजह से अध्यक्ष के कक्ष अध्यक्ष के कुर्सी के बगल मे अपनी कुर्सी लगाकर बैठते है तो यह पूरी तरह असंवैधानिक व घोर नियम विरुद्ध है और यदि वह किसी आधिकारिक पद अथवा प्रतिनिधि की हैसियत से बैठते हैं तो वह अधिकार किस किस नियम, अधिनियम व शासनादेश के तहत मिला है? यह वह सवाल है जिसका जवाब नगर पालिका प्रशासन को हर हाल मे सार्वजनिक करना चाहिए।

ईओ ने कहा: सांसद प्रतिनिधि है राकेश जायसवाल

अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला का यह कहना कि राकेश जायसवाल ह्लसांसद प्रतिनिधिह्व हैं, मामले को और गंभीर बनाता है।किसी सांसद का प्रतिनिधि होना एक अलग पहचान है और नगर पालिका अध्यक्ष के पति होना अलग। इसलिए अब सबसे पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि राकेश जायसवाल किस सांसद के प्रतिनिधि हैं।यदि कोई अधिकृत नियुक्ति है तो संबंधित सांसद का नाम, नियुक्ति पत्र, तारीख और जिम्मेदारी स्पष्ट होनी चाहिए। क्योंकि पद है तो आदेश जरूरी है और आदेश है तो उसका रिकॉर्ड भी होना चाहिए। लेकिन मीडिया के सीधे सवाल के बाद भी सांसद का नाम सामने नहीं आना अब अपने आप में चर्चा का विषय बन गया है।

अध्यक्ष प्रतिनिधि' से 'सांसद प्रतिनिधि' तक! असली पहचान कौन

राकेश जायसवाल की भूमिका को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। कहीं उन्हें अध्यक्ष का प्रतिनिधि बताया जाता है तो अब ईओ उन्हें सांसद प्रतिनिधि बता रही हैं।यदि वह अध्यक्ष के प्रतिनिधि हैं तो किस नियम के तहत? और यदि सांसद प्रतिनिधि हैं तो किस सांसद के? यदि दोनों हैं तो दोनों नियुक्तियों के आदेश कहां हैं, और अगर कोई लिखित नियुक्ति नहीं है तो सरकारी कार्यालय में उनकी भूमिका क्या है?एक व्यक्ति, दो पहचान और दोनों के अधिकार का दस्तावेज गायब यही इस पूरे प्रकरण का सबसे बड़ा सवाल बन गया है।

शिलापट्ट पर पति का नाम, कक्ष में पति की कुर्सी

राकेश जायसवाल की भूमिका को लेकर सवाल इसलिए भी गहरा रहे हैं क्योंकि नगर पालिका के विकास कार्यों के शिलापट्टों पर अध्यक्ष का नाम ₹किरन जायसवाल₹ होने के बावजूद ₹किरन राकेश जायसवाल₹ लिखे जाने पर पहले से सवाल उठ चुके हैं।उस मामले में ईओ अंकिता शुक्ला ने इसे ₹प्रचलन₹ बताया था।अब अध्यक्ष कक्ष में अध्यक्ष की कुर्सी के ठीक बगल में राकेश जायसवाल की कुर्सी और फिर उन्हें सांसद प्रतिनिधि बताया जाना इन दोनों घटनाओं ने नगर पालिका के कामकाज को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। ऐसे मे सवाल उठना लाजमी है कि क्या यह महज संयोग है या किसी स्थापित व्यवस्था का हिस्सा?अगर व्यवस्था है तो उसका नियम क्या है?अगर नियम है तो आदेश कहां है?और अगर आदेश है तो सार्वजनिक क्यों नहीं

सांसद प्रतिनिधि हैं तो कुशीनगर पालिका तक ही क्यों

जानकारों का कहना है कि यदि राकेश जायसवाल किसी सांसद के प्रतिनिधि हैं तो उनका दायित्व सिर्फ कुशीनगर नगर पालिका के दायरे में ही क्यों दिखाई देता है। कुशीनगर संसदीय क्षेत्र में आने वाली दूसरी नगर पालिकाएं और नगर पंचायतें भी हैं। वहां भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से विकास कार्य होते हैं। तो क्या राकेश जायसवाल वहां भी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हैं? क्या वहां के अधिकारियों के साथ भी इसी तरह बैठते हैं?क्या वहां भी उन्हें सांसद प्रतिनिधि के रूप में जाना जाता है?यदि नहीं, तो कुशीनगर नगर पालिका में उनकी विशेष सक्रियता का आधार क्या है?

ईओ के साथ निर्माण स्थलों पर निरीक्षण, तस्वीरें सोशल मीडिया पर

राकेश जायसवाल की भूमिका को लेकर सवाल सिर्फ मौखिक चचाओं पर आधारित नहीं हैं।

उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसी तस्वीरें भी अपलोड की गई है जिनमें वह नगर में चल रहे निर्माण कार्यों का ईओ के साथ मौके पर निरीक्षण करते दिखाई देते हैं।

अब सवाल यह है कि यदि वह नगर पालिका के अधिकारी नहीं हैं तो इन सरकारी निर्माण कार्यों के निरीक्षण में उनकी भूमिका क्या है?क्या वह अधिकृत निरीक्षण टीम का हिस्सा है? क्या उनके निरीक्षण का कोई सरकारी रिकॉर्ड तैयार हुआ? क्या उनकी टिप्पणी या निर्देश किसी सरकारी फाइल का हिस्सा बने? यदि नहीं, तो फिर सरकारी निर्माण स्थल पर उनकी भूमिका किस हैसियत से थी और है?

संक्षेप

पीटीएम में विद्यार्थियों की प्रगति पर हुई परिचर्चा

सोनभद्र। माँ वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक (च्ज्ड) का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचे और अपने परीक्षा परिणाम देखकर उत्साहित नजर आए। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपलब्धियों एवं कमियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कमजोर क्षेत्रों में सुधार के लिए नियमित अध्ययन, अभ्यास एवं समय-प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर दुबे ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों का आपसी सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित करने की अपील की। प्रधानाचार्य सत्य देव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि च्ज्ड विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देना विद्यालय की प्राथमिकता है तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम सकारात्मक एवं संवादपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

बस्ती। जिले में कलवारी थाना क्षेत्र के चनगहिया गांव के समीप एक मोटर साइकिल और कार मे आमने-सामने हुए भिड़न्त में तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि कलवारी थाना क्षेत्र के घोईसापुर गांव निवासी शहाबुद्दीन (28), शरीफ (29) तथा नूर आलम (26) मोटर साइकिल से घूमने के लिए जा रहे थे अभी ये लोग चनगहिया गांव के समीप ही पहुंचे थे तभी सामने से आ रही कार में अनियंत्रित होकर भिड़न्त हो गयी जिससे तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस हिरासत में युवक की मौत

बदायूं। बदायूं जिले में पुलिस हिरासत में कथित तौर पर तबीयत बिगड़ने से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया है, हालांकि पोस्टमार्टम में मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार को अटसेना गांव में एक भोज के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष के कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। वहीं, दूसरे पक्ष के राजेश (28) को शांति भंग की आशंका में पाबंद कर पूछताछ के लिए दातागंज थाने लाया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब चार बजे राजेश थाने के शौचालय गया था और वहां से लौटने के बाद वह अचानक गिर पड़ा। पुलिसकर्मी उसे दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई।

सीएचसी के चिकित्सक रितेश भसीन ने बताया कि राजेश को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। चिकित्सक के अनुसार, उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे।

हालांकि, परिजनों ने आरोप लगाया कि राजेश की मौत थाने में ही हो गई थी और पुलिस ने अस्पताल को घटना की सही जानकारी नहीं दी। परिजनों का यह भी आरोप है कि पुलिस ने किसी परिजन को उसके साथ अस्पताल नहीं भेजा।

पुलिस ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि थाने के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में राजेश पहले फर्श पर लेटा हुआ, फिर उठकर शौचालय जाते और वहां से लौटने के बाद गिरता दिखाई दे रहा है। एसएसपी ने बताया कि चिकित्सकों के एक दल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया गया है और शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले। सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट है कि राजेश के साथ मारपीट या प्रताड़ना नहीं हुई।

एसएसपी ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पात्र परिवारों तक पहुंचायें मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ

जिला संवाददाता(vol)



- दृष्टि की बैठक में विकास योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा
- सम्पर्क मार्ग एवं विद्युतीकरण कार्यों की तकनीकी टीम करेगी जांच, निर्माण कार्यों के नियमित स्थलीय निरीक्षण पर जोर
- मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच के निर्देश, अनधिकृत नारकोटिक दवाओं की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

सोनभद्र। जनपद में संचालित विकास योजनाओं को धरातल पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूरा कराने को लेकर शनिवार को विकास भवन में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति ह्यदृष्टिह्न की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग संजीव कुमार गोड़ जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की सार्थकता तभी है, जब वे समय से पूरे हों और उनकी गुणवत्ता लंबे समय तक जनता के उपयोग के अनुरूप बनी रहे। निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देश केवल कार्यवाही तक सीमित न रहें, बल्कि उनका प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए। निदेर्शों के अनुपालन एवं कार्यों की प्रगति की अगली बैठक में पुनः समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। जनपद में आवास योजना के लिए पात्र परिवारों का नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से चयन सुनिश्चित करते हुए उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्रता की जांच पूरी गंभीरता से की जाए, जिससे कोई भी पात्र परिवार आवास की सुविधा से वंचित न रहने पाए।

जनपद में कराए जा रहे सम्पर्क मार्गों एवं विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा के दौरान राज्य मंत्री ने गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाएं नियमित निरीक्षण करें तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही कार्य कराए जाएं। बैठक में राज्य मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि विकास एवं निर्माण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व उनका शिलान्यास तथा पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण संबंधित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए।

बैठक में औषधि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना वैध पंजीकरण एवं निर्धारित प्रावधानों के नारकोटिक एवं नियंत्रित श्रेणी की औषधियों की बिक्री किसी भी दशा में न होने पाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय से संबंधित अभिलेखों एवं निर्धारित मानकों की भी जांच की जाए। नियमों के उल्लंघन अथवा अनधिकृत बिक्री का मामला सामने आने पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राज्य मंत्री ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर जनहित से जुड़े विषयों तक संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ आमजन तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विधायक राबर्ट्सगंज, विधायक घोरावल के प्रतिनिधिगण, प्रमुखगण, खण्ड विकास अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला विकास अधिकारी, समिति में नामित विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधानगण सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सत्यम का यूपीएससी में चयन होने से जिले का बढ़ा मान



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के उरमौरा निवासी सत्यम का संघ लोक सेवा आयोग प्रतिष्ठित परीक्षा ड्रग इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है। सत्यम की इस उपलब्धि से उनके परिवार, क्षेत्र एवं पूरे जनपद में हर्ष का माहौल है। सत्यम एच.एन. सिंह के नाती हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त की तथा इसके बाद रायपुर से उच्च शिक्षा पूरी की। अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के बल पर सत्यम ने न्च्ब् के ड्रग इंस्पेक्टर जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में 11वाँ रैंक पाकर सफलता हासिल की है। सत्यम की सफलता ने सोनभद्र के युवाओं को भी प्रेरणा दी है। परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सत्यम की यह सफलता सोनभद्र के लिए गौरव का विषय है और जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायी संदेश है।

सोनभद्र में आईआईएफएल फाइनेंस की गोल्ड लोन शाखा का शुभारंभ

सोनभद्र। जिले में आईआईएफएल फाइनेंस की गोल्ड लोन शाखा का आज भव्य उद्घाटन किया गया। शाखा का उद्घाटन नगवां ब्लाक प्रमुख आलोक कुमार सिंह, रॉबर्ट्सगंज ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला एवं कंपनी के वाराणसी क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वाराणसी क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार पाठक ने बताया कि आईआईएफएल गोल्ड लोन भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी है, जो पूरे देश में लगभग 3000$ शाखाओं के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आईआईएफएल बाजार में सबसे कम ब्याज दर पर सोने के बदले अधिकतम लोन उपलब्ध कराती है और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करती है। सोनभद्र क्षेत्र के लोगों को इस शाखा के माध्यम से उचित दरों पर गोल्ड लोन की सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि इस शाखा के माध्यम से निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों को कम से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना कंपनी का मुख्य उद्देश्य रहेगा, ताकि जरूरतमंद लोग आसानी से आर्थिक मदद ले सकें। साथ ही इस शाखा से व्यावसायिक लोन भी मिलेगा। इस मौके पर विनोद यादव, हरिदत्त पाण्डेय, अधिवक्ता अनूप पाण्डेय, जीनत, केशरीनंदन पाठक, अशोक तिवारी, रविन्द्र नाथ पाठक समेत कंपनी के अन्य अधिकारी व गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

जेल से बाहर छूटे व्यापारी ने पुलिस पर लगाये गंभीर आरोप



मोहम्मदी खीरी। लूट के माल को खरीदने वाले व्यापारी ने जेल से जमानत मिलने के बाद संगठन के पदाधिकारी के साथ पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन निरीक्षक को दिया है तमाम चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस ने कस्बा में हुई लूट के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की वहीं लूट के माल खरीदने वाले सराफा व्यापारी लक्ष्मण गुप्ता को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। उसी दिन अदालत ने सुनवाई करते हुए रिहा कर दिया था। शनिवार को व्यापारी लक्ष्मण गुप्ता, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, रवि गुप्ता इकरार खां विनोद तिवारी समेत प्रमुख लोगों ने पुलिस पर सत्ता के दबाव मे काम करने का आरोप लगाया वहीं आरोपी का नाम मुकदमे से पृथक करने की मांग करने का ज्ञापन कोतवाल उमेश चौरसिया को सौंपा है। जबकि घटना का खुलासा निरीक्षक की निगरानी में किया गया आरोपी बनाए गए व्यापारी ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ न्यायालय में परिवार दाखिल करने की बात कही है। मामले में पुलिस की खासी किरकिरी हो गई है।

ट्रेन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दंपति की मौत

प्रतापगढ़। जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के भुपियामऊरेलवे स्टेशन के निकट रेलवे पाटरी पार कर रहे पति-पत्नी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। नगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम भुपियामऊरेलवे स्टेशन के निकट पटरी पार कर रहे मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।सीओ ने बताया कि मृतकों की पहचान थाना लीलापुर के रानीगंज अजगरा निवासी राम कृष्ण यादव (45) व उसकी पत्नी इंद्रावती देवी (40) के रूप में की गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कैथी द्वितीय में सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

सामुदायिक शौचालय के रास्ते में महीनों से गिरा पेड़ हटाने की मांग



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कैथी द्वितीय में सामुदायिक शौचालय की बदहाल स्थिति के साथ ही उसके रास्ते में महीनों से पेड़ टूटकर गिरा पड़ा है। इससे शौचालय का उपयोग करने के लिए आने-जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को गिरे पेड़ को फांदकर रास्ता पार करना पड़ता है, जिससे गिरकर चोटिल होने की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सफाई कर्मचारी की तैनाती होने के बावजूद सफाई व्यवस्था और जनसुविधाओं को लेकर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद गांव की समस्याओं के समाधान को लेकर जिम्मेदारों की सक्रियता कम हो गई है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी पर भी ग्रामीणों ने समस्याओं के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। ग्रामीण राहुल, सुरेंद्र, अनिल और कल्लू ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि सामुदायिक शौचालय के रास्ते में गिरे पेड़ को तत्काल हटवाकर आवागमन सुचारु कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने फोन पर बताया कि गिरे पेड़ को काटने के लिए श्रमिक से कहा गया है, टहनियां काटने के लिए इलेक्ट्रिकल आरी का इस्तेमाल होना है, लेकिन बारिश के कारण पेड़ की टहनियां गीली हैं। मौसम थोड़ा साफ होने और टहनियां सूखने के बाद पेड़ की टहनियों को काटकर अलग करने और रास्ता दुरुस्त कराने की बात कही है।

निर्माण श्रमिकों को यूपी डिजिटल लेबर चैक ऐप से जोड़ने के निर्देश

सोनभद्र। प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों को यूपी डिजिटल लेबर चैक मोबाइल ऐप से अधिक से अधिक जोड़ने तथा ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित यूपी डिजिटल लेबर चैक ऐप निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच एक प्रभावी डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से निर्माण श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होने के साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं पात्रतानुसार उनका लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। ऐप के माध्यम से सेवायोजक, बिल्डर, ठेकेदार, निर्माण एजेंसियां एवं अन्य प्रतिष्ठान अपना पंजीकरण कर आवश्यकता के अनुरूप श्रमिकों से सीधे संपर्क स्थापित कर सकेंगे। वहीं निर्माण श्रमिक भी ऐप के माध्यम से नियोजकों से जुड़कर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। इससे श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा नियोजकों को आवश्यकता के अनुरूप कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में कार्यरत निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा उन्हें ऐप डाउनलोड कर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र निर्माण श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों से अपील की है कि वे अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से यूपी डिजिटल लेबर चैक ऐप डाउनलोड कर इसका अधिकतम उपयोग करें तथा अपने आसपास कार्यरत अन्य श्रमिकों एवं नियोजकों को भी इसके संबंध में जागरूक करें। ऐप के संचालन अथवा पंजीकरण में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर सुरेश कुमार, सहायक लेखाकार 9935907680, प्रवीण मदक, कम्प्यूटर ऑपरेटर 7499938952, दुर्गा शंकर मिश्रा, कम्प्यूटर ऑपरेटर 7800556560, राजेश शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर 9451575696, दीपक कुमार मदक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर 9936012820 निम्न हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

महोबा में 845वें कजली मेले का भव्य शुभारंभ

महोबा। बारहवीं शताब्दी में चंदेल राजवंश के गौरवशाली अतीत का प्रतिबिंब बुंदेलखंड के महोबा में शनिवार को ऐतिहासिक कजली मेले के रूप में जीवंत हो उठा। मेले के शुभारंभ के अवसर पर आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें करीब तीन लाख लोगों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने कीरतसागर सरोवर में कजली का विसर्जन कर सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया। दिल्ली के नरेश पृथ्वीराज चौहान और चंदेल सेनाओं के बीच वर्ष 1182 में लड़े गए ऐतिहासिक ह्यकिरतुआ के युद्धह्न की स्मृति में महोबा का कजली मेला प्रतिवर्ष विजय उत्सव के रूप में आयोजित किया जाता है। यह उत्तर भारत के प्राचीन एवं विशाल ग्रामीण मेलों में शुमार है और बुंदेलों की आन-बान-शान का प्रतीक माना जाता है।

छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में स्कूल प्रबंधक के बेटे पर केस दर्ज

गोरखपुर। जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक निजी बालिका माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा (15) का चार महीने तक यौन शोषण करने के आरोप में एक स्कूल प्रबंधक के बेटे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रबंधक उसी स्कूल में शिक्षक भी हैं और उनके आरोपी बेटे की तलाश शुरू कर दी गई है। गोला के पुलिस क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार ने बताया, शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। टीम उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने छात्रा को परीक्षा में फेल करने की धमकी दी और गोरखपुर शहर में भविष्य की पढ़ाई का खर्च उठाने का लालच देकर कथित तौर पर लगातार दुष्कर्म किया। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, छात्रा अपने दादा, मां और छोटी बहन के साथ गांव में रहती है, जबकि उसके पिता मुंबई में काम करते हैं। करीब चार महीने पहले 29 वर्षीय आरोपी प्रतीक त्रिपाठी ने स्कूल समय के बाद छात्रा को अपने कार्यालय के कक्ष में बुलाया और उसके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। आरोपी ने विरोध करने पर उसे परीक्षा में फेल करने और बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद छात्रा के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। आरोप है कि छात्रा के मिलने से इनकार करने पर आरोपी ने फोन पर हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग ऑनलाइन लीक कर दी, जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, छात्रा के दादा शुक्रवार को उसके साथ गोला थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया।

प्रेमी-प्रेमिका ने फांसी लगाकर दी जान

सीतापुर। पिसवां थाना इलाके में प्रेम-प्रसंग का दर्दनाक अंत पिसावां क्षेत्र के ढखिया कला गांव में हुआ। यहां प्रेमी युवक और शादीशुदा प्रेमिका ने करीब 12 घंटे के भीतर अलग-अलग अपने घरों में फांसी लगाकर जान दे दी।

शुक्रवार देर शाम 20 वर्षीय मंजेश का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। इसके बाद शनिवार सुबह 37 वर्षीय रिंकी ने भी अपने पति के घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। एक ही गांव में लगातार हुई दो मौतों से परिजनों में कोहराम मच गया। ढखिया कला निवासी गोधन का पुत्र मंजेश शुक्रवार देर शाम अपने कमरे में गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। ग्रामीणों की मदद से दरवाजा खोला गया तो मंजेश का शव



फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मंजेश और रिंकी के बीच करीबी संबंध थे। बताया जा रहा है कि रिंकी करीब आठ माह तक मंजेश के साथ रही थी। शुक्रवार को वह अपने पति इंद्र पाल के पास लौट आई। इसके कुछ ही घंटे बाद मंजेश ने आत्मघाती कदम उठा लिया। शनिवार सुबह रिंकी ने भी फांसी लगा ली। दोनों मौतों ने गांव को झकझोर दिया है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों से अलग-अलग सूचना मिली है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं और पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। आत्महत्या के वास्तविक कारण पोस्टमार्टम और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होंगे।

सम्भलपुर, उड़ीसा से गांजा लेकर बलिया जा रहे तस्कर गिरफ्तार



जिला संवाददाता

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के दिशा निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की विक्री पर प्रभावी रोक और उसमे संलिप्त लोगों की धर पकड़ के क्रम में ऑपरेशन शुद्धि के तहत रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी टीम ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 36.500 किलो गांजा, तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो, पांच मोबाइल फोन और 550 रुपये नकद बरामद किए।

बरामद गांजे की कीमत करीब 18 लाख और स्कॉर्पियो की कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है। कुल बरामदगी करीब 30 लाख रुपये की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे मादक पदार्थों पर प्रभावी रोक अभियान के तहत 28 अगस्त,2026 की रात रॉबर्ट्सगंज पुलिस, हिन्दुआरी और चुर्क चैकी की संयुक्त टीम चन्द्रयान तिराहा, भण्डार खुर्द हाईवे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान हिन्दुआरी की ओर से आई स्कॉर्पियो संख्या यूपी32एचक्यू1416 को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर रात करीब 10 बजे चारों को पकड़ लिया गया। तलाशी में स्कॉर्पियो की पिछली सीट के नीचे और पिछले हिस्से से 37 बंडलों में 36.500 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सम्भलपुर, उड़ीसा से गांजा लेकर बलिया पहुंचाते थे और इसके बदले प्रत्येक को करीब 15 हजार रुपये मिलते थे। पुलिस के अनुसार तस्करी के दौरान व्हाट्सएप कॉल और लोकेशन के जरिए आपस में संपर्क किया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विधिचन्द्र यादव निवासी मऊ, साजिद अली, रईस खान और आदित्य जायसवाल निवासी कुशीनगर के रूप में हुई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जूट गयी है।

युवक नदी में बहा शव बरामद

गोरखपुर। सिद्धार्थनगर जिले का 34 वर्षीय युवक नेपाल में एक नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से उसकी जलधारा के साथ बह गया और उसका शव शनिवार को बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान प्रभात सोनी के रूप में हुई है जो नगर पंचायत, इटवा का निवासी था। वह शुक्रवार को अपने परिजनों के साथ नेपाल गया था। रिश्तेदारों के अनुसार, समूह बुटवल (नेपाल में) में एक नदी के पास चट्टानों पर बैठा था, लेकिन उसका जलस्तर अचानक बढ़ गया और धारा तेज हो गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले कि कोई उसे बचा पाता, प्रभात बह गया। परिवार के लोगों ने यह भी आशंका जताई कि पत्थर से टकराने के बाद उसके सिर पर चोट लगी होगी। नेपाली अधिकारियों ने तलाशी अभियान चलाया और शव शनिवार दोपहर को बुटवल (नेपाल में) में बरामद किया गया और कानूनी औपचारिकताओं के लिए वहां रखा गया है। प्रभात के पिता अवधेश सोनी अन्य रिश्तेदारों के साथ शनिवार को नेपाल के लिए रवाना हो गये। उनके साथ इटवा नगर पंचायत के अध्यक्ष विकास जायसवाल भी थे। परिजनों ने बताया कि प्रभात रक्षाबंधन पर अपनी मां के साथ मऊ जिगिनिहवा स्थित ननिहाल गए थे।

मीरा मोहन सी प्रीत लिख देना, सबके अधरों पे गीत लिख देना



सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वावधान में पावस उमा माहेश्वर काव्य संध्या का आयोजन शनिवार को आयोजित हुआ। जिसमें एक से बढ़कर एक गीत सुनाया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अजय चतुवेर्दी कक्का ने किया।

मुख्य अतिथि समाजसेवी सरदार कमलेश सिंह खांबे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि कवि दिवाकर द्विवेदी मेघ रहे। वाणी वंदना पश्चात निदेशक शहीद स्थल प्रबंध समिति करारी प्रदुम्न त्रिपाठी ने मीरा मोहन सी प्रीत लिख देना सबके अधरों पे गीत लिख देना, श्रृंगार की रचना सुनाकर वाहवाही लूटी। सुशील मिश्रा ने भोले बाबा को समर्पित पूर्वी सुनाकर गतिज उर्जा दिये सराहे गये। सुधाकर पांडेय स्वदेशप्रेम ने, जनाजा जब मेरा निकले वतन के वास्ते निकले सुनाया। कवयित्री कौशल्या कुमारी चैहान ने आपस में नफरत आपस में तकरार, मानव जीवन की है, सबसे बड़ी हार सुनाया। कवयित्री दिव्या राय ने, भर आती है आंख माँ की उदासी देखकर सुनाकर पीड़ा को स्वर दिया। दयानंद दयालू ने पावस को समर्पित कजली सुनाया। धर्मेश चैहान ने बड़ा ही सुंदर बड़ा ही मनहर अपना हिंदुस्तान सुनाया। अशोक तिवारी ने संचालन करते हुए, लानत है ऐसे रहनुमाओं पर जिसने लिया सिर्फ लिया दिया कुछ नहीं सुनाकर तंज कसा। अध्यक्षता करते अजय चतुवेर्दी कक्का ने अपनी रचना हुए स्वार्थ की बलि वेदिका पर देश को चढ़ने न देगें जाति धर्म मजहब में देश को बंटने न देगें सुनाकर राष्ट्र आराधना किये। विशिष्ट अतिथि दिवाकर दिवेदी मेघ ने, घुमंतू कुत्ता घर का न घाट का, जहाँ जो मिल जाय पत्तल वहीं चाटे सुनाकर देर तक हंसाते रहे। मुख्य अतिथि कमलेश खांबे ने देश की दशा, दिशा व समाज, घर, परिवार की संवेदना को बचाने की वकालत किये। विवेक चतुवेर्दी ने शायरी से शमां रौशन की। आभार अध्यक्ष सोन संगीत फाउंडेशन सुशील मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जयशंकर त्रिपाठी, त्रिपुरारी मिश्रा, लालता प्रसाद मिश्र, ठाकुर कुशवाहा, फारुख अली आदि रहे।

संक्षेप

छात्राओं को मिलेगा स्कूटी योजना का लाभ

बांदा। जिले के कुल 79 महाविद्यालय व एक विश्वविद्यालय संचालित हैं। इसमें दो राजकीय, 75 निजी महाविद्यालय में कुल 74,604 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। बीते सत्र 2025-26 में 70,110 छात्राएं रहीं। सरकार ने महाविद्यालय व विश्वविद्यालय में स्नातक पास करने वाली छात्राओं को मुफ्त स्कूटर देने का फैसला किया है। जनपद की भौगोलिक स्थिति व यातायात के साधनों का आकलन करें तो बबेरू व नरैनी क्षेत्र के दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां से प्रतिदिन छात्राएं 40 से 50 किमी दूर जाती हैं।

छात्राओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले में कुल 236 बेटियों को स्कूटर मिलेगा। इसमें शैक्षिक सत्र 2025-26 में बीए, बीएससी और बीकॉम समेत उच्च शिक्षण संस्थानों में जिले में सर्वाधिक हॉसिल करने वाली पांच प्रतिशत छात्राओं को शामिल किया गया है। इसमें दिव्यांग, बलिदानी सैनिक की बेटियों को कट ऑफ में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

इसकी सूची 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी ने जिले के हर जिले में आयोजित स्कूटर वितरित की जाएगी। इस स्कूटर की दौरान वितरित की जाएगी। इस स्कूटर की लाभार्थी किसी भी स्थिति में बेच नहीं सकेंगी। सरकार ने योजना के क्रियान्वयन की नीति को मंजूरी दी है। स्कूटी वितरण की पूरी प्रक्रिया अलग पोर्टल बनाया जाएगा। इसके लिए अलग बनाया जाएगा।

दुष्कर्म पीड़िता की डीआईजी से निष्पक्ष जांच की गुहार

बांदा। गिरवां थाना क्षेत्र की एक दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस उपमहानिरीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, तथ्यों के आधार पर आवश्यक कड़ी धाराएं बढ़ाने और खुद व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, गांव का ही एक युवक उसे 27 फरवरी को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले गया था। आरोप है कि वहां उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया गया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद युवक ने उससे शादी करने का वादा किया और पुलिस में शिकायत न करने के लिए दबाव बनाया। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसे कार्रवाई से दूर रखने का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि कुछ समय बाद उसे गर्भवती होने की जानकारी हुई। इसके बाद आरोपी युवक उस पर गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि उसे और उसके परिवार के सदस्यों को लगातार धमकियां भी दी जा रही हैं। पीड़िता का कहना है कि पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है, लेकिन अब तक हुई जांच की कार्रवाई से वह संतुष्ट नहीं है। इसी को लेकर उसने डीआईजी से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पीड़िता ने अधिकारियों से गुहार लगाई कि मामले में सामने आए तथ्यों के आधार पर आवश्यक धाराएं बढ़ाई जाएं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही परिवार के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

ब्रॉड गेज रेल लाइन का उदघाटन कल

बहराइच। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल अरिजीत सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि भारतीय रेलवे द्वारा आधुनिक, सुरक्षित और सुगम रेल सेवाओं के विस्तार हेतु किये जा रहे निरन्तर कार्यों के अन्तर्गत बहराइच से नवनिर्मित, विद्युतीकृत बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड ब्रॉड गेज रेल लाइन का 31 अगस्त 2026 को अपरान्ह 01:30 बजे मा. मंत्री रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार श्री अश्विनी वैष्णव जी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उदघाटन किया जायेगा।

इसके साथ ही गाड़ी संख्या 14213/14 वाराणसी-बहराइच एक्सप्रेस ट्रेन, गाड़ी संख्या 15131/32 वाराणसी सिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन और गोंडा-बहराइच के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 75109/10 एवं 75111/75112 डेमू ट्रेनों का नेपालगंज रोड तक के विस्तार का भी शुभारंभ किया जाएगा।

बांदा रोडवेज को 49.63 लाख की हुई आय



बांदा। रक्षाबंधन के त्योहार में बांदा क्षेत्र में यात्रियों की बढ़ी हुई संख्या को देखते हुए रोडवेज ने 480 बसों का संचालन किया। एआरएम देशराज ने बताया कि बांदा क्षेत्र में 39,803 महिलाओं ने अपने एक सहयात्री के साथ रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की। इस सुविधा के कारण यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई। रोडवेज को रक्षाबंधन के दिन कुल 49 लाख 63 हजार 143 रुपये की आय हुई। रोडवेज के एआरएम देशराज ने बताया कि मुफ्त यात्रा का विभागीय मूल्य 37 लाख 57 हजार 399 रुपये रहा। वहीं, टिकट वाले यात्रियों से 12 लाख 5 हजार 744 रुपये की आय प्राप्त हुई। इस प्रकार, मुफ्त यात्रा के बावजूद रोडवेज को अन्य यात्रियों से अच्छी कमाई हुई। इससे एक दिन पहले, 27 अगस्त को कुल 28,040 यात्रियों ने रोडवेज बसों से सफर किया था, जिनमें 13,857 महिलाएं शामिल थीं। उस दिन टिकट वाले यात्रियों से रोडवेज को 13 लाख 8 हजार 858 रुपये की आय हुई थी। रक्षाबंधन के दिन महिलाओं की मुफ्त यात्रा का आंकड़ा पिछले दिन की तुलना में काफी अधिक रहा। महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा 27 अगस्त की सुबह छह बजे से 29 अगस्त की मध्यरात्रि तक प्रदान की गई। और पुलिस प्रशासन का भी सहयोग मिला। बसों में भीड़ और क्षमता से अधिक यात्रियों के संबंध में उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार निर्धारित क्षमता के मुताबिक ही यात्रियों को बैठाने के निर्देश दिए गए थे।

पुलिस ने यात्रियों को चढ़ने-उतरने में की मदद

बांदा। रक्षाबंधन व कजली महोत्सव के दिन रोडवेज बस स्टैंड पर भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रोडवेज अधिकारियों को पुलिस को बुलाना पड़ा। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर पुलिस बल के साथ बस स्टैंड पहुंचे। महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के जरिए बसों में आ रही महिलाओं, बच्चों को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रबंध किया। बात जब यात्रियों को बैठाने की आई तो यहां पुलिस प्रबंधन भी काम नहीं आया। भीड़ के दबाव के चलते लोगों को पुलिस ने जल्दी-जल्दी बसों में बैठाकर रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, महिला उप निरीक्षक, महिला सिपाहियों व पुलिस बल के साथ बस स्टैंड पर दोपहर से शाम तक मौजूद रहे। अलग-अलग रूटों से आने वाली बसों के यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए पुलिस बल का प्रयोग किया।

जलभराव और कीचड़ से हुई परेशानी

बांदा। बस स्टैंड पर सीमित बसों का बेड़ा होने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कत हुई। इसके साथ ही बस स्टैंड के अंदर व बाहर जलभराव और कीचड़ ने भी यात्रियों को बहुत परेशान किया। जगह नहीं मिलने पर महिलाएं गंदे पानी के बीच से निकलने को मजबूर हुईं। परिवहन निगम की ओर से परिसर को साफ-सुथरा रखने पर गंभीरता नहीं दिखाई गई।

मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 के तहत स्कूल वाहन चालकों की हुई स्वास्थ्य व नेत्र जांच



बहराइच 29 अगस्त। बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और स्कूली वाहनों के संचालन को और अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की ओर से चलाए जा रहे मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान के तहत शनिवार को गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में स्कूल वाहन चालकों एवं परिचालकों के लिए स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 63 स्कूल वाहन चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं संबंधित विभागीय कर्मियों ने चालकों की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति के साथ-साथ उनकी दृष्टि की भी जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चों को लेकर सड़क पर चलने वाले चालक शारीरिक एवं दृष्टि की दृष्टि से वाहन संचालन के लिए सक्षम हों। इस अवसर पर एआरटीओ सुशील कुमार ने स्कूल वाहन चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सभी की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पूरी तरह पालन किया जाए तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन संचालित किए जाएं। उन्होंने चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा बच्चों को वाहन में सुरक्षित तरीके से बैठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वाहन चालक सड़क पर स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ वाहन में बैठे मासूम बच्चों की सुरक्षा के लिए भी जिम्मेदार हैं। इसलिए वाहन की फिटनेस, चालक की दक्षता, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण तथा यातायात नियमों का पालन बेहद आवश्यक है।

एसएसबी की संयुक्त टीम ने स्मैक, बाइक और मोबाइल भी बरामद और स्मैक बरामद

बहराइच। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने 155 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांश गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अगस्त 2026 की रात करीब 8:55 बजे पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने पिलर संख्या 651/11 के पास, भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में करीब एक किलोमीटर पूर्व, एक संदिग्ध युवक को पकड़ा।तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 155 ग्राम नाजायज स्मैक, एक अदद ओप्पो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जावेद खां पुत्र महमूद खां, उम्र करीब 36 वर्ष, निवासी सुभानपुरवा टेपरा, थाना रामगांव, जनपद बहराइच के रूप में हुई है।

बाइक छीनकर भागा हिस्ट्रीशीटर, चेकिंग में गिरफ्तार



बांदा। कमासिन पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उस पर मोटरसाइकिल छीनकर फरार होने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। एसआई पारसनाथ के अनुसार, यह घटना 28-29 अगस्त की रात को हुई थी। बबेरू क्षेत्र निवासी समर ने कमासिन पुलिस को सूचना दी थी कि कमासिन स्थित बिजली पावर हाउस के पास से एक अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल छीनकर भाग गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। रात में चेकिंग और गश्त के दौरान, पुलिस टीम को बबेरू की ओर से कमासिन आ रहा एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर दिखा। जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो वह बाइक छोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास मौजूद मोटरसाइकिल कमासिन क्षेत्र से छीनी गई थी। इसके बाद पुलिस ने बाइक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कल्लू उर्फ अंसार के रूप में हुई है, जो सिमौनी का निवासी है और वर्तमान में हरदौली, थाना बबेरू में रहता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक हिस्ट्रीशीटर है। कल्लू उर्फ अंसार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, चोरी, लूट, हत्या के प्रयास और धोखाधड़ी सहित एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

संत वंदन अभियान से गूंजा समरसता का संदेश

फतेहपुर। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद फतेहपुर में चलाए जा रहे समरसता यात्रा अभियान के अंतर्गत संत वंदन अभियान पूरे जनपद में व्यापक रूप से गतिमान है। अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जनपद के सभी 23 मंडलों के मठ-मंदिरों में पहुंचकर संतों का पूजन, माल्यार्पण एवं अभिनंदन कर रहे हैं और समाज में सामाजिक समरसता, समानता तथा भाईचारे का संदेश पहुंचा रहे हैं।इसी क्रम में शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर, हनुमान मंदिर, पटेल नगर हनुमान मंदिर सहित विभिन्न मठ-मंदिरों में संत विजयदास महाराज, पुजारी अनिल कुमार शुक्ला, संत सुरेशानंद जी महाराज समेत अन्य संतों का विधिवत पूजन एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने संतों के प्रति श्रद्धा निवेदित करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने का संकल्प लिया।अभियान के संयोजक राम सजीवन कोरी ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानव कल्याण का संदेश देता है। उनके विचार किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने बताया कि संत वंदन अभियान 24 अगस्त से निरंतर चल रहा है, जो 31 अगस्त तक जनपद के सभी 23 मंडलों में व्यापक रूप से आयोजित किया जाएगा।

जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं



बहराइच। पुलिस अधीक्षकश्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें

स्मैक बरामद, युवक गिरफ्तार



बहराइच। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने एक युवक को 13 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात ददन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में रात में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चौखड़िया आने वाली सड़क के किनारे आसीन के आम के बाग में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ खड़ा होकर अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक युवक को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया।पकड़े गए युवक की पहचान आंसू कश्यप पुत्र सहज राम कश्यप, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम चौखड़िया, थाना कोतवाली देहात, जनपद बहराइच के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 13 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बरामद हुआ।पुलिस ने बरामदगी के संबंध में मु0अ0सं0 326/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

जन-जन के हृदय में आज भी जीवित हैं पूर्व विधायक बाबूलाल तिवारी



महोबा। जन चेतनाए सामाजिक सरोकारों एवं मानवीय मूल्यों के प्रेरणास्त्रोत रहे पूर्व विधायक बाबूलाल तिवारी की 110वीं जयंती के अवसर पर मुकुंद फाउंडेशन के तत्वावधान में रामालय में भावपूर्ण स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्वए कृतित्वए विचारों एवं सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दादा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की सांस्कृतिक श्रृंखला में सुप्रसिद्ध आल्हा कलाकार शरद अनुरागी ने दादा जी को समर्पित गीत की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात अंशिका सरगम ने दादा जी की स्मृति को समर्पित अत्यंत भावुक गीत प्रस्तुत किया।वीणा पाणी संगीत विद्यालय के संस्थापक अबोध कुमार सोनी ने भी अपनी सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने दादा जी को समर्पित गीत दादा बड़े महान का गायन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंचल सोनी द्वारा किया गया। इस मौके पर उनके पौत्र व मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी के साथ रामदत्त तिवारीए नमन सोनी सहित अनेक गणमान्यजनए सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने दादा जी की पावन स्मृतियों को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

अभ्यर्थी चयन हेतु साक्षात्कार की तिथियां घोषित

बहराइच। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में दर्जी टेड हेतु आवेदित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच में 01 व 02, 05 तथा 08 व 09 सितम्बर 2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से आहूत किया गया है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ए टू जेड वर्णमाला क्रम के अनुसार आवेदनकताओं की सूची कार्यालय सूचना पट पर चस्पा कर दी गई है।

बंदियों को बांटे गये फल, मिठाई व दैनिक उपयोग की सामग्री



रुपईडीहा बहराइच। उत्तर प्रदेशीय ह अपराध निरोधक समिति लखनऊ माननीय यशस्वी चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन पर समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, और जिला सचिव/ एवं जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच केशव कुमार मौर्य के कुशल नेतृत्व एवं जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह के सहयोग से 477 महिलाओं और 150 लड़के लड़कियों बन्दी भाइयों को मिलाई करके अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर ईश्वर से लंबी उम्र की कामना की इसी क्रम में जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, ने फीता काटकर कार्यक्रम को शुरू किया वहां पर उपस्थित पदाधिकारी ने भारत माता की जय वंदे मातरमका उदघोष लगाया रक्षाबंधन वाले दिन शुक्रवार को जिला कारागार बहराइच के प्रांगण में बन्दी एवं कैदियों के परिवार जनों माता बहनों साथ में आए बच्चे बच्चियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा किया गया रक्षाबंधन के पावन पर्व के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच के तत्वावधान में जिला कारागार बहराइच प्रांगण में कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। इसी क्रम में समिति के पदाधिकारी एवं जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव जिला / एवं जेल विजिटर, कार्यक्रम में उपस्थित उपसचिव विनोद कुमार कुशवाहा ने कारागार बहराइच पहुंचकर बंदियों एवं परिजनों, रक्षाबंधन आई बहनों बच्चे बच्चियों को फल, केला सेब अनार मिठाई बिस्कुट कपड़े तथा दैनिक उपयोग में आने वाली आवश्यक वस्तुएं वितरित किया उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक, समिति की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन करने का उद्देश्य रक्षाबंधन के पावन पर्व की खुशियां उन लोगों तक पहुंचाना रहा, जो विभिन्न कारणों से अपने परिवार से दूर जिला कारागार में गरीब निरीह बंदी हैं। ज्ञातव्य हो कि अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों ने बंदियों से मुलाकात कर उन्हें रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बधाई एवं शुभकामनाएं देना और उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करना था इस अवसर पर जिला सचिव एवं जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच केशव कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन, जेल अधीक्षक जिला कारागार बहराइच राजीव कुमार सिंह, ब्रह्मानंद उपाध्याय, डिप्टी जेलर हरिओम गोड़ मुन्नालाल कश्यप रणजीत सिंह, पंडित ओंकार मिश्रा, विनोद कुमार कुशवाहा रमेश तिवारी, मनीष कुमार, कश्यप नगर उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन, केसरी प्रसाद सोनी संगठन मंत्री महबूब अहमद, प्रधान नानपारा पप्पू गाजी, पत्रकार सचिन विशाल विकास खंड नवाबगंज रमेश कुमार मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, जिला संगठन मंत्री मोहसिन मलिक, सदस्य शाहिद, सहित जिला, तहसील एवं नगर इकाई के पदाधिकारी व सदस्य दर्जनों की संख्या में उपस्थित रहे।

समिति पदाधिकारी उप जिला सचिव विनोद कुमार कुशवाहा ने संबोधित करते हुए आए हुए वहां पर सम्मानित पदाधिकारी एवं अधिकारियों से कहा अपराध से घृणा करो अपराधी से नहीं आपको बताते चलें कि अपराध निरोधक समिति का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित लोगों के साथ मानवीय संवेदनाओं को साझा करना है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक सीमित के द्वारा प्रत्येक वर्षों से सभी प्रमुख पावन पर्वों के शुभ अवसर पर जिला कारागार बहराइच में महिला एवं पुरुष बंदियों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाता है, ताकि उन्हें भी त्योहार की खुशियों का अहसास हो सके कार्यक्रम के दौरान जिला कारागार प्रशासन की तरफ से भरपूर सहयोग प्रदान किया गया। उपस्थित पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने भविष्य में भी इसी तरह आयोजन करके सामाजिक एवं मानवीय सेवा के कार्य जारी रखने का संकल्प लिया। अंत में राष्ट्रीय गान के उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ।

तालाबों व नदियों में हुआ कजलिया विसर्जन, लगा मेला



जिला संवाददाता

बांदा। जिले में रक्षाबंधन का त्योहार परीवा शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। कालिंजर कस्बा सहित कई जगह गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शहर के नवाब टैंक, छाबीतालाब में दिनभर कजली विसर्जन के साथ मेला का आनंद लोगों ने लिया। महिलाएं गाजे-बाजे के साथ सिर पर कजली कलश लेकर प्रमुख मार्गों से होते हुए तालाब पहुंचीं, जहां उन्होंने कजेलियों का विसर्जन किया। इस दौरान तालाबों के आस-पास मेला लगा रहा। कजली में शामिल महिलाएं, बच्चियां अपने घरों में पत्तों के दोनों या अन्य किसी मिट्टी के बर्तन में मिट्टी भरकर गेहूं और जौ मिलाकर बोती हैं। रक्षाबंधन के दिन कजेलियों को नदी व सरोवर में खोंट कर विसर्जित किया जाता है।



अचेत मिला स्कूल से निकला तेजस

जिला संवाददाता



फतेहपुर। सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र तेजस उर्फ यशु पुत्र दिलीप द्विवेदी के संदिग्ध निधन के मामले में परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर आवश्यक प्रारंभिक जांच के उपरांत उसी दिन अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि अभियोग पंजीकरण में 24 या 48 घंटे की देरी किए जाने की सूचनाएँ तथ्यानुकूल नहीं हैं। प्रकरण की विस्तृत और वैज्ञानिक विधि से विवेचना प्रचलित है और जांच के दौरान संकलित सभी साक्ष्यों का परीक्षण किया जा रहा है।सीसीटीवी फुटेज से मिले महत्वपूर्ण संकेतप्रारंभिक जांच में मिले सीसीटीवी फुटेज के अनुसार दिनांक 26 अगस्त को तेजस विद्यालय आता और भवन में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने भी स्वीकार किया है कि परीक्षा के दौरान तेजस और उसके एक सहपाठी के पास नकल से संबंधित पर्ची मिलने पर उन्हें परीक्षा कक्ष से बाहर बुलाकर प्रधानाध्यापक द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई, जो फुटेज में स्पष्ट दिख रही है।फुटेज के मुताबिक लगभग 10:30 से 10:45 बजे के बीच तेजस विद्यालय से बाहर निकलता दिखाई देता है। उसके बाद के फुटेज में लगभग 11:39 बजे वह स्वयं साइकिल चलाते हुए उस दिशा में जाता दिख रहा है, जहां बाद में उसे मलवां थाना अन्तर्गत सौरा चौकी क्षेत्र में पानी की टंकी के पास अचेत अवस्था में पाया गया।घटना के बाद की कार्यवाहीलगभग 1:40 बजे सौरा चौकी को घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के स्कूल आइ-कार्ड के माध्यम से परिजनों को सूचित किया। तेजस को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया और विद्यालय प्रबंधन को भी घटना की सूचना दी गई।मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने तेजस को हालत गंभीर बताकर कानपुर रेफर किया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।पोस्टमार्टम का निष्कर्ष और आगे की जांचपोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऊपरी सीने में कंट्यूजन, पेट के क्षेत्र में चोट तथा कुछ पसलियों में फ्रैक्चर सहित अन्य चोटों का उल्लेख है। अभी तक की प्रारंभिक जांच और उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पोस्टमार्टम में पाई गई चोटों का विद्यालय के भीतर हुए घटनाक्रम से कोई प्रत्यक्ष संबंध स्पष्ट नहीं हुआ है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तेजस के स्कूल से निकलने के बाद अचेत अवस्था में मिलने तक के बीच का घटनाक्रम तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दर्ज चोटों के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए वैज्ञानिक और विधिक विवेचना की जा रही है।

रूरेश्वर महादेव मंदिर में अखंड जाप का समापन

फतेहपुर। गाजीपुर के ग्राम सभा चुरियानी समियाना स्थित प्रसिद्ध श्री सिद्ध पीठ रूरेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर में आज श्रावण मास के अवसर पर एक माह से चल रहे अखंड 'ओम नमः शिवाय' मंत्रोच्चारण और जाप का विधिवत समापन हुआ। श्री श्री 1008 स्वामी विरक्तानंद महाराज की उपस्थिति में संपन्न इस समापन कार्यक्रम में भव्य पूजा-अर्चना, पूर्णाहुति हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के दूर-दूर से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर के मुख्य द्वार पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। उन्होंने कहा कि अखंड जाप से क्षेत्र में आध्यात्मिक शांति और सामूहिक एकता की भावना बलवती हुई है। पूजन के दौरान शंखनाद, घंटाकार, और मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। समापन हवन में महाप्रसाद वितरण के पूर्व विधिवत पूर्णाहुति अर्पित की गई।हवन और पूजन के बाद मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसाद परोसा गया। स्थानीय लोगों और आने वाले पहाड़पुर, गाजीपुर तथा आसपास के गांवों के निवासी भंडारे में सम्मिलित हुए। कलाकारों और तुलसी मंडली के सामूहिक गायन के बीच पूरा परिसर ₹हर-हर महादेव₹ तथा ₹ओम नमः शिवाय₹ के जयकारों से गूंज उठा। कई बुजुर्ग तथा बच्चे भी शृंगार-युक्त प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद पाए।भंडारे व धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण के लिए शासन द्वारा स्वीकृत लगभग ?1 करोड़ की विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन भी विधिवत किया गया। इस आवंटित राशि से मंदिर के भव्य मुख्य द्वार का निर्माण, दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु आधुनिक विश्रामगृह, मंदिर तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तथा परिसर एवं मार्गों में स्ट्रीट लाइट लगवाने के कार्य कराये जाने हैं। परियोजना की रूपरेखा और समय-सीमा के संबंध में उपस्थित अभियंता व अधिकारियों ने कहा कि कार्य शीघ्रता से शुरू कर दिया जाएगा और स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देते हुए संचालन होगा।भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग कराने और समयबद्धता बनाए रखने का भरोसा भी दिलाया। पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से परियोजना के तकनीकी पक्ष की देखरेख करने वाले अधिकारी अभिनंदन गंगवार ए.एम.पी., अवनीश चंद्र ए.ई. तथा अजय कुमार गोड़ ने मौके पर आकर कार्यों की रूपरेखा और सं

संक्षेप

बिहार : नदियां खतरे के निशान से ऊपर

पटना। नेपाल और बिहार में लगातार हो रही बारिश के कारण शनिवार को राज्य में बाढ़ का खतरा बढ़ गया। कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। पड़ोसी हिमालयी देश नेपाल में इस सप्ताह की शुरुआत में आई आकस्मिक बाढ़ के कारण पहले से ही यह नदियां उफान पर हैं। जल संसाधन विभाग के अनुसार, गोपालगंज में गंडक नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैअ वाल्मीकिनगर में नदी पर बने बैराज से शनिवार रात आठ बजे लगभग 99,800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। नेपाल में बर्फ की चट्टानों के खिसकने से बुधवार को अचानक आई बाढ़ के कारण, उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रशासन ने हिमालयी देश से बहकर आने वाली नदियों के निचले इलाकों में अपनी निगरानी बढ़ा दी है।

विदेशी तकनीक से होगा कचरे का निस्तारण

नयी दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शनिवार को विश्व बैंक के विशेषज्ञों के साथ शहर की कचरा प्रबंधन प्रणाली को बेहतर बनाने पर चर्चा की। इस दौरान तोक्यो, न्यूयॉर्क और बार्सिलोना में अपनाए जाने वाले मॉडलों के बारे में भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक, एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सभी जोन के अतिरिक्त आयुक्त, प्रधान अभियंता और उपायुक्त शामिल हुए। विश्व बैंक की टीम ने तोक्यो की प्रौद्योगिकी-आधारित प्रणाली, न्यूयॉर्क के कचरे के परिवहन और प्रसंस्करण के लिए निजी एजेंसियों पर निर्भरता, और बार्सिलोना की विकेंद्रीकृत सुविधाओं, कचरे को अलग-अलग करने और नागरिकों के व्यवहार में बदलाव लाने पर विशेष ध्यान को रेखांकित किया।

भारतीय दवा क्षेत्र को सुगम बनायेगा अर्जेंटीना

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि अर्जेंटीना ने अपने यहां भारतीय दवा क्षेत्र के प्रवेश को सुगम बनाने के लिए बाधाओं को कम करने की प्रतिबद्धता जताई है। मंत्रालय ने कहा कि इससे भारतीय दवा कंपनियों के लिए व्यापक अवसर मिलने और अर्जेंटीना में गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने आगे कहा, अर्जेंटीना ने अपने दवा नियामक ढांचे के तहत भारत को एनेक्स-2 से एनेक्स-।में अपग्रेड करने और बाजार में प्रवेश की बाधाओं को कम करने की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह मुद्दा इस सप्ताह वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल की ब्यूनस आयर्स यात्रा के दौरान चर्चा में आया। वह भारत-अर्जेंटीना संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक के लिए अर्जेंटीना में थे, जो 24 अगस्त, 2026 को ब्यूनस आयर्स के पलासियो सैन मार्टिन में आयोजित की गई थी।

तेलंगाना : एक-तिहाई मतदाताओं के नाम हटे

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से आग्रह किया कि तेलंगाना में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर हटाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा जताई गई चिंताओं के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाएं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने नाम हटाए जाने को हैरान करने वाला और पूरी तरह अस्वीकार्य कदम बताया और उम्मीद जताई कि ज्ञानेश कुमार मुख्यमंत्री रेड्डी द्वारा उठाई गई चिंताओं पर शीघ्र कार्वाई करेंगे। रमेश ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री द्वारा कुमार को लिखे पत्र को एक्स पर साझा किया। पत्र में रेड्डी ने दावा किया कि राज्य में एसआईआर के दौरान करीब एक-तिहाई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कई सुझाव भी दिए कि कोई पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए।

नेपाल : मलबे में अपनों को ढूंढ रहे लोग

एजेंसी



काठमांडू। नेपाल में गत बुधवार को अचानक आई बाढ़ का पानी तो उतर गया है, लेकिन हृदय विदारक दृश्य लगातार सामने आ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर बदहवास लोगों के कतार में खड़े होकर मृतकों की दीवारों पर चस्पा तस्वीरें देखने और परिजनों द्वारा कीचड़ एवं मलबे में अपने सामान की तलाश करने की तस्वीर आम है।

एक महिला क्षतिग्रस्त इमारतों के पास से अपने एक बच्चे को ले जाती दिखी। मलबे के बीच एक मृत कुत्ता पड़ा था। जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, लापता लोगों के रिश्तेदारों की उम्मीदें धूमिल होती जा रही हैं, जबकि बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश में मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। पानी, कीचड़ और मलबे के तेज बहाव ने बुधवार को नेपाल के कस्बों और गांवों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घर, गाड़ियां, सड़कें और पुल बह गए और पनबिजली परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचा। अब देश इससे उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या शनिवार को 600 के पार पहुंच गई, जबकि 2,400 से अधिक लोग लापता हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच, बचाव दलों ने अपने त्वरित प्रयास के तहत लगभग 2,500 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इनमें 163 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। परिवारों को इलाज के लिए भर्ती घायल लोगों की सूची देखते हुए अस्पतालों के बाहर कतार में खड़े देखा जा सकता था। वे किसी परिचित को खोजने की उम्मीद में ध्यान से नाम और तस्वीरें देख रहे थे। उन्हें जब बचे हुए लोगों में अपने प्रियजन नहीं मिलते, तो कई लोग भारी मन से एक दूसरी सूची मृतकों की तस्वीरों की ओर रुख करते हैं। इस बीच, बचावकर्मी चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। वे कुछ जगहों पर बारिश का सामना करते हुए और दूसरी जगहों पर सूखती हुई कीचड़ को खोदते हुए उनलोगों की तलाश कर रहे हैं जो अब भी लापता हैं। रात के अंधेरे में, नेपाल के गृह मंत्री सुदान गुरुंग ने अपर त्रिशूली 3ए जलविद्युत परियोजना स्थल पर खुदाई करने वाली मशीनों से मिट्टी हटवाने के काम की निगरानी की। यहां विनाशकारी बाढ़ के बाद सौ से अधिक लोग एक सुरंग में फंस गए थे। नेपाली सेना ने सुरंग में फंसे 350 लोगों को पहले ही बचा लिया है।

बार को अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करने की जरूरत : न्यायमूर्ति नागरत्ना

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बी. वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि कानूनी व्यवस्था लंबित मामलों, देरी और बढ़ती लागत की समस्या से जूझ रही है।

उन्होंने वकीलों से अपनी सोच बदलने, अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करने और न्याय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जब किसी बार काउंसिल को उसके सदस्य ही सम्मान नहीं देते, तो यह कानूनी पेशे के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल को पेशेवर नैतिकता, सदाचार और पेशेवर दक्षता को बनाए रखने में अपनी भूमिका और महत्व पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वकील भी परेशान वादियों को न्याय दिलाने और देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के प्रति अपने कर्तव्यों पर विचार करें।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, इस देश के वकील हमारे संविधान के मूल्यों के ध्वजवाहक हैं। बार की किसी भी चूक या गलती का हमारे राजनीतिक और नागरिक जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। यही वजह है कि हमारे समाज में उनका इतना महत्व है। उन्होंने कहा, मैं बार के प्रत्येक सदस्य से विनम्रतापूर्वक आग्रह करती हूं कि वे अपनी सोच बदलें और अपने मुवक्किलों के लिए जनसेवा की भावना से काम करने का प्रयास करें, अन्यथा भविष्य में वे अपनी प्रासंगिकता खो सकते हैं। ऐसा होना हमारी न्याय व्यवस्था और देश में कानून के शासन को बनाए रखने के लिए विनाशकारी होगा।

सिप्ला की दवा बिक्री लाइसेंस को रद्द करने का आदेश वापस

एजेंसी

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय की फटकार के बाद महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज लिमिटेड की पुणे स्थित कैरी एंड फॉरवर्डिंग इकाई का दवा बिक्री लाइसेंस निरस्त करने का आदेश शनिवार को वापस ले लिया। अदालत ने नियामक से कहा कि उसने मामले में हद पार कर दी और मनमाने तरीके से कार्वाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि एफडीए की कार्वाई प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। एफडीए ने कहा कि वह लाइसेंस रद्द करने का आदेश तत्काल वापस लेगा और कंपनी को नया कारण बताओ नोटिस जारी करेगा। इसके बाद मामले में कारणों सहित नया आदेश पारित किया जाएगा।

नियामक ने पुणे के वाडकी स्थित सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज लिमिटेड की दवाओं के भंडारण एवं वितरण सुविधा का दवा बिक्री लाइसेंस 27 अगस्त से रद्द कर दिया था। यह कार्वाई रिएक्टिन प्लस टैबलेट की पैकेजिंग, भंडारण और वापसी से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के संबंध में की गई थी। सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज ने शुक्रवार शाम कहा था कि उसने इस कार्वाई को अदालत में चुनौती दी है। कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद पोंडा ने शनिवार को पीठ को बताया कि एफडीए ने 26 अगस्त को विभाग के समक्ष सुनवाई के लिए कंपनी को प्रतिनिधि भेजने का निर्देश ईमेल के जरिये दिया था। उन्होंने कहा कि 26 अगस्त सार्वजनिक अवकाश था। पोंडा ने कहा उस दिन कंपनी का कोई प्रतिनिधि उपलब्ध नहीं था और उसने सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया था। हालांकि, एफडीए ने सुनवाई का अवसर दिए बिना उसी दिन आदेश पारित कर दिया। एफडीए की ओर से पेश अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता पी. पी. काकड़े ने कहा कि कानून कंपनी को सुनवाई का अधिकार नहीं देता। इस पर पीठ ने सवाल किया कि विभाग ने दवा कंपनी को ईमेल भेजकर सुनवाई के लिए प्रतिनिधि भेजने को क्यों कहा, वह भी राज्य सरकार द्वारा घोषित सार्वजनिक अवकाश के दिन।

जीएसटी परिषद की बैठक 12 सितंबर को

नयी दिल्ली। जीएसटी परिषद की बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 12 सितंबर को होगी। परिषद सचिवालय की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक नयी दिल्ली में होनी है और इससे एक दिन पहले 11 सितंबर को अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। परिषद की बैठक एक साल से अधिक समय के बाद होने जा रही है। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक तीन-चार सितंबर, 2025 को हुई थी। इसमें केंद्र और राज्यों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों और कर स्लैब में बड़े बदलाव का फैसला किया था। जीएसटी परिषद की 57 वीं बैठक में ऐसे कारोबारियों के लिए जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया सरल करने पर चर्चा होने की संभावना है।

वसा, नमक व चीनी की अधिक मात्रा वाले खाद्य उत्पादों के पैकेट पर चेतावनी वाला लेबल लगाने का प्रस्ताव

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने ऐसे खाद्य उत्पादों के पैकेट के मुख्य भाग पर लाल रंग में एक स्पष्ट चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिनमें अतिरिक्त संतृप्त वसा (सैचुरेटेड फैट), अतिरिक्त चीनी और नमक की मात्रा अधिक होती है। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में एफएसएसएआई ने कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उन खाद्य उत्पादों के बारे में आसानी से समझ में आने वाली चेतावनी देना है, जिनमें चिंताजनक बताए गए इन पोषक तत्वों की मात्रा अधिक है।

हलफनामे में कहा गया, आईसीएमआर-एनआईएन द्वारा जारी भारतीयों के लिए खानपान के दिशानिर्देश, 2024 के तहत तय सीमाओं के आधार पर, उन खाद्य उत्पादों के पैकेट के आगे लाल रंग के षट्कोणीय आकार में एक प्रमुख चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव है, जिनमें चिंताजनक बताए गए निम्नलिखित पोषक तत्वों - यानी अतिरिक्त संतृप्त वसा, अतिरिक्त चीनी और नमक - में कोई दो अधिक मात्रा में मौजूद हैं। इसमें कहा गया कि चेतावनी लेबल पर लागू घोषणाएं प्रदर्शित होंगी, जैसे अधिक वसा, अधिक चीनी, अधिक नमक और अत्यधिक मीठा पेय, ताकि उपभोक्ता तय पोषक तत्वों की अधिक मात्रा वाले उत्पादों की आसानी से पहचान कर सकें। इस मामले की सुनवाई करते हुए 13 अगस्त को न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लेबल लगाने में देरी को लेकर एफएसएसएआई को कड़ी फटकार लगाई थी और पूछा था।

नोएडा हवाई अड्डे के परिचालन में धीमी वृद्धि के आसार : ज्यूरिख एयरपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिचालन में धीमी वृद्धि के आसार हैं और और निकट भविष्य में इसके प्रदर्शन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी ने यह जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से परिचालन 15 जून से शुरू किया गया था। इसके बाद जुलाई में हवाई अड्डे से 1,044 उड़ानों का संचालन हुआ और करीब 77,000 यात्रियों ने यात्रा की। हवाई अड्डे से जून में 204 उड़ानों का संचालन हुआ था और करीब 25,000 यात्रियों ने यात्रा की थी। ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने 2026 को जारी अपनी पहली छमाही की निवेश प्रस्तुति में कहा, चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक माहौल के कारण परिचालन में वृद्धि की गति धीमी रहने के आसार है और निकट अवधि के प्रदर्शन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

प्रस्तुति के अनुसार, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानों का नेटवर्क लगातार बढ़ता रहेगा और इसके बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं भी शुरू होने की उम्मीद है। प्रस्तुति में कहा गया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उत्तर भारत के लिए एक नया विमानन प्रवेश द्वार तैयार करता है।

झुग्गी के लोगों ने राहुल गांधी से मांगी मदद

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री आवास के पास स्थित तीन झुग्गी बस्तियों के लोगों ने शनिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर दिल्ली के बाहरी इलाके सावदा घेवरा में प्रस्तावित पुनर्वास नीति के खिलाफ हस्तक्षेप की मांग की। इन लोगों का कहना है कि इस कदम से उनकी आजीविका, बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच प्रभावित होगी। भाई राम कैंप, मस्जिद कैंप और डीआईडी कॉलोनी के निवासी 24 अकबर रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि इन तीनों बस्तियों में रहने वाले करीब 717 परिवार इस फैसले से प्रभावित होंगे। इन झुग्गियों में लगभग 3,000 से 5,000 लोग रहते हैं।

प्रधानमंत्री आवास के पास से हटाई जाने वाली झुग्गियों के लोगों



दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को इन निवासियों को अपनी झुग्गियां खाली करने और सावदा घेवरा में वैकल्पिक आवास में जाने के लिए छह सप्ताह का समय दिया था। अदालत ने बेदखली की प्रक्रिया को दिल्ली झुग्गी एवं झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति, 2015 का उल्लंघन बताने के याचिकाकर्ताओं के दावे को भी खारिज कर दिया था।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने झुग्गीवासियों के पुनर्वास की निगरानी के लिए एक समिति भी गठित की। अदालत ने कहा कि अधिकारी सावदा घेवरा में उन्हें स्कूल, बिजली, एलपीजी कनेक्शन, बस पास, डिस्पेंसरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं तथा चार जून के अदालत के निर्देशों का सख्ती से पालन करेंगे। केंद्र सरकार ने इन झुग्गी बस्तियों को हटाने का अनुरोध करते हुए कहा था कि ये बस्तियां संरक्षित क्षेत्र में हैं और इनके ठीक बगल में वायुसेना का एक सक्रिय केंद्र है।

एचडीएफसी बैंक के सीईओ जगदीशन ने दोबारा नियुक्ति से खुद को किया अलग

एजेंसी

मुंबई। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि उसके प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने 26 अक्टूबर को अपना वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने के बाद दोबारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने से खुद को अलग कर लिया है।

बैंक में लगभग तीन दशक बिताने के बाद 61 वर्षीय जगदीशन 26 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक एचडीएफसी बैंक का बोर्ड जगदीशन के उत्तराधिकारी के चयन और नियुक्ति की प्रक्रिया को समय रहते तेजी से पूरा करेगा। बैंक ने बताया कि जगदीशन ने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में दोबारा नियुक्ति न लेने के अपने निर्णय से अवगत कराया और बोर्ड के मनाने के बावजूद अपने फैसले पर कायम रहे।

सूचना में कहा गया, बोर्ड ने बैंक की वृद्धि और स्थिरता में उनकी प्रतिबद्धता, नेतृत्व तथा योगदान और भारतीय कॉरपोरेट जगत के सबसे बड़े विलय में से एक को सफलतापूर्वक पूरा करने में उनकी भूमिका की सराहना की। बोर्ड ने जगदीशन को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। जगदीशन की दोबारा नियुक्ति का मुद्दा गहन अटकलों का विषय रहा है।

पेज एक का शेष

उज्बेकिस्तान के

में ताशकंद पहुंचे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना और इस क्षेत्र के साथ सभ्यतागत संबंधों को और गहरा करना है। प्रधानमंत्री मोदी उज्बेकिस्तान की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ व्यापार, निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करेंगे। मोदी ने रवाना होने से पहले कहा, मैं राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा तथा ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने तथा विकसित भारत और नया उज्बेकिस्तान के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ताशकंद में शास्त्री स्मारक और ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ऑरिएनटल स्टडी स्थित महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि ये दोनों देशों के बीच कायम घनिष्ठ सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संबंधों के प्रति सम्मान के प्रतीक हैं। ताशकंद से प्रधानमंत्री किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सदिर जापारोव के निमंत्रण पर बिश्केक जाएंगे, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 26वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

भारत की सफलता

रहे हैं, हाइड्रोजन ट्रेन, ड्रोन और कंपनियां बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा तीसरा स्टार्टअप पारितंत्र बन चुका है।

सिंह ने यह भी कहा, आर्थिक शक्ति किसी राष्ट्र को समृद्ध बनाती है लेकिन सांस्कृतिक आत्मविश्वास हमें महान बनाता है। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का ही परिणाम है कि हमारे देश ने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। रक्षा मंत्री ने दावा किया पहले भारत बोलता था तो दुनिया सुनती नहीं थी, लेकिन आज भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा जिंदगी का सफर लंबा है और इसे साधना की तरह लेना चाहिए। मन जितना बड़ा होगा, सुख और आनंद की प्राप्ति उतनी ही अधिक होगी। बाबा साहब का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, डॉ. आंबेडकर को उस नल से पानी नहीं पीने दिया जाता था, जिससे सभी बच्चे पानी पीते थे। इतना अन्याय सहने के बाद भी उन्होंने भाज्ञ को कोसने या हिंसा का रास्ता चुनने के बजाय शिक्षा का मार्ग चुना और भारत आकर लोगों में बदलाव की इच्छा जगाई। रक्षा मंत्री ने कहा कि कोई न कोई सुपर पावर है जो पूरे ब्रह्मांड को निर्देशित कर रहा है तथा संतों की कही बातों को आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। अहंकार से बचने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अहंकार आने पर व्यक्ति की कीमत कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र होते हैं और जब संस्थान का नाम डॉ. बाबा साहब के नाम पर हो तो अपेक्षाएं और बढ़ जाती हैं। उन्होंने सफलता में माता-पिता और शिक्षकों के योगदान को याद रखना चाहिए।

कानून से खिलवाड़

समाज को जाति, क्षेत्र व भाषा के नाम पर बांटने का काम करेंगे। जनता को ऐसे लोगों से सतर्क और सावधान रहना होगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए, समाज को बांटने वाले लोगों को डकैतों का गिरोह करार दिया। सीएम ने कहा, डकैतों के इस गिरोह को जब भी मौका मिला तो उन्होंने प्रदेश और देश को लूटने का काम किया। उत्सव से पहले उपद्रव करना, दंगे करना, कर्फ्यू लगवाना ही इनकी पहचान थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसी भी गरीब, दलित, वंचित का उत्पीड़न या शोषण नहीं होने देगी। किसी ने शोषण या उत्पीड़न किया तो उससे सख्ती से निपटने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने कानून की धज्जियां उड़ाने की तनिक भी कोशिश की तो उसकी धज्जियां उड़ाने में देर नहीं लगेगी। प्रदेश में सुरक्षा पर संकट पैदा करने वालों के लिए जेल और जहन्नुम के रास्ते खुले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते करीब दस वर्ष में उन्होंने माफिया का सफाया करने के साथ ही मच्छरजनित बीमारी इंसेफेलाइटिस का भी समाधान कर दिया गया। सीएम योगी ने याद दिलाया कि 2017 के पूर्व इंसेफेलाइटिस की त्रासदी के कारण गोरखपुर सहित पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में दहशत का माहौल रहता था। इंसेफेलाइटिस की बीमारी 1977 से चली आ रही थी। पर इस दौरान दूसरे दलों की सरकारों ने समाधान पर ध्यान नहीं दिया। इंसेफेलाइटिस को लेकर उन सरकारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती थी।

मिट्टी में

सरकार के खजाने से 900-1000 करोड़ खर्च करके इस सेंटर को एक प्राइवेट कंपनी को देना चाहते थे, जिसमें अखिलेश, डिंपल व धर्मेंद्र यादव शामिल थे। मुख्यमंत्री शनिवार को सलेमपुर व भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 305 करोड़ की 80 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बाबा दुग्धेश्वर नाथ की धरा पर उमड़े जनसमुद्र का अभिनंदन किया और 2017 के पहले की दुर्दशा और इसके बाद आए सकारात्मक बदलावों को भी बताया। सीएम ने कहा कि अब यूपी को कोई बीमारू नहीं कहता। अब देश-दुनिया वालों के चेहरे की चमक बताती है कि वे यूपी के नाम पर खुश हैं। वे कहते हैं कि काश, मेरा भी जन्म यूपी में हुआ होता, हम भी रामराज्य का अनुभव करते। माफिया मिट्टी में मिल गए। व्यापारी व बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की एकमात्र जगह जेल है या जहन्नुम। सीएम ने जिनकी इच्छाशक्ति मर चुकी है, उनसे क्या ही उम्मीद रखना। जब कोई मुख्यमंत्री 16-18 घंटे मेहनत करेगा, तब सुरक्षा और परिवर्तन ला पाएगा। विधायकों से मांगे गए प्रस्तावों को हम तत्काल स्वीकृति देते हैं। सभाकुंवर जी के प्रस्ताव पर फ्लाईओवर को स्वीकृति दी। दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई है। सपा मंदिरों के सौंदर्यीकरण का पैसा कब्रिस्तानों पर बहाती थी।

किसी भी बाढ़

से गांव प्रभावित हैं, उनका निरीक्षण कर आपके बीच आया हूं। योगी ने कहा हम लगातार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के संपर्क में हैं और वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को समस्या न हो। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अधिक बारिश के कारण प्रदेश के 26 जिलों में कम या ज्यादा बाढ़ आई है। इससे एक लाख 71 हजार से अधिक लोग और 251 गांव प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत कार्यों में तेजी लाई गई है। अब तक एक हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित बाढ़ शरणालयों में रखा गया है और 447 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। हर जिले में राहत केंद्र बनाए गए हैं, जहां भोजन और राहत किट वितरित की जा रही है। राहत किट का ब्योरा देते हुए उन्होंने कहा कि हर पीड़ित परिवार को 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, दो किलो अरहर दाल, दो किलो चना, दो किलो भुना चना, एक किलो चीनी, 10 पैकेट बिस्कुट, माचिस, मोमबत्ती, नहाने के दो साबुन और एक तिरपाल दिया जा रहा है।

पांच साल से

से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर निस्तारित किया जाए। धारा 33 के अविवादित वरासत के मामलों को मिशन मोड में निस्तारित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा फील्ड में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनहित के विभिन्न विषयों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जनता दर्शन और आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपरक निस्तारण पर जोर दिया। कहा कि शिकायत का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शिकायतकर्ता की वास्तविक समस्या का समाधान होना चाहिए। समीक्षा में शिकायतों के गलत तरीके से निस्तारण के मामले सामने आने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई।

सीएनजी के

रुपये प्रति किलोग्राम, गाजियाबाद में 95.59 रुपये प्रति किलोग्राम और गुरुग्राम में 92.01 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वैट जैसे स्थानीय करों के आधार पर दरें अलग-अलग राज्यों में अलग होती हैं। दिल्ली में घरेलू रसोई में खाना पकाने के लिए पाइप के जरिए पहुंचाई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की कीमत 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) पर अपरिवर्तित बनी हुई है। आईजीएल ने कहा कि जुलाई से वैश्विक एलएनजी की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं क्योंकि नए सिरे से उभरे संकट ने इस रणनीतिक जलमार्ग के जरिए एलएनजी कार्गो की आवाजाही को प्रभावित किया है।

नेपाल : अब तक

बरामद किए हैं। इसके अनुसार, इसी तरह, धादिंग जिले से 49, नुवाकोट से 41, तनहूं से 31 और रसुवा जिले से 13 शव बरामद किए गए हैं। शनिवार तक 2,400 से अधिक लोग लापता थे। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के अनुसार नेपाल में बचाव दलों ने शनिवार को अभियान के चौथे दिन लगभग 2,500 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। बचाव अभियान के लिए 11,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है, जिनमें 5,000 से अधिक नेपाली सेना के जवान शामिल हैं।

चित्रकूट में

खंभे के पास नदी में तीन शव दिखाई दिए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों की पहचान कराने के प्रयास शुरू किए। वहीं गोरगी बांध के टूटने की सूचना के बाद प्रशासन और राहत-बचाव दलों की सक्रियता बढ़ गई है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के जलस्तर में अचानक तेज बढ़ोतरी से रामघाट क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए। नदी करीब 30 फीट उफान पर होने की बात सामने आ रही है। पानी तेजी से निचले इलाकों में पहुंचा, जिससे घाट और आसपास के क्षेत्र प्रभावित हुए रामघाट का करीब 300 मीटर लंबा पुल बाढ़ के तेज बहाव की चपेट में आने से बहने की सूचना है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित हुआ है और दोनों ओर से आने-जाने वाले लोगों के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। बाढ़ का पानी भरत घाट क्षेत्र में भी पहुंच गया। यहां एक दो मंजिला मकान पानी में डूबने की स्थिति में पहुंच गया।

उत्तराखंड में

प्रदेश में ही आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सीएम धामी ने कहा कि लंबे समय से उत्तराखंड के खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय खेल शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता था। क्रीड़ा विश्वविद्यालय इस आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यहां खिलाड़ियों को उनकी क्षमता के अनुरूप प्रशिक्षण और खेल शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रतिभाओं की पहचान शुरूआती स्तर पर करने और उन्हें चरणबद्ध तरीके से राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर जोर दिया जाएगा। इससे प्रदेश में खेलों के लिए एक ऐसा वातावरण तैयार होगा, जहां प्रतिभा को अवसर और मेहनत को उचित मंच मिल सके।

बस यात्रा

के लिए विशेष स्मार्ट कार्ड जारी



थाईलैंड पर जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

महिला टी20 एशिया कप में भारत सबसे दबदबा बनाने वाली टीम रही

एजेंसी



दुबई। ऐसे समय में जबकि टीम की फॉर्म और निरंतरता पर सवाल उठ रहे हैं तब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को यहां महिला टी20 एशिया कप ग्रुप ए के अपने पहले मैच में थाईलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। पिछले एक दशक में महिला टी20 एशिया कप में भारत सबसे दबदबा बनाने वाली टीम रही है। उसने 2016-17 से इस टूर्नामेंट के टी20 प्रारूप के पांच संस्करणों में तीन बार खिताब जीता है लेकिन हाल में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारत ने इस साल खेले गए 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से नौ मैच हारे हैं। उसको आखिरी हार हाल में महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से मिली थी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी।

ऐसे समय में जबकि कप्तान हरमनप्रीत के खुद की फॉर्म और सबसे छोटे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं तब भारत एशिया के दो प्रमुख टूर्नामेंट में खेलने की तैयारी कर रहा है। एशिया कप के तुरंत बाद जापान में एशियाई खेल होंगे। इन दोनों प्रतियोगिताओं में भारत खिताब के मजबूत दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। भारत को आठ टीमों वाली महिला टी20 एशिया कप में थाईलैंड, हांगकांग और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। हरमनप्रीत ने महिला टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता का अभाव है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। एशिया कप और एशियाई खेलों के लिए भरोसेमंद बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स के बाहर होने के बाद भारत ने अपनी टीम में प्रतिका रावल को शामिल किया है, लेकिन टीम को मध्य क्रम में जेमिमा की कमी खलेगी। भारत के पास स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी है लेकिन तीसरे नंबर और उसके बाद के बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती लय को बनाए रखना और स्कोरबोर्ड को गति प्रदान करना होगा। पिछली बार जब भारत इस प्रारूप में खेला था तब खराब फील्डिंग बड़ी चिंता का विषय था।

भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े जो उसकी हार का प्रमुख कारण भी रहा। भारत को अगर एशिया कप और एशियाई खेलों में अपना दबदबा बरकरार रखना है तो उसे अपनी फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। गेंदबाजी में भारत की तरफ से स्पिन आक्रमण की अगुवाई अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा करेगी। इस विभाग में भारत के पास टी20 विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली श्री चरणी, राधा यादव और प्रेमा रावत शामिल हैं। भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी मजबूत नजर आ रहा है,

जिसमें अनुभवी रेणुका सिंह ठाकुर के साथ क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी और नंदनी शर्मा जैसी गेंदबाज शामिल हैं। जहां तक थाईलैंड का सवाल है तो वह हांगकांग के खिलाफ पहले मैच में मिली जीत से उत्साहित होगा। थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 120 रन बनाए और फिर हांगकांग को सात विकेट पर 114 रन पर रोक दिया। थाईलैंड की कप्तान नारुएमोल चाईवाई (43) ने बल्लेबाजी में अहम योगदान दिया जबकि ओन्निचा कामचोम्फू ने तीन और फनिता माया ने दो विकेट लेकर गेंदबाजी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच भारतीय समयानुसार रात 8:00 बजे शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर वैभव सूर्यवंशी भले ही दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में अपनी टीम की एकमात्र पारी में बल्लेबाजी में कुछ खास योगदान नहीं दे पाए लेकिन उन्होंने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए दो अहम विकेट चटकाए जिसकी मदद से पूर्वी क्षेत्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को पारी और 210 रन से करारी शिकस्त दी। पूर्वी क्षेत्र की पहली और एकमात्र पारी में सभी की नजरें युवा बल्लेबाजी सनसनी सूर्यवंशी पर थीं, लेकिन बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने महज आठ रन बनाए। इसके बाद पूर्वी क्षेत्र ने 467 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह स्कोर मैच पर दबदबा बनाने के लिए पर्याप्त था, लेकिन पूर्वोत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों के विकेट जल्दी नहीं गिरने पर पूर्वी क्षेत्र के कप्तान इशान किशन ने बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज सूर्यवंशी को गेंद थमा दी।

बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा, अगर आप किसी बल्लेबाज से पूछेंगे तो उसे गेंदबाजी करना भी पसंद होता है और गेंदबाज को बल्लेबाजी करना पसंद होता है। दोनों को एक-दूसरे की भूमिका निभाना काफी पसंद है। पूर्वोत्तर क्षेत्र की दूसरी पारी में तीन ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लेने वाले सूर्यवंशी ने कहा, विपक्षी टीम के विकेट नहीं गिर रहे थे और मुझे दो-तीन ओवर गेंदबाजी करने के लिए कहा गया। इशान भैया को लगा कि मुझे गेंदबाजी देना थोड़ा जोखिम भरा है, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि मैं विकेट लेने वाला गेंदबाज हूं। सूर्यवंशी ने किशन लिंगदोह (25) और इम्लीवती लेमटूर (04) को आउट किया। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय विकेट लेने से ज्यादा खुशी एक बल्लेबाज के लिए और कुछ नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में सिर्फ यही था कि अगर मैं यहां पांच विकेट भी ले लूं, तो मुझे केवल तीन ओवर ही गेंदबाजी करनी है।

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल : उत्तर व दक्षिण क्षेत्र, मध्य और पूर्व क्षेत्र के बीच कड़े मुकाबले की संभावना



बेंगलुरु। मौजूदा चैंपियन मध्य क्षेत्र रविवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में आत्मविश्वास से भरी पूर्वी क्षेत्र का सामना करेगा जबकि उत्तर क्षेत्र और पिछले साल की उपविजेता दक्षिण क्षेत्र के बीच भी रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। उत्तर और पूर्व क्षेत्र की टीम क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल करके आगे बढ़ी हैं जबकि मध्य और दक्षिणी क्षेत्र को सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश मिला था। पूर्वी क्षेत्र ने क्वार्टर फाइनल में उत्तर पूर्वी क्षेत्र को करारी शिकस्त दी थी जबकि उत्तर क्षेत्र में पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक की शानदार गेंदबाजी की बदौलत रोमांचक जीत हासिल की थी।

लगातार दूसरे साल रजत पाटीदार की कप्तानी में खेल रहे मध्य क्षेत्र और तिलक वर्मा की अगुवाई वाली दक्षिण क्षेत्र को टूर्नामेंट में एक भी मैच न खेलने के बावजूद शानदार शुरुआत करनी होगी। मध्य क्षेत्र में पिछले साल ट्रॉफी जीतने वाली टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है। पाटीदार आईपीएल और एमपी टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद टूर्नामेंट में उतर रहे हैं, जबकि उप-कप्तान रिंकू सिंह के रूप में उसके पास मध्य क्रम में एक और मजबूत खिलाड़ी है। मध्य क्षेत्र का मजबूत पक्ष उसकी गेंदबाजी हो सकती है। श्रीलंका के खिलाफ ड्रॉ रहे दूसरे टेस्ट में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले सारांश जैन और अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में वनडे मैचों में खेलने वाले हर्ष दुबे बेहतरीन स्पिन जोड़ी हैं।

यश ठाकुर और जीशान अंसारी तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व क्षेत्र की टीम अपनी लय को बरकरार रखना चाहेगी, जिसमें युवा वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर आकर्षण का केंद्र होंगे। क्वार्टरफाइनल में पूर्व क्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर पूर्वी क्षेत्र को पारी और 210 रन से करारी शिकस्त दी थी। इस मैच में बंगाल के सुदीप घरामी और शाहबाज अहमद ने शतक जड़े थे। कप्तान ईशान किशन, युवा सनसनी सूर्यवंशी और अनुभवी अभिमन्यु ईश्वरन भी इस मैच में बड़ी पारियां खेलने की कोशिश करेंगे। शाहबाज ने चार विकेट लेकर गेंदबाजी में भी अहम योगदान दिया था। उनके अलावा अनुकूल रॉय ने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए और अभिजीत सरकार ने मैच में छह विकेट हासिल किए। उत्तर क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र के बीच होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में दोनों टीम का पलड़ा लगभग समान नजर आता है। दक्षिण क्षेत्र के पास कप्तान तिलक वर्मा, रिकी भुई, नारायण जगदीसन और करुण नायर जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं। दक्षिण क्षेत्र की गेंदबाजी की बात करें तो श्रेयस गोपाल और बाएं हाथ के स्पिनर तनाय त्यागराजन गेंदबाजी आक्रमण में विविधता लाते हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में उसका दारोमदार विद्युत कावेरप्पा पर रहेगा। उत्तर क्षेत्र की टीम पश्चिम क्षेत्र को 52 रन से हराकर इस मुकाबले में उतरेंगी।

उसकी टीम के चयन को लेकर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि रणजी ट्रॉफी में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी सनत सांगवान पर यश ढुल को प्राथमिकता दी गई है। ढुल पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ संघर्ष करते हुए नजर आए तथा केवल नौ रन और शून्य पर आउट हो गए, जबकि सांगवान बेंच पर बैठे मैच देखते रहे। सांगवान को इस मैच में अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। उत्तर क्षेत्र अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में भी फेरबदल कर सकता है, जिसमें सुनील कुमार की जगह भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को मौका दिया जा सकता है। गुरनूर ने श्रीलंका ए के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में भी उनका प्रदर्शन उत्साहजनक रहा था। बल्लेबाजी ने उत्तर क्षेत्र की तरफ से उप कप्तान आयुष बडोनी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

संक्षेप

वेलावन सेंथिलकुमार ने बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश जीता

बुडापेस्ट। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में बालाज़ फ़रकास को हराकर हंगरी की राजधानी में खेले गए बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश के रूप में अपना पहला पीएसए कॉपर-लेवल का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज और आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने 43,500 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी फरकास को 11-4, 11-2, 11-3 से हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। यह दोनों खिलाड़ी तीसरी बार आमने-सामने थे।

प्रणवी ओपन के कट में जगह बनाने वाली इकलौती भारतीय

किल्डारे (आयरलैंड)। भारत की युवा गोल्फर प्रणवी उर्स प्रतिष्ठित केपीएमजी विमेंस आयरिश ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेल संयुक्त आठवें पायदान पर पहुंच गयी। प्राणवी कट में प्रवेश करने वाली इकलौती भारतीय है। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका की कैसांद्रा एलेक्जेंडर से 10 शॉट पीछे हैं। प्रणवी ने तीन बर्डी के मुकाबले तीन बोगी किये लेकिन 10वें होल में ईगल लगाने के कारण वह दो अंडर का कार्ड खेलने में सफल रही। ओलंपियन दीक्षा डागर बेहद मामूली अंतर से सप्ताहांत दौर में जगह बनाने से चूक गईं। उन्होंने 74 और 71 के राउंड खेले और संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर रहीं।

गोलकीपर सविता-बिछू का तालमेल सराहनीय : ब्लाक

एम्स्टेलवीन। नीदरलैंड के दिग्गज गोलकीपर पिरमिन ब्लाक अनुभवी सविता पूनिया और बिछू देवी के बीच तालमेल और प्रतिद्वंद्विता के बजाय एक-दूसरे की मदद करने की भावना की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय महिला गोलकीपिंग में सुचारू बदलाव सुनिश्चित हो सकता है जबकि पुरुष टीम के साथ ऐसा नहीं है जिसे पीआर श्रीजेश की कमी खल रही है। नीदरलैंड की पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य रहे 38 वर्षीय ब्लाक का मानना है कि भारत के युवा पुरुष गोलकीपरों में अभी तक टीम को अगले स्तर तक ले जाने के लिए जरूरी गुणवत्ता की कमी नजर आ रही है। ब्लाक ने भाषा से साक्षात्कार में कहा, मैंने पुरुष टीम का मैच भी देखा।

नीरज चोपड़ा एशियाई खेलों से बाहर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के एशियाई खेलों में एथलेटिक्स के अभियान को करारा झटका लगा है क्योंकि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार को घोषणा की कि अभ्यास के दौरान उनके टखने के लिगामेंट में चोट लगने के कारण वह 2026 के बाकी सत्र में नहीं खेल पाएंगे। चोपड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लुसाने डायमंड लीग में सत्र का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के कुछ ही समय बाद उन्हें चोट लगी। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, कड़ी मेहनत के बाद मुझे लग रहा था कि मैं आखिरकार अच्छी लय हासिल कर रहा हूं, जिसकी मुझे तलाश थी और लुसाने में मैंने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, दुर्भाज्ञ से कुछ समय बाद ही अभ्यास के दौरान मेरे टखने का लिगामेंट फट गया। अपने डॉक्टर और टीम से सलाह मशविरा करने के बाद हमने फैसला किया है कि मैं इस सत्र में आगे नहीं खेल पाऊंगा। भाला फेंक के 28 वर्षीय दिग्गज ने कहा कि यह निराशाजनक है क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वह अपनी लय हासिल करने के करीब थे, लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि उनका तत्काल ध्यान पूरी तरह फिट होने पर होगा।

चोपड़ा ने कहा, अब मेरा ध्यान पूरी तरह से फिट होने और पहले से भी अधिक मजबूत होकर वापसी करने पर है। भले ही उनका ध्यान पूरी तरह से फिट होने पर है लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि चोट से पूरी तरह उबरने के बाद वह प्रतियोगिता में वापसी करने का इरादा रखते हैं। चोपड़ा ने कहा, यह निराशाजनक है, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे लग रहा था कि मैं अपनी लय पाने के करीब था। लेकिन जैसा कि कहते हैं, उतार-चढ़ाव तो जीवन का हिस्सा होते हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए आभार। चोपड़ा के इस सत्र से हटने का मतलब यह भी है कि वह पांच सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे, जिसके लिए उन्होंने क्वालीफाई कर लिया था। चोपड़ा का नाम वापस लेना एशियाई खेलों में भारत के लिए एक बड़ा झटका है, जहां उनसे स्वर्ण पदक की उम्मीद की जा रही थी।

टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता को सत्र के दूसरे भाग में चुनौतीपूर्ण दौर से गुजरना पड़ा था, लेकिन लुसाने में उनके प्रदर्शन ने यह संकेत दिया कि वह अपनी लय फिर से हासिल कर रहे हैं। चोपड़ा पिछले कुछ वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था।

बायर्न म्यूनिख और मैनचेस्टर सिटी की धमाकेदार शुरुआत

म्यूनिख। बायर्न म्यूनिख और मैनचेस्टर सिटी ने अपनी राष्ट्रीय फुटबाल लीग में बड़ी जीत हासिल करके अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। जर्मनी की बुंडेसलीगा में मौजूदा चैंपियन बायर्न म्यूनिख ने लीग में हमेशा की तरह दबदबा बनाए रखते हुए घरेलू मैदान पर स्टटगार्ट के खिलाफ 5-1 से जीत हासिल की। बायर्न म्यूनिख बुंडेसलीगा में पिछले 15 वर्षों से सत्र का अपना पहला मैच नहीं हारा है। इंग्लैंड में प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर सिटी ने क्रिस्टल पैलेस को 4-1 से हराया। इस मैच में एर्लिंग हालैंड और रायन चेर्की ने दो-दो गोल किए। फ्रांस की लीग। के मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को लिली के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलने के लिए स्टॉपेज टाइम में दो गोल की जरूरत पड़ी। फ्रांसीसी और यूरोपीय चैंपियन पीएसजी ने इससे पहले पिछले सप्ताह रेनेस के खिलाफ भी पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-2 से ड्रॉ खेला था। इटली की लीग सीरी ए में एसी मिलान ने वेनेज़िया को 2-0 से पराजित किया।

यूएस ओपन में खिताबी हैट्रिक बनाने उतरेगी सबालेंका

एजेंसी

न्यूयॉर्क। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका हाल की खराब फॉर्म के बावजूद रविवार से यहां शुरू होने वाले यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सबालेंका पिछले कुछ टूर्नामेंटों में चौथे दौर से आगे भी नहीं बढ़ पाई हैं जिसे देखते हुए वह सेरेना विलियम्स (2012-14) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए शायद ही तैयार दिखती हैं। लेकिन सबालेंका चिंतित नहीं लग रही हैं। वह तो विद्रोही लग रही हैं। जो लोग यह जानना चाहते थे कि उनके खेल में क्या खराबी है, उनके जवाब में उन्होंने कहा, शायद लोगों में ही कुछ खराबी है।

सबालेंका ने साल की अच्छी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलेना रायबाकिना से हारने के बाद उन्होंने इंडियन वेल्स और मियामी में लगातार दो हार्ड कोर्ट खिताब जीते। विंबलडन में चौथे दौर में नाओमी ओसाका से हारने के बावजूद माना जा रहा था कि वह जल्द ही अपनी पुरानी फॉर्म में लौट आएंगी, क्योंकि हार्ड कोर्ट उनकी पसंदीदा सतह रही है।

शुभंकर ने ब्रिटिश मास्टर्स के कट में किया प्रवेश

बेलफ्राई (इंग्लैंड)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा चुनौतीपूर्ण मौसम और लगातार बारिश के बीच हुस्कार्ना ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दो दौर में 69 और 71 का कार्ड खेल कर आसानी से कट में प्रवेश करने में सफल रहे। शुभंकर का कुल स्कोर चार अंडर है और वह संयुक्त 13वें स्थान पर है। शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगायी। प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू के लिए यह सप्ताह निराशाजनक रहा। उन्होंने 71 और 77 के कार्ड खेले और कट में प्रवेश करने से चूक गये। प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू के लिए यह सप्ताह निराशाजनक रहा।

विश्व कप : भारतीय पुरुष हॉकी टीम आठवें स्थान पर



एजेंसी

वॉवरे (बेल्जियम)। आखिरी सीटी बजने से 26 सेकंड पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने स्कोर 3 -3 से बराबर करके शुक्रवार को सह मेजबान बेल्जियम के खिलाफ विश्व कप के मुकाबले को शूटआउट में खींच दिया जिसमें बेल्जियम के 4 -3 से जीतने के बाद भारत आठवें स्थान पर रहा।

दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने आखिरी मिनट तक 3 -2 से बढ़त बना ली थी लेकिन 26 सेकंड बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर गोल करने में हरमनप्रीत ने कोई चूक नहीं की। यह इस विश्व कप में उनका आठवां गोल था। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक ने गोल किये जबकि हरमनप्रीत और सुखजीत सिंह के निशाने चूके। वहीं बेल्जियम के लिये टॉम बून, आर्थर डि स्लूवेर, अलेक्जेंडर हेंडरिक्स और रोमन डुवेकोट ने गोल दागे जबकि विक्टर फूबर्ट का निशाना नहीं लगा।

अपने सारे मैच नीदरलैंड में खेलने वाली भारतीय टीम ने ठंडी हवाओं के बीच अच्छी खासी तादाद में यहां बेल्फियस हॉकी एरेना में जमा घरेलू समर्थकों के सामने पहले बढत बनाई लेकिन दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के सामने उस लय को कायम नहीं रख सकी। एम्स्टेलवीन में बृहस्पतिवार को भारतीय महिला टीम के जर्मनी को हराकर पांचवां स्थान हासिल करने के बाद हरमनप्रीत सिंह की टीम से भी जीत के साथ विदाई की उम्मीद थी लेकिन एक बार फिर लचर डिफेंस का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। इससे पहले शुरूआती क्वार्टर के आखिर में मैदान पर गोलकीपर के अलावा 11 खिलाड़ियों के होने से भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को पीला कार्ड मिला जिससे उन्हें पांच मिनट बाहर बैठना पड़ा। भारत के लिये छठे मिनट में अभिषेक ने फील्ड गोल किया जबकि हरमनप्रीत ने 31वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया।

महिला जूनियर एशिया कप : भारत का पहला मुकाबला कोरिया से

नयी दिल्ली। मिडफील्डर खैदेम शिलेमा चानू की अगुवाई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम चार से 13 सितंबर तक चीन के मोकी में होने वाले एएचएफ महिला जूनियर एशिया कप में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। नवनियुक्त कोच टिम व्हाइट के नेतृत्व में 18 सदस्यीय टीम ने इसके लिए अच्छी तैयारी की है। इसके तहत भारतीय टीम ने इस साल ब्रिटेन का दौरा भी किया था। भारत को इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और मलेशिया के साथ एलीट पूल में रखा गया है। व्हाइट ने कहा कि बेंगलुरु में टीम ने अच्छी तैयारी की है और उन्हें टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। व्हाइट ने कहा, टीम एशिया कप में खेलने के लिए काफी उत्साहित है। हमारी तैयारी अच्छी रही है, जिसमें भारत ए टीम के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच भी शामिल हैं, जो चार मैचों के लिए बेंगलुरु आई थी। हमें अपनी रणनीति पर पूरा विश्वास है। हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ इसे आजमाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। भारत जूनियर एशिया कप में दक्षिण कोरिया का सामना करने के बाद छह सितंबर को मलेशिया, आठ सितंबर को जापान और नौ सितंबर को मेजबान चीन से भिड़ेगा।



वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल पर होगा अमेरिकी नियंत्रण

अमेरिका ने किया है दुनिया के इतिहास का सबसे बड़ा तेल सौदा : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश ने वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल भंडार पर नियंत्रण हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस समझौते के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बातचीत की थी। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, अमेरिका ने अभी-अभी वेनेजुएला के साथ एक समझौता किया है जो दुनिया के इतिहास का सबसे बड़ा तेल सौदा है। वेनेजुएला सरकार के प्रेस कार्यालय से संपर्क किया गया लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

ट्रंप के निर्देश पर अमेरिकी सेना द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़कर अमेरिका लाने और उन पर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े संघीय आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए की गई कार्वाई के करीब नौ महीने बाद इस समझौते की घोषणा हुई है। ट्रंप ने शुक्रवार शाम सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में संकेत दिया कि वेनेजुएला के साथ हुआ यह समझौता एक निजी साझेदारी का



हिस्सा है। व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने इस सौदे में शामिल निजी क्षेत्र के साझेदारों के बारे में टिप्पणी के अनुरोध पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। साथ ही, यह व्यवस्था किस तरह काम करेगी, इसके बारे में भी कोई विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि यह समझौता वेनेजुएला में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निजी निवेश का रास्ता खोलेगा और अमेरिका में गैस की कीमतों में कमी लाएगा।

पश्चिम एशिया स्थित अमेरिकी दूतावासों में लौटने लगे राजनयिक और उनके परिजन

वाशिंगटन। ईरान के साथ युद्ध के शुरुआती दिनों में पश्चिम एशिया स्थित अमेरिकी दूतावासों से हटाए गए राजनयिक और उनके कुछ परिजन अब धीरे-धीरे वापस जाना शुरू हो गए हैं। हालांकि, अधिकांश दूतावासों में अभी पूरी क्षमता के साथ कामकाज शुरू नहीं होगा लेकिन इस सप्ताह से अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कर्मचारियों की संख्या और अन्य प्रतिबंधों में ढील देना शुरू कर दिया है। यह बदलाव ईरान के प्रति ट्रंप प्रशासन की नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं है। अमेरिका की नीति अब सैन्य कार्वाई के बजाय मुख्य रूप से आर्थिक मोर्चे पर केंद्रित है। यह बदलाव मुख्यतः मानव संसाधन से जुड़े नियमों की कानूनी बाध्यताओं के कारण किए गए हैं। नियमों के तहत राजनयिकों को वेतन और पारिवारिक भत्तों के साथ एक निश्चित अवधि से अधिक समय तक उनके पद से बाहर नहीं रखा जा सकता। ईरान के साथ युद्ध के छह महीने पूरे होने के बीच शुक्रवार को कतर, कुवैत और बहरीन स्थित अमेरिकी दूतावासों ने राजनयिकों के परिजनों को वापस लौटने की अनुमति देने की घोषणा की।

भारत में विनिर्माण कीजिये, दुनिया के लिए बनाइये : निर्मला सीतारमण



वाशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक निवेशकों को भारत में विनिर्माण आधार तथा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। वित्त मंत्री ने उनसे भारत की प्रतिभा और अवसरों का लाभ उठाकर दुनिया के लिए विनिर्माण करने का आग्रह किया। शिकागो में शुक्रवार को प्रमुख निवेशकों और व्यापारिक नेताओं के साथ एक उच्च स्तरीय बिजनेस गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए, सीतारमण ने भारत की व्यापक वृद्धि, सुधारों की गति और दीर्घकालिक निवेश के लिए बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का निवेश प्रस्ताव किसी एक क्षेत्र पर नहीं, बल्कि पिछले एक दशक में पैमाने, वृद्धि, प्रतिभा, बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और निरंतर सुधारों के संयोजन पर आधारित है। अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के सहयोग से शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित गोलमेज बैठक में उन्होंने कहा, नीतिगत माहौल व्यवसायों को निवेश करने, विनिर्माण करने, नवाचार करने और विस्तार करने में सक्षम बनाने पर तेजी से केंद्रित हो रहा है। वित्त मंत्री ने वैश्विक साझेदारों को सह-विकास, सह-उत्पादन और वैश्विक बाजारों के लिए विनिर्माण करने के लिए आमंत्रित किया।

सीतारमण ने कहा कि भारत को केवल सेवा प्रदान करने वाले बाजार के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा, विनिर्माण पैमाने और प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाकर दुनिया के लिए विनिर्माण करना चाहिए। बैठक का मुख्य विषय भारत में विनिर्माण - भारत के लिए और दुनिया के लिए था, जिसमें विनिर्माण, एआई और डिजिटल, वित्तीय सेवाएं, बुनियादी ढांचा, खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा और उन्नत प्रौद्योगिकियों के अवसर शामिल थे। सीतारमण ने कहा, जैसे-जैसे वैश्विक कंपनियां आपूर्ति शृंखलाओं और पूंजी आवंटन का पुनर्मूल्यांकन कर रही हैं।

नाइजर में सैनिकों ने तड़के तख्तापलट की कोशिश की : रक्षामंत्री

एजेंसी

नियामी। अफ्रीकी देश नाइजर में सैनिकों के एक समूह ने एक अहम सैन्य ठिकाने पर अधिकारियों के खिलाफ बगावत कर दी और राजधानी नियामी में संवेदनशील जगहों पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात शहर में लगातार गोलीबारी और धमाकों की आवाजें सुनी गईं।

ये आवाज़ें मुख्य हवाई अड्डे और प्लेटू प्रशासनिक जिले में सुनी गई। हवाई अड्डे पर ही बेस 101 नाम का सैन्य हवाई अड्डा भी है जबकि प्लेटू में राष्ट्रपति भवन तथा अहम संस्थान हैं। नाइजर की सत्ता पर 2023 में तख्ता पलट कर काबिज हुई सैन्य सरकार के लिए यह नयी चुनौती है। सैन्य सरकार के नेता अब्दौराहमाने त्चियानी के नेतृत्व में नाइजर ने पश्चिमी देशों के साथ अपने पुराने सुरक्षा सहयोग संबंधों को समाप्त कर दिया था और रूस का रुख किया।

हालांकि सैन्य सरकार को अब भी जिहादी विद्रोहियों के हमलों और मदद में कटौती के बाद खराब होती अर्थव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। नाइजर के रक्षा मंत्री जनरल सालिफू मोडी ने कहा कि अधिकारियों के हालात पर दोबारा काबू पाने से पहले, कुछ सैनिकों ने सैन्य अड्डे पर कुछ अधिकारियों को बंधक बना लिया और अनुशासन और सैन्य नियमों को तोड़ते हुए संवेदनशील जगहों पर गोलीबारी की। जिहादी विद्रोहियों ने इससे पहले इस साल दो बार डियोरी हमानी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थित सैन्य अड्डे को निशाना बनाने की कोशिश की थी। हवाई अड्डे और प्लेटू जिले के आस-पास सुरक्षा बल तैनात किए गए।

भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति लगातार बिगड़ रही : अमेरिकी आयोग

वाशिंगटन। अमेरिका के एक द्विदलीय आयोग ने गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की गतिविधियों पर पाबंदियों, सेंसरशिप और सीमापार दमन का हवाला देते हुए दावा किया है कि भारत में 2026 में भी धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने इस सप्ताह भारत पर अपनी अद्यतन रिपोर्ट में आरोप लगाया कि कई अल्पसंख्यक समूहों का लगातार और व्यवस्थित उत्पीड़न, नागरिकता एवं मतदान के अधिकार से वंचित किया जाना तथा धर्मांतरण और गोहत्या के खिलाफ कड़े कानूनों का इस्तेमाल धार्मिक स्वतंत्रता में बाधा डाल रहा है।

शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल में तारापीठ मंदिर में की पूजा-अर्चना

रामपुरहाट। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के सकारात्मक नजरिए ने पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार की नकारात्मकता की जगह ले ली है। वह बीरभूम जिले के रामपुरहाट में शनिवार को तारापीठ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली सरकार का हर मुद्दे पर जवाब नहीं में होता था, और हमारी सरकार का मंत्र हां है। इस सरकार के सकारात्मक नजरिए ने तृणमूल कांग्रेस सरकार की नकारात्मकता की जगह ले ली है। उन्होंने कहा कि तारापीठ मंदिर में मनाये जाने वाले सबसे बड़े सालाना त्योहार कौशिकी अमावस्या के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जाएंगे, क्योंकि इस मौके पर राज्य और देश के साथ-साथ दूसरे देशों से भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं। उन्होंने कहा, यह सरकार मां तारा के आशीर्वाद से बनी है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कौशिकी अमावस्या त्योहार के लिए सभी ज़रूरी इंतज़ाम किए जाएं। यह त्योहार 10 और 11 सितंबर की दरम्यानी रात को मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले ही श्रावणी मेले और रथ यात्रा समारोहों के लिए उचित इंतजाम सुनिश्चित किए थे। सुबह मंदिर के दौरे के दौरान, अधिकारी ने इस प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर पुजारियों के मंत्रोच्चार के बीच पुष्पांजलि अर्पित की। अधिकारी ने कहा कि बीरभूम जिला शांतिनिकेतन, तारापीठ मंदिर और पारंपरिक बाउल गीतों के लिए मशहूर है तथा उसका हर संभव तरीके से विकास किया जाएगा।

दिल्ली सरकार ने जलभराव के प्रमुख स्थलों के निरीक्षण व शीघ्र समाधान के निर्देश दिये

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) वाले इलाकों में जलभराव वाले मुख्य स्थलों के गहन निरीक्षण के निर्देश दिए और सोमवार तक इसकी रिपोर्ट मांगी। इस सप्ताह के आरंभ में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली पुलिस एवं लोक निर्माण विभाग के साथ जलभराव की स्थिति की समीक्षा की और समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

एक सरकारी बयान में कहा गया है, बड़े अधिकारियों और अभियंताओं को कुछ खास जगहों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों से कहा गया है कि वे जलभमाव को रोकने के लिए पर्याप्त और पक्के इंतजाम सुनिश्चित करें तथा इस बारे में 31 अगस्त तक लोक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को विस्तृत रिपोर्ट सौंपें। अधिकारियों के अनुसार, 24-25 अगस्त को भारी बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव हो गया था, जिसके बाद उपराज्यपाल ने संबंधित एजेंसियों को ऐसे पक्के उपाय करने का निर्देश दिया, ताकि ऐसी स्थिति दोबारा पैदा न हो।

बयान में कहा गया है, दिल्ली यातायात पुलिस ने 20 अगस्त तक हुई बारिश के दौरान पानी जमा होने वाली 113 जगहों और 24 अगस्त को हुई बारिश के दौरान 26 और जगहों की पहचान की थी। ऐसी जगहों पर बार-बार पानी जमा होने की समस्या को देखते हुए, जमीनी स्तर पर खासतौर पर जांच करने की ज़रूरत है। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि क्या पीडब्ल्यूडी मौजूदा अवसंरचना और उपलब्ध संसाधनों के साथ कोई और लघुकालिक उपाय कर सकता है। लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार, कई जगहों पर निरीक्षण शुरू हो गया है।

यूक्रेन के कीव क्षेत्र में रूसी हमले में 37 लोगों की मौत

एजेंसी

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव के निकट बुचा जिले पर रूसी हमले में कम से कम 37 लोग मारे गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमूर टकाचेंको ने बताया कि हमले से भीषण आग लग गई, जो कई घरों एवं एक रेस्तरां तक फैल गई। उन्होंने कहा कि इस हमले में कम से कम 50 रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

एक बयान में, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि माइला गांव में एक गोदाम पर हमला हुआ, जिसके बाद धमाका हुआ। उन्होंने हमलास्थल के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन उसी संदेश में लिखा कि सरकारी लापरवाही के आरोपों पर आपराधिक कार्वाई शुरू कर दी गई है। ज़ेलेंस्की ने कहा, नियम बने हुए हैं गोला-बारूद को घरों या रिहायशी इलाकों के पास नहीं रखा जा सकता।

यूक्रेनी नेता ने लिखा कि बुजुर्ग-दिव्यांग देखभाल गृह और रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, 370 से ज़्यादा लोगों को पहले ही सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है और लोगों को निकालने का काम अब भी जारी है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने माइला में एक गोदाम पर हमला किया।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि उसने मायकोलाइव और इज़मेल के बंदरगाहों के साथ-साथ कीव इलाके में एक लॉजिस्टिक्स सेंटर और गोदाम पर भी हमला किया, जहां यूक्रेन की फ्लेमिंगो क्रूज़ मिसाइलों के कलपुर्जे रखे थे। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन इलाके में रूसी हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए।

उत्तर प्रदेश सरकार

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा
विकसित प्रमुख आवासीय योजनाएं

हनुमत विहार

26.643 हेक्टेअर में फैली यह टाउनशिप लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में 26.68 प्रतिशत विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय रू. 194.04 करोड़ है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से 230 आवंटियों को किया जा चुका है। एमवीडीए द्वारा इस योजना के तहत व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग और संस्थागत प्लॉटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।



गोविंद विहार

26.912 हेक्टेयर में फैली यह टाउनशिप लैंड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में 26.68 प्रतिशत विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय रू. 182.23 करोड़ है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से 121 आंवटियो को किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा इस योजना के तहत व्यवसायिक, ग्रुप हाउसिंग एवं संस्थागत प्लाटों के लिए आवेदनप षीघ्र आमंत्रित किए जायेंगे।



ग्रीनफील्ड टाउनशिप – रहीमपुर फरह

93.00 हेक्टेयर में फैली यह ग्रीनफील्ड टाउनशिप ग्राम रहीमपुर (फरह) में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक 48.9475 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है।

परियोजना की कुल लागत रू. 665.00 करोड़ है, जिसमें अवस्थापना, विकास एवं आधारभूत सुविधा सम्मिलित है।



ग्रीनफील्ड टाउनशिप – छाता

115.00 हेक्टेयर में प्रस्तावित यह टाउनशिप ग्राम छाता में विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक 64.5573 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत रू. 835.00 करोड़ है, जिसमें अवस्थापना विकास एवं आधारभूत सुविधाएं सम्मिलित हैं।

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com
Follow us on

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com